वर्ष 23, अंक 231, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज रविवार 15 सितम्बर 2024

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## हरियाणा के कुरुक्षेत्र में बोले पीएम मोदी

# 'कांग्रेस से बड़ी बेईमान और धोखेबाज पार्टी कोई दूसरी नहीं'

**कुरुक्षेत्र**

**हरियाणा** में विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीति गरम है. इस बीच कुरुक्षेत्र में चुनाव सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने अपनी सरकार के कामों को गिनाया. उन्होंने कहा कि हरियाणा में एक बार फिर बीजेपी की सरकार बनने जा रही है. उन्होंने कहा, "हरियाणा में एक बार फिर बीजेपी की हैट्रिक तय है. कुरुक्षेत्र आना मन को भर देता है."

पीएम मोदी ने कहा, "विकसित भारत बनाने के लिए हरियाणा का विकसित होना भी बहुत जरुरी है. हरियाणा की पावन धरती से मैं आप सभी से फिर एक बार बीजेपी सरकार बनाने का निवेदन करता हूं. हरियाणा के मुख्यमंत्री 24 घंटे कार्य करने के लिए समर्पित रहते हैं. कुरुक्षेत्र में आना, भारत की संस्कृति के तीर्थ का दर्शन करना मन को भर देता है. यहां गीता का ज्ञान है, यहां सरस्वती सभ्यता के निशान है,

ये गुरु गोविंद सिंह जी की छठी पातशाही की धरती है. यहां श्री गुरु गोविंद सिंह जी की चरण पड़े हैं."



### पीएम ने केंद्र सरकार के कामों को गिनाया

**पीएम** मोदी ने बोले, "मैंने कहा था कि इस बार बीजेपी सरकार के पहले 100 दिन बड़े फैसले के होंगे. गरीब, किसान, महिलाओं और युवाओं के मजबूत बनाने वाले होंगे. अभी 100 दिन पूरे भी नहीं हुए हैं, लेकिन हमारी सरकार ने करीब 15 लाख करोड़ रुपये के नए काम शुरू करवा दिए हैं."

केंद्र सरकार के कामों को गिनाते हुए पीएम मोदी ने कहा, "बीजेपी सरकार ने गरीबों के लिए तीन करोड़ पक्के घरों को भी मंजूर किया है. ये गरीब के सपनों का लॉन्चिंग पैड होगा. मैंने ये भी कहा था कि हम देश में तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का काम कर रहे हैं और बीते साल में 1 करोड़ लखपति दीदी बन चुकी हैं."

पीएम मोदी ने कहा, "हरियाणा का जो भी व्यक्ति मिलेगा वो कहता है कि हमारे मुख्यमंत्री तो विनम्रता के संबंध में हमारे हरियाणा का गौरव बढ़ा देते हैं।

झूठ बोलना कांग्रेस की आदत- पीएम मोदी

विपक्ष पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा, "देश की जनता से झूठे वादे करना देश की जनता से झूठ बोलना कांग्रेस की आदत है. कांग्रेस ने हिमाचल की हालत इतनी खराब कर दी है की समस्या बताए नहीं बन रही है."

पीएम मोदी ने कहा, "हमारे हरियाणा के लोग जुबान के बड़े पक्के होते हैं. एक बार जो वादा कर दिया... वो कर दिया. बीजेपी ने भी हरियाणा से यही सीखा है और मैंने तो हरियाणा की रोटी खाई है. बीजेपी जो कहती है, वो करके जरूर दिखाती है." उन्होंने कहा, "देश के बुजुर्गों को दी गई गारंटी... मोदी ने पूरी कर दी है

मैं हरियाणा के सभी भाइयों-बहनों से कहूंगा कि आप अपने बाल-बच्चों का ध्यान रखिए, आपके माता-पिता की चिंता आपका ये बेटा, आपका ये भाई कर रहा है।

# 'पाकिस्तान में भी होगा नाथपंथ का विस्तार'- सीएम योगी

## ज्ञानवापी ही साक्षात विश्वनाथ हैं - सीएम योगी

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश के चारों कोनों में आध्यात्मिक पीठों की स्थापना करने वाले आदि शंकर की काशी में की गई साधना के समय भगवान विश्वनाथ द्वारा ली गई परीक्षा के एक उद्धरण का उल्लेख करते हुए कहा कि दुर्भाग्य से आज जिस ज्ञानवापी को कुछ लोग मस्जिद कहते हैं वह ज्ञानवापी साक्षात विश्वनाथ जी ही हैं. महाराष्ट्र में संत ज्ञानेश्वर दास की परंपरा भी मत्स्येंद्रनाथ जी, गोरखनाथ जी और निवृत्तिनाथ जी की कड़ी है. महाराष्ट्र में रामचरितमानस की तर्ज पर नवनाथों की पाठ की परंपरा है. पंजाब, सिंध, त्रिपुरा, असम, बंगाल आदि राज्यों के साथ ही समूचे वृहत्तर भारत और नेपाल, बांग्लादेश, तिब्बत, अफगानिस्तान, पाकिस्तान समेत अनेक देशों में नाथपंथ का विस्तार देखने को मिलेगा. मुख्यमंत्री ने नाथपंथ की परंपरा से जुड़े चिह्नों के संरक्षण और उसे एक म्यूजियम के रूप में संग्रहित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि गोरखपुर विश्वविद्यालय के महायोगी गुरु गोरखनाथ शोधपीठ इस दिशा में पहल कर सकता है. उन्होंने शोधपीठ से अपील की कि वह नाथपंथ की इनसाइक्लोपीडिया में नाथपंथ से जुड़े सभी पहलुओं, नाथ



योगियों के चिह्नों को इकट्ठा करने का प्रयास करे. मुख्यमंत्री ने कहा कि देश, काल और परिस्थितियों के अनुरूप नाथपंथ ने अपनी भूमिका को सदैव समझा. जब देश बाहरी आक्रमण शुरू हो गए थे तब नाथपंथ के योगियों ने सारंगी वादन के जरिये समाज को देश पर आए खतरे के प्रति जागरूक किया. इसी तरह सामाजिक रूढ़ियों पर प्रहार करने में भी नाथपंथ अग्रणी रहा है. उन्होंने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि महायोगी गोरखनाथ जी ने गोरखपुर को अपनी साधना से पवित्र किया.

सीएम योगी दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में ह्यसमरस समाज के निर्माण में नाथ पंथ का अवदान विषयक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया. यह दो दिवसीय संगोष्ठी गोरखपुर विश्वविद्यालय और हिंदुस्तानी एकेडमी प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है. दीक्षा भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री एवं नाथपंथ की अध्यक्षीय पीठ, गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने संतों और ऋषियों की परंपरा को समाज और देश को जोड़ने वाली परंपरा बताते हुए।

प्रधानमंत्री आवास में प्रिय गौ माता ने एक नव वत्सा को जन्म दिया है, जिसके मस्तक पर ज्योति का चिह्न है।



## मोदी सरकार ने बासमती चावल से न्यूनतम निर्यात शुल्क को हटाने का निर्णय लिया : चौहान

**नई दिल्ली**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसान हितैषी हैं। कृषि व किसान कल्याण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मोदी सरकार ने किसानों के हित में कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं जिसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद। उन्होंने कहा कि किसान हितैषी मोदी सरकार ने किसानों के हित में निर्णय लेते हुए खाद्य तेलों के आयात शुल्क को 0% से बढ़ाकर 20% कर दिया है। अन्य उपकरणों को जोड़ने पर कुल प्रभावी शुल्क 27.5% हो जाएगा। इस कदम से सभी तिलहन किसानों खासतौर से सोयाबीन और मूँगफली के किसानों को अच्छे भाव मिलेंगे जिनकी फसल अभी बाजार में आने वाली है।

साथ ही रबी में तिलहन की बुवाई में बढ़ोतरी होगी और सरसों की फसल के भी अच्छे दाम मिल पायेंगे।

## हिंदी दिवस का दिन राजभाषा को संपर्क, जन, तकनीक और अब अंतर्राष्ट्रीय भाषा बनाने का दिन है

# आने वाला समय भारत की भाषाओं का समय है- शाह

**नई दिल्ली**

**केन्द्रीय** गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में राजभाषा हीरक जयंती समारोह और चतुर्थ अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन को संबोधित किया। गृह मंत्री ने राजभाषा हीरक जयंती के अवसर पर विशेष रूप से तैयार किए गए राजभाषा भारती पत्रिका के हीरक जयंती विशेषांक का लोकार्पण किया। अमित शाह ने हीरक जयंती को यादगार बनाने के लिए एक स्मारक डाक टिकट और स्मारक सिक्के का लोकार्पण भी किया। गृह मंत्री ने राजभाषा गौरव



तथा राजभाषा कीर्ति पुरस्कार भी प्रदान किए। इस अवसर पर गृह एवं सहकारिता मंत्री ने भारतीय भाषा अनुभाग का भी शुभारंभ किया।

अपने संबोधन में अमित शाह ने कहा कि पिछले 75 साल की यात्रा हिन्दी को राजभाषा के रूप में स्वीकार कर इसके माध्यम से देश की सभी स्थानीय भाषाओं को जोड़ते हुए अपने संस्कार, संस्कृति, भाषाओं, साहित्य, कला और व्याकरण को संरक्षित और संवर्धित करने की यात्रा रही है। उन्होंने कहा कि हिंदी की 75 वर्षों की यह यात्रा अब अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने के अंतिम पड़ाव पर खड़ी है और आज का दिन हिंदी को संपर्क, जन भाषा, तकनीक और अंतर्राष्ट्रीय भाषा बनाने का दिन है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आज भारतीय भाषा अनुभाग का शुभारंभ हुआ है और हम सब जिस छोटे से बीज के बोए जाने के साक्षी बने हैं, वह आने वाले वर्षों में एक वटवृक्ष बन कर हमारी भाषाओं की सुरक्षा का केन्द्र बनेगा। भारतीय भाषा अनुभाग राजभाषा विभाग का पूरक अनुभाग बनेगा।

# राज्यों के साथ मजबूत साझेदारी के जरिए आर्थिक विकास को बढ़ाएगी सरकार : पीयूष

**मुंबई। केंद्रीय** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने राज्य सरकारों के साथ मजबूत साझेदारी के माध्यम से आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता जताई। पुनर्गठित व्यापार बोर्ड की तीसरी बैठक की अध्यक्षता करते हुए केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार की पहल भारत को अधिक पारदर्शी, कुशल और टिकाऊ व्यापार वातावरण की ओर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इससे देश की



अर्थव्यवस्था को लाभ होगा। उन्होंने वाणिज्य विभाग का जनसुनवाई पोर्टल भी लॉन्च किया। यह हितधारकों और अधिकारियों के बीच संचार को सुव्यवस्थित करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह व्यापार और उद्योग से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए एक सीधा और पारदर्शी चैनल प्रदान करता है। पोर्टल नियमित, निर्धारित बातचीत के लिए निश्चित वीडियो कॉन्फ्रेंस लिंक के अलावा, ऑन-डिमांड वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सेवाएं प्रदान करता है। मंत्रालय के अनुसार, पोर्टल की पहुंच वाणिज्य विभाग के अंतर्गत विभिन्न कार्यालयों और स्वायत्त निकायों जैसे डीजीएफटी, कॉफी बोर्ड, चाय बोर्ड, मसाला बोर्ड, रबर बोर्ड, एपीडा, एमपीईडीए, आईटीपीओ और ईआईसी तक फैली हुई है।

## मंगेश यादव एनकाउंटर : पुलिस विभाग साजिश करने में जुटा- अखिलेश

**लखनऊ**

**समाजवादी** पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगेश यादव एनकाउंटर को लेकर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पर निशाना साधा है।

अखिलेश यादव ने कहा कि यूपी पुलिस विभाग साजिश करने में जुटा है। अखिलेश यादव ने शनिवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि मैं मंगेश के परिवार से मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस साजिश करने और एनकाउंटर करने का काम कर रही है।

# मानव बम बन मोदी को उड़ाने की थी साजिश

**पटना**

**2021** में एनआईए की विशेष अदालत ने इस मामले में कुल नौ लोगों को दोषी ठहराया था, जिनमें से चार को मृत्युदंड, दो को आजीवन कारावास और दो को 10 साल की कैद और एक को सात साल की जेल की सजा और एक अन्य को सात साल की जेल की सजा सुनाई थी जबकि एक आरोपी को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया था। इस फैसले के खिलाफ पटना हाई कोर्ट में अपील की गई थी।

पटना गांधी मैदान ब्लास्ट केस में हाई कोर्ट ने निचली अदालत का फैसला बदल दिया है। हाई कोर्ट ने फांसी की सजा को उम्रकैद में बदल दिया। चार दोषी हैदर अली, मोजिबुल्ला, नुमान और इम्तिहाज की फांसी को 30 साल के कारावास में बदल दिया है। न्यायमूर्ति आशुतोष कुमार और जितेंद्र कुमार की खंडपीठ ने राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की विशेष अदालत द्वारा दो अन्य दोषियों उमर और फैजुद्दीन को सुनाई गई ।

# ये भारत विरोधी फर्जी प्रचार कर जहर... वक्फ संशोधन विधेयक पर केंद्रीय मंत्री ने जाकिर नाइक को दिया जवाब

**नई दिल्ली : अल्पसंख्यक** मामलों के केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को केंद्र के वक्फ संशोधन विधेयक के बारे में गलत प्रचार करने के लिए भगोड़े इस्लामिक उपदेशक जाकिर नाइक की आलोचना की। कथित मनी लॉन्ड्रिंग और नफरत फैलाने वाले भाषण के लिए भारत में वांछित जाकिर नाइक ने एक वीडियो संदेश में दावा किया कि अगर संसद की तरफ से वक्फ संशोधन विधेयक पारित किया गया, तो मुसलमानों से हजारों मस्जिदें, मदरसे, कब्रिस्तान और लाखों एकड़ जमीन छीन ली जाएगी।



NDA सरकार को बताया था मुस्लिम विरोधी

नाइक ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए गठबंधन सरकार को 'इस्लाम विरोधी' और 'मुस्लिम विरोधी' करार दिया। साथ ही उसने दावा किया कि यह मुसलमानों की जमीन हड़पने की कोशिश कर रही है। जवाब में, किरेन रिजिजू ने जाकिर नाइक को 'भारत विरोधी चरित्र' करार दिया। साथ ही झूठे और फर्जी प्रचार करके जहर उगलने के लिए उसकी आलोचना की। किरेन रिजिजू ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि यह भारत विरोधी कैरेक्टर झूठे और फर्जी प्रचार कर-के जहर उगल रहा है और भारत में सांप्रदायिक अशांति पैदा करने की कोशिश कर रहा है।

## व्यास तहखाने की छत पर नमाज रहेगी जारी

# यूपीएससी की याचिका पर पूजा खेडकर से जवाब



**नई दिल्ली**

09 सितंबर से 14 सितंबर 2024 तक क्या कुछ हुआ? कोर्ट के कुछ खास ऑर्डर/जजमेंट और टिप्पणियों का विकली राउंड अप आपके सामने लेकर आए हैं। कुल मिलाकर कहें तो आपको इस सप्ताह होने वाले भारत के विभिन्न न्यायालयों की मुख्य खबरों के बारे में बताएंगे।

यूपीएससी की याचिका पर पूजा खेडकर से हाई कोर्ट ने मांगा जवाब। कोचिंग सेंटर में मौतों के मामले में दिल्ली HC ने CBI से जलभराव का कारण बताने को कहा। गांधी मैदान विस्फोट केस में 4 दोषियों की मौत की सजा उम्रकैद में तब्दील। केजरीवाल 177 दिन बाद जेल से बाहर, शराब नीति से जुड़े उइक केस में सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत। व्यासजी के तहखाने की छत पर नमाज रोकने से कोर्ट का इनकार। इस सप्ताह यानी 09 सितंबर से 14 सितंबर 2024 तक क्या कुछ हुआ? कोर्ट के कुछ खास ऑर्डर/जजमेंट और टिप्पणियों का विकली राउंड अप आपके सामने लेकर आए हैं। कुल मिलाकर कहें तो आपको इस सप्ताह होने वाले भारत के विभिन्न न्यायालयों की मुख्य खबरों के बारे में बताएंगे। दिल्ली हाई कोर्ट ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की पूर्व परिवीक्षाधीन अधिकारी पूजा खेडकर से संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की उस याचिका पर जवाब मांगा, जिसमें अदालत में कथित रूप से झूठा बयान और हलफनामा देने के लिए उनके खिलाफ कार्यवाही शुरू करने का अनुरोध किया गया है। न्यायमूर्ति ज्योति सिंह ने यूपीएससी की अर्जी पर खेडकर को नोटिस जारी किया और उन्हें जवाब दाखिल करने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया।

# 'दीदी के नाते आई हूं, ये यूपी नहीं है जो...'

**पश्चिम बंगाल**

**पश्चिम बंगाल** की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शनिवार (14 सितंबर) दोपहर को अचानक साल्टलेक में जूनियर डॉक्टरों के धरना स्थल पर पहुंच गईं. इस दौरान सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि मैं आपसे मुख्यमंत्री के तौर पर नहीं बल्कि आपकी 'दीदी' के तौर पर मिलने आई हूं. जो उत्तर प्रदेश में कार्रवाई हुई, मैं ऐसा नहीं करूंगी. मैं आपसे अपील करती हूं कि उन्हें अपनी समस्याओं को हल करने और काम पर वापस लौटने के लिए कुछ समय दें.

जूनियर डॉक्टर्स बीते महीने से आरजी कर अस्पताल में रेप और हत्या मामले में न्याय की मांग में आंदोलन कर रहे हैं. इससे पहले गुरुवार (12 सितंबर) को लाइव प्रसारण की जिद की वजह से ममता के साथ आंदोलनकारी डॉक्टरों की प्रतिनिधिमंडल की



बैठक नहीं हो सकी थी.

मैं मांगों का अध्ययन करूंगी- ममता

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि मैं छात्र आंदोलन का नेतृत्व करके आगे आई हूं, मैंने भी अपने जीवन में काफी संघर्ष किया है, मैं आपके संघर्ष को समझती हूं. मुझे अपनी स्थिति की चिंता नहीं है. कल पूरी रात बारिश हुई, आप यहां धरना देकर बैठे थे, मैं पूरी रात चिंतित रही. आपकी मांगों को सुनने के बाद मैं उनका अध्ययन करूंगी. मैं अकेले सरकार नहीं चलाती, वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आपकी मांगों का अध्ययन कर समाधान जरूर निकालूंगी. जो भी दोषी पाया जाएगा उसे सजा जरूर मिलेगी.

'प्रदर्शनकारी डॉक्टरों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करेगी सरकार'

सीएम ममता ने कहा कि मैं आपसे थोड़ा समय मांग रही हूं. राज्य सरकार आपके (प्रदर्शनकारी डॉक्टरों) खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करेगी. मैं आपसे काम पर लौटने का अनुरोध करती हूं. अस्पताल के विकास, बुनियादी ढांचे, सुरक्षा से जुड़े सभी काम शुरू कर दिए गए हैं और आगे भी किए जाएंगे. प्रदर्शनकारियों से काम पर लौटने का आग्रह करते हुए उन्होंने कहा कि उनके परिवार उनके लिए चिंतित हैं और कई मरीज इसलिए मर गए, क्योंकि उन्हें उचित स्वास्थ्य सेवा नहीं मिल पाई।

## सीएम केजरीवाल ने पत्नी सुनीता के साथ हनुमान मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की

**नई दिल्ली, दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शनिवार को कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर पहुंचे।

उनके साथ पत्नी सुनीता केजरीवाल, पार्टी के तमाम नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पत्नी सुनीता केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, राज्यसभा सांसद संजय सिंह समेत अन्य आप नेताओं के साथ कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में बजरंगबली के दर्शन-पूजन करने पहुंचे।

## फूलपुर के बसपा कार्यकर्ता सम्मेलन में जुटी समर्थकों की भारी भीड़





**फूलपुर।** आज दलित समाज की हालत बेहद चिंताजनक है। सरकार ने दलितों से लोक लुभावन वायदे कर उन्हें वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया है।एस सी समुदाय आज भी उपेक्षित है। उनका हित बसपा में ही निहित है। यह बातें शुक्रवार को फूलपुर के बौड़ई गांव में बसपा के कार्यकर्ता सम्मेलन में उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने बतौर मुख्य अतिथि कही। फूलपुर विधानसभा से बसपा को जिताकर विधानसभा में भेजने की अपील करते हुए उन्होंने कहा की दलित समाज हर समुदाय के नेताओं को जिताने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसलिए आज सर्वसममाज की नैतिक जिम्मेदारी बनती है की वह दलित प्रत्याशी को भी अपना समर्थन दे। वहीं फूलपुर विधानसभा के बसपा प्रत्याशी शिवबरन पासी ने जनता से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कहा की बहन मायावती जी के नेतृत्व में विधानसभा का चहुंमुखी विकास करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा की दलित समाज के साथ ही सर्वसमाज का विकास करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। इसके पूर्व उपस्थित कार्यकताओं ने मुख्य अतिथि के साथ ही अन्य अतिथियों का माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। वहीं मुख्य अतिथि के साथ ही विशिष्ट अतिथियों ने बाबा साहेब की भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। एम एल सी विजय प्रताप पुरी,राजू गौतम, चिन्तामणि वर्मा, लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी जगन्नाथ पाल व गुलाब पासी ने भी कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए बसपा प्रत्याशी को जिताने की अपील की। वहीं बसपा के वरिष्ठ नेता जीतलाल बिंद ने सम्मेलन में उपस्थित अतिथियों, कार्यकताओं एवं जनता जनार्दन के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर बसपा नेता आकाश राव,आरपी त्यागी, एसपी विद्यार्थी, सुशील गौतम, प्रेमचंद निर्मल, फूलपुर विधानसभा सभा प्रभारी राकेश वर्मा ,ग्राम प्रधान मनीलाल, कोटेदार राम आसरे सहित विभिन्न विधानसभाओं के प्रभारी, कार्यकर्ता व भारी संख्या में बसपा समर्थक मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से कमजोर आय वर्ग के लोग आगे बढ़ सकेंगे : सुरेश पांडेय




**करछना।** विकास खंड करछना के अंतर्गत ग्राम पंचायत पुरैनी हाशिमपुर में पंचायत सदन में आयोजित प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए छोटे-छोटे उद्योगों को स्थापित कर रोजगार के अवसर तलाशने के लिए युवाओं को जोड़ने पर बल दिया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंचायत सचिव कमल सिंह एवं प्रधान प्रतिनिधि सुरेश पांडे ने उपस्थित बेरोजगार युवाओं को इस योजना के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई और बताया गया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना से छोटे-छोटे उद्योगों से कमजोर आय वर्ग के लोग आगे बढ़ाने में उनको आसान होगा जिससे उनकी आमदनी का जरिया बढ़ेगा और बेरोजगारी भी दूर होगी सुरेश पांडे ने बताया कि प्रत्येक गांव में पढ़े-लिखे नौजवान मुंबई सूरत अन्य शहरों या अन्य प्रांतों में जाकर रोजगार की तलाश करते हैं इस योजना के अंतर्गत छोटे-छोटे उद्योग स्थापित कर स्वयं का रोजगार तलाश सकते हैं जिससे उनकी दिनचर्या आसान हो सकती है कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बेरोजगार नौजवानों ने इस योजना का रजिस्ट्रेशन करा कर लाभ लेने का अपना उपक्रम रजिस्ट्रेशन कराया ग्राम सभा पुरैनी की देवतुल्य जनता की मूलभूत समस्याओं का निदान करने का प्रयास किया गया तथा प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना के अंतर्गत छोटे-छोटे उद्योगों के बारे में जानकारी दी गई तथा रजिस्ट्रेशन कराया गया जिससे कमजोर आय वर्ग के लोगों को रोजगार का अवसर मिल सके।

## न्यूज झरोखा

### मांडा पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल



**मांडा।** मांडा पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 16 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इंस्पेक्टर शैलेंद्र सिंह ने बताया कि बीते सात माह पहले आरोपी ने शौच के लिए घर से निकली किशोरी के साथ दुष्कर्म किया और उसका वीडियो बना लिया। आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर किशोरी को ब्लैकमेल करता रहा और उसके साथ लगातार दुष्कर्म किया। जिससे किशोरी सात माह की गर्भवती हो गई। पीड़िता की तबियत खराब होने पर 15 दिन पहले उसे अस्पताल दिखाया गया। मेडिकल जांच के बाद परिजनों को पीड़िता के गर्भवती होने की जानकारी हुई और उनके होश उड़ गए। पूछताछ करने पर आरोपी ने परिजनों को जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने बताया कि पीड़िता के भाई की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया और शनिवार को आरोपी अमित कुमार निवासी कूदर को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

### जीवित वृद्ध व्यक्ति को मृतक घोषित होने से पेंशन पर रोक



**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के विकास खण्ड मांडा ब्लॉक मुख्यालय के जांच अधिकारियो का मामला प्रकाश में आया हैं ' जिसकी शिकायत जीवित वृद्ध व्यक्ति को मृतक घोषित कर पेंशन रोकने पर शनिवार को थाना समाधान दिवस पर पहुंच कर न्याय की गुहार लगाई है ' वही समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे नायब तहसीलदार मांडा अनुग्रह सिंह ने जीवित वृद्ध के शिकायती पत्र को गंभीरता पूर्वक लेते हुए बीडीओ मांडा को निर्देशित किया कि जांच कर आवश्यक कार्रवाई कर जीवित वृद्ध को वृद्धा पेंशन दिलाए 'जीवित वृद्ध मांडा खास निवासी सुखदेव पुत्र मटुकधारी ने समाधान दिवस पर पहुंचकर शिकायती पत्र देकर बताया हैं कि मुझे विगत वर्षों से पेंशन मिल रहा था अचानक पेंशन रुक जाने पर खोजबीन किया तो मालूम हुआ कि विभागीय जांच कर्ता रिपोर्ट में मृतक घोषित कर पेंशन रोक दिया गया है ' फरियादी ने वृद्धा पेंशन दिलाने की मांग की है ' जीवित व्यक्ति को मृतक घोषित करने की चर्चाए हर किसी के जुबान पर होती रही '

### जसरा में गणेश पंडाल में महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरी ने किया पूजन अर्चन



**जसरा।** जसरा में लगे गणेश पंडाल पर किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरी ने पूजन अर्चन किया तथा उपस्थित लोगों को सनातन धर्म की इतिहास और आवश्यकता के बारे में बताया । जसरा में लगे भक्त पंडाल में किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरी ने पहुंचकर कहा आज के युवा जिस तरीके से सनातन धर्म को आगे बढ़ने का संकल्प ले रहे हैं, उससे सनातन धर्म की मजबूती को और बढ़ेगी । कौशल्या नन्द ने कहा अभी सनातन व्यवस्था के अनुसार हमें माता-पिता को सर्वोपरि मानना चाहिए। माता पिता की आज्ञा का पालन और उनकी सेवा सनातन का मूल मंत्र है । इस अवसर पर ग्रामीण क्षेत्र के साथ-साथ यात्रा बाजार से भक्त जनों की भारी पंडाल में मौजूद रही। इस अवसर पर राजू केसरवानी, सौरभ केसरवानी, राजा, आलोक पाठक, कोमल केसरवानी, शिवा केसरवानी, सर्वेश, राजू, अमन, हर्ष, शुभम, दीपक, शिवम, रवि, सुमित सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### बजरंग दल द्वारा छतौना महादेव मंदिर पर निःशुल्क नेत्र परीक्षण




**जंघई।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल प्रतापपुर प्रखंड जिला गंगापार के तत्वावधान में सतगुरु सेवा संघ ट्रस्ट जानकी कुंड चित्रकूट के माध्यम से ग्राम पंचायत छतौना में जिलवा महादेव मंदिर प्रांगण में विशाल निःशुल्क नेत्र परीक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को निःस्वार्थ सेवा भाव कार्य हेतु चलाया गया। जिसमे ग्राम पंचायत के हिन्दू समाज से तमाम महिलायें एवं पुरुष जाँच करवाने आये एवं शिविर का लाभ उठाया। डॉक्टर आकाश दीक्षित, डॉक्टर त्रिलोक सिंह एवं बजरंग दल के जिला सह संयोजक देवेंद्र सिंह व कार्यक्रम के संयोजक मनस्वी सिंह जिला उपाध्यक्ष भारतीय किसान संघ, दीपिका सिंह जिला उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा, सभाशंकर यादव, धीरज यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### डीसीपी यमुनानगर ने समाधान दिवस पर फरियादें सुनी



**कोरांव।** थाना कोरांव में आयोजित सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस में एसीपी मेजा रवि गुप्ता और तहसीलदार कोरांव द्वारा हो रही सुनवाई के दौरान जनपद के डीसीपी विवेक चंद्र यादव भी थाने पहुंच गए और थाना दिवस की कार्यवाही की समीक्षा की और इंस्पेक्टर कोरांव नितेंद्र शुक्ल को समुचित कार्यवाही के निर्देश दिए। श्री यादव ने गंभीर मामलों की शिकायतों को गंभीरता पूर्वक अमल कर त्वरित कार्यवाही के लिए राजस्व और पुलिस बल की मौजूदगी में निस्तारण किए जानें को आदेशित किया। आयोजन में राजस्व विभाग के लोग और फरियादी गण मौजूद रहे। चोरी जैसी घटनाओं और सरहगों के कारण कब्जे न मिलने के मामलों में तुरंत कार्यवाही के आदेश संबंधित विवेचना अधिकारियों को दिए।

### स्वच्छता,शुद्ध तन-मन,पर्यावरण और स्वस्थ्य देश का आधार : मनीष



**करछना।** आज के बदलते परिवेश और आपाधापी के दौर में शुद्ध तन-मन और प्रदूषणमुक्त पर्यावरण के लिए स्वच्छता बहुत जरूरी है। स्वच्छता,कई प्रकार के सामान्य रोगों से बचाव के साथ-साथ समाज और देश की सुख समृद्धि और स्वास्थ्य का आधार है। यह बातें रामपुर स्थित बृजमंगल सिंह इंटर कॉलेज में चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के समापन पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता के पूर्व प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने बच्चों के बीच कही। उन्होंने अच्छे स्वास्थ्य हेतु बच्चों से स्वयं और अपने आसपास के लोगों को भी स्वच्छता की प्रति सजग और जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान प्रवक्ता जगतपाल के संयोजन में 'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत' बिषयक निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित की गई।जिसमें विद्यालय के सीनियर वर्ग के दो दर्जन से अधिक छात्र और छात्राओं ने प्रतिभाग किया। रितु कुमारी को प्रथम अन्नू सिंह को द्वितीय और हर्ष प्रताप सिंह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ जिन्हें प्रधानाचार्य द्वारा पुरस्कृत भी किया गया।उधर पखवाड़े के अन्तर्गत सत्र में रोपे गए नये पौधों की सुरक्षा हेतु थाला निर्माण,विद्यालय परिसर में पहले से मौजूद बड़े पौधों की बेतरतीब और झाड़ी का शक्ल ले रही डालियों की छंटाई और छत,कमरों, बरामदों में सघन साफ-सफाई का कार्य किया गया। शिक्षकों ने भी प्रार्थना सभा स्थल पर बच्चों को साफ सफाई का महत्व बताते हुए स्वच्छता के प्रति संकल्प दिलाया।इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी और बच्चे मौजूद रहे।

## शिक्षा ही एक ऐसी चाभी है जो सारे तालों को खोल देती हैं : उज्जवल रमण सिंह

अखण्ड भारत सन्देश




**मांडा।** शनिवार को दोपहर बाद मांडा क्षेत्र के कार्यकर्ताओ से मुलाकात करते हुए प्रयागराज सांसद मा. उज्जवल रमण सिंह ने खावास का तारा वेदांता वोकेशनल कम्प्यूटर सेंटर का फीता काट कर उद्घाटन किया और समारोह में उपस्थित कार्यकर्ताओ ने माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया ' कार्यक्रम के मुख्यअतिथि इलाहाबाद के नवनिर्वाचित सांसद श्री सिंह ने मंच के माध्यम से कहां कि कि आज मैं जिस मुकाम पर खड़ा हूं उसमें मांडा वासियों का बहुत बड़ा हाथ है खासकर वेदांता एजुकेशन फाऊंडेशन के लोगों का आभार जताना चाहता हूं कि जिस तरीके से मांडा क्षेत्र के खवासतारा में स्थित आरके कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर में छात्र-छात्राओं को निशुल्क शिक्षा देने का जो अलख जगाने का प्रयास किया गया हैं वो काबिले तारीफ है इस समय कंप्यूटर क्षेत्र में बच्चे हो या बूढ़े बीना मोबाइल लिए समय नहीं कटता और जो पढ़ने लिखने वाले छात्र हैं उनको कंप्यूटर या लैपटॉप के बिना पढ़ाई नहीं होती। आज के दौर में सरकार भी मजबूर हो गई है की छात्र-छात्राओं को मोबाइल देना पड़ा ये समय का परिवर्तन चक्र है जो 1985 में नहीं समझ में वो अब आ रहा है पहले रेलवे के टिकट के लिए काफी लंबी लाइन लगानी पड़ती थी लेकिन मौजूदा समय में लोग मोबाइल से ही रेलवे टिकट की बुकिंग करा ले रहे हैं। जो अब इलाहाबाद जाने की जरूरत नहीं पड़ती। और ऐसे समय में बच्चों को बिना कंप्यूटर के शिक्षा देना नाइंसाफी होगी। बच्चे कंप्यूटर, मोबाइल, व गूगल के माध्यम से दुनिया भर की जानकारी हासिल कर लिया करते हैं आगे कहा कि मांडा क्षेत्र के लोग प्रधानमंत्री हुए हाईकोर्ट के न्यायाधीश हुए बड़े-बड़े अधिकारी हुए मांडा की धरती अपने वीर सपूतों को जन्म दिया है जो लोग मांडा वासियों को नहीं समझा वो लोग राजनीति में कभी आगे नहीं बढ़े मैं सभी अभिभावकों से वादा करता हूं कि अगर कलम चलेगी तो मांडा के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे लोग चुनाव जीतने के बाद मांडा के लोगों को पल भर में भुला देते हैं और कभी मांडा नहीं आते जो काफी पीड़ादायिक की बात कही । कार्यक्रम में सपा प्रदेश महासचिव विनय कुशवाहा, प्रेम शंकर पटेल, एड.अवधेश कुमार यादव, प्रबंधक संत लाल यादव, डॉ. रवि शंकर पाण्डेय, योगेन्द्र सिंह, देशराज सिंह,वेद प्रकाश सिंह उर्फ डब्लू, पूर्व नपं. अध्यक्ष सिरसा श्याम कृष्ण यादव उर्फ पप्पू, दिलावर सिंह, अनील कुमार पाण्डेय, शिव रक्षा यादव, एड.अशोक कुमार(रामू) श्याम बिहारी यादव, विद्या पांडेय,राम बाबू भैया जी, सुशील चौबे, उमा शंकर बिन्द,साजन सोनकर, अभिषेक सोनकर,शिव शंकर बिन्द, अखिलेश कुमार,भागीरथी मौर्य, प्रवीण सोनकर आदि सैकड़ो सम्मानितगण मौजूद रहे ' कार्यक्रम का संचालन मोहित यादव ने किया और सेंटर के प्रबंधक अरविंद कुमार यादव ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त की '

## समस्याओं का निस्तारण के लिए सांसद व विधायक को ब्लॉको में बैठने की मांग

अखण्ड भारत संदेश





**मांडा।** विकास खण्डों में ग्राम पंचायतो के विकास करने के बजाय ब्लॉक अधिकारियों का तेजी से हों रहा है। जनता अपनी समस्याओं से अस्त व्यस्त होते हुए नवनिर्वाचित सांसद उज्जवल रमण सिंह व मेजा विधायक संदीप पटेल जी को महीने के किसी एक दिन ब्लाको पर पहुंचकर जनता की समस्या को सुनकर निस्तारण करने के लिए सक्षम अधिकारी को निर्देशित करे। जहां कि मांडा ब्लॉक में भ्रष्टाचारियों की तूती बोल रही है जो आधे से ज्यादा ग्रामीण अपनी समस्याओं को निस्तारण करने के लिए मांडा ब्लॉक परिसर का चक्कर लगाते रहते हैं समस्याओं का निस्तारण न होने पर कई फरियादी मायूस होकर अपने घर लौट जाते हैं चाहे परिवार रजिस्टर की नकल हो या जन्म मृत्यु प्रमाण के संबंध में कोई जानकारी लेनी हो कोई भी ठीक तरीके से कर्मचारी जवाब नहीं देता ग्रामीणों ने माननीय सांसद जी को मांडा ब्लॉक परिसर में बैठने की मांग की है मांडा क्षेत्र के लोगों ने बताया कि मांडा ब्लॉक में आने वालीं कोई भी योजना की जानकारी कोई भी कर्मचारी नहीं देता जिससे ग्रामीण अपने ग्राम पंचायत व मांडा ब्लॉक का चक्कर लगाते लगाते थक जाता है प्रदेश में अनेकों प्रकार से चलाई जाने वाली योजना का ब्लॉक परिसर में ही पहले से ही बंदर बांट हो जाता है मांडा क्षेत्र के भवानीपुर, सिकरा, भौसरा नरोत्तम, सुरवा दलापुर, साड़ी, ऊटी,खुरमा, कुंदर, दोहथा, महुआरी खुर्द, बदौआ, नेवढ़िया 42, गेरुआडीह आदि क्षेत्रों के ग्रामीणों ने ब्लॉक के कर्मचारियों के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि जब तक मांडा ब्लॉक में माननीय सांसद उज्जवल रमण सिंह गरीबों का उद्धार नहीं करेगें व आदि समस्याओं को लेकर निस्तारण नहीं करेंगे तब तक मांडा ब्लॉक भ्रष्ट नेताओं के चंगुल से छुटकारा मिलना आसान नहीं होगा। वही शनिवार को मांडा क्षेत्र में विभिन्न संस्थानों का उद्घाटन के दौरान फरियादियों का ताता लगा रहा ' जहां कही विधायक या सांसद क्षेत्र में कार्यकर्ताओ को पार्टी के दिशा निर्देश व नीति के बारे में बताने के लिए आते हैं वही फरियादियों ने समस्याओ का निस्तारण के लिए प्रार्थना पत्रों का अम्बार लगा देते हैं '

## भारतीयता और राष्ट्रीय एकता की पहचान है हिंदी: संतोष त्रिपाठी

नवोदित इंटर कॉलेज शंकरगढ़ में हिंदी पखवाड़ा दिवस का शुभारंभ




**शंकरगढ़।** हिंदी दिवस के मौके पर शनिवार को नवोदित इंटर कालेज शंकरगढ़ में हिंदी पखवाड़ा दिवस का शुभारंभ किया गया। पखवाड़ा का आगाज करते हुए कालेज केप्रबंधक संतोष त्रिपाठी ने कहा, हिंदी हमारा गर्व है। हमारी पहचान है। देश की आन-बान और शान है। हिंदी भारतीयता की पहचान है। हिंदी दिवस, हमें हमारी मातृभाषा के महत्व को याद दिलाने का अवसर है। हिंदी हमारी राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। हिंदी का समर्थन करने का दायित्व हमारा है, ताकि हमारी भाषा हमें हमेशा गर्वित और हमें इससे जुड़े रहने का अवसर मिले। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष 14 सितंबर, 2024 को पखवाड़ा का शुभारंभ करते हुए संतोष त्रिपाठी सभी छात्र-छात्राओं और कालेज के स्टाफ से हिंदी को समृद्ध करने के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि 14 सितंबर को हिंदी दिवस, हिंदी भाषा को राजभाषा का दर्जा मिलने के कारण मनाया जाता है। 1953 से प्रतिवर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को हिंदी के महत्व और उसकी उपलब्धियों के बारे में अवगत करने के साथ शपथ दिलाई कि- हिंदी दिवस पर हमने ठाना है, लोगों में हिंदी का स्वाभिमान जगाना है, देश-विदेश में मनाना है, हिंदी को आगे बढ़ाना है। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रताप बहादुर सिंह, अशोक त्रिपाठी, ज्ञानेंद्र मिश्र, विजयशंकर मिश्र, उत्तम सिंह बघेल, दीपक विश्वकर्मा, राजेश सिंह, प्रदीप मिश्र, पुष्पराज सिंह, एलएन वर्मा, कमलाकर सिंह, सोमेश शुक्ल, रावेंद्र, शिवेंद्र, अनिल, कामिनी सिंह, आभा मिश्रा, अर्चना सिंह, अनीता सिंह, माया सिंह आदि उपस्थित रहीं।

## एडीसीपी ने किया थाने में औचक निरीक्षण, कार्यवाही रजिस्टर पर नाराजगी जताई

**मांडा।** शनिवार को थाना समाधान दिवस पर एडीसीपी प्रयागराज अभिजीत कुमार ने पहुंचकर औचक निरीक्षण किया और पीड़ित पक्षो की फरियादिय सुनकर निष्पक्ष कार्रवाई करने का निर्देश दिया ' वही मांडा थाने की कार्यवाही रजिस्टर की जांच कर लापरवाही पाए जाने पर नाराजगी जताई ' गौरतलब हो कि 27 अगस्त को गिरधरपुर गांव निवासी संतोष कुमार मुसहर को किसी मामले में मांडा पुलिस ने गिरफ्तार कर सख्ती से पूछ ताछकर छोड़ देने पर उसकी पत्नी ने मांडा पुलिस पर मारने पीटने व पैसे लेने का आरोप का मामला प्रकाश में आने से उच्चाधिकारियो ने जांच पड़ताल शुरू कर दिया हैं ' वही एडीसीपी प्रयागराज ने मांडा इंस्पेक्टर शैलेन्द्र कुमार सिंह व थाने के जिम्मेदार पुलिस कर्मियों से उक्त मामले में पूछ ताछ किया ' तो सूत्रों के मुताबिक बताया जाता हैं कि वह नकली सोने का कारोबारी हैं उसे छोड़ना ही पुलिस के गले की हड्डी बन गई ' यदि पुलिसिया कार्रवाई हुई होती तो सायद यह मामला पुलिस को न देखना पड़ता ' यमुनापार क्षेत्र में नकली सोने का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा हैं और कई लोग ठगी का शिकार हो गए है जिसकी चर्चा क्षेत्र में फैली हुई हैं।

## रंजिशन मारपीट में नौ लोग घायल मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल में जुटी

**सहसों।** क्षेत्र के बगई कला गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में शनिवार की सुबह जमकर मारपीट हो हुई। जिसमें दोनों पक्षों को नौ लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया तथा मामले की जांच पड़ताल कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना सराय इनायत के पुलिस चौकी सहसों अंतर्गत बगई कला गांव निवासी अमर बहादुर एवं नागेंद्र आदि के बीच पुरानी रंजिश को लेकर शनिवार की सुबह दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। जिसमें एक पक्ष के कल्लू पुत्र अमर बहादुर, अरविंद पुत्र अमर बहादुर, बेनीलाल पुत्र बैजू , शिमला पत्नी शिवचरण, शांति देवी पत्नी अमर बहादुर, अमर बहादुर पुत्र बृजलाल तथा दूसरे पक्ष के नागेंद्र पुत्र राम कैलाश, सुनीता पत्नी राजेश, राम कैलाश, रामलाल, दूधनाथ उर्फ पंचू जमकर हुई मारपीट में घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे डीसीपी गंगानगर, इंस्पेक्टर सराय इनायत एवं सहसों चौकी प्रभारी शिव प्रताप सिंह ने लिखा पढ़ी करते हुए घायलों को चिकित्सीय उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया तथा मामले की जांच पड़ताल कर रहे हैं। मामले के संबंध में चौकी प्रभारी शिव प्रताप सिंह ने बताया कि तहरियों दोनों पक्षों से मिली हुई है। दोनों पक्षों में पुरानी रंजिश को लेकर आए दिन विवाद एवं मारपीट होता रहता है। मामले में पुलिस द्वारा जांच पड़ताल कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। वहीं मामले में इंस्पेक्टर थाना सराय इनायत पंकज कुमार राय ने बताया कि मामले में दूसरे पछ से दूधनाथ की तरफ से तहरीर पर तमंचे से फायर होने की बात कही गई है। जिसमें चार नामजद व अन्य अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

### बारह वफात गणेश चतुर्थी सकुशल सम्पन्न कराने की अपील

**मऊआइमा।** आगामी पर्व गणेश चतुर्थी और बारह वफात को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए मऊआइमा थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। पीस कमेटी की बैठक में आए हुए आगंतुकों ने बताया कि ग्रामी क्षेत्रों में बारह वफात का जुलूस निकलता है । जबकि नगर पंचायत मऊआइमा में कोई जुलूस नहीं निकलता है। गणेश चतुर्थी पर कई स्थानों पर जुलूस निकलता है। इंस्पेक्टर मऊआइमा राघवेन्द्र सिंह ने कहा कि यदि किसी को कोई परेशानी और दिक्कत हो तो वह लिख कर दें। उन्होंने सभी से पर्वों को भाई चारा अमन चैन से मनाने की अपील किए। पीस कमेटी की बैठक में चेयरमैन शोएब अंसारी,सगीर उद्दीन बचऊ प्रधान, अब्बास ,सन्ने, शाबान,असलम, इफ्तेखार, अमजद प्रधान,सनी मौर्या आदि रहे।

## हिंदी दिवस पर विद्यालय में बच्चों द्वारा किया गया सांस्कृतिक प्रतियोगिता



**सहसों।** हिंदी भाषा भारतीय संस्कृति एवं एकता का प्रतीक है। हिंदी दिवस पर क्षेत्र के पंडित जवाहरलाल नेहरू इंटरमीडिएट कॉलेज भोपतपुर एवं श्री कृष्ण इंटर कॉलेज देवनहरी में हिंदी दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। पंडित जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिता के पश्चात प्रधानाचार्य डॉ राजेश कुमार सिंह ने प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने हिंदी के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हिंदी से ही हमारे राष्ट्र की एकता के साथ दुनिया में पहचान बनी हुई है। इसी प्रकार श्री कृष्णा इंटरमीडिएट कॉलेज देवनहरी में हिंदी दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसोसिएट प्रोफेसर ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज प्रयागराज के डॉ अखिलेश त्रिपाठी ने कहा कि हिन्दी भाषा भारतीय संस्कृति एवं एकता का प्रतीक है। हिंदी भाषा एक दूसरे को जोड़कर एवं वसुधैव कुटुंबकम की सीख देता है। इस मौके पर सेवानिवृत शिक्षक हरिशंकर त्रिपाठी ने भी हिंदी भाषा के महत्व पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य डॉक्टर पवन कुमार तिवारी ने कहा कि हिन्दी हमारी आत्मा है, यह अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम के अंत में विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अरुण कुमार तिवारी ने किया। इस अवसर पर शिक्षक श्याम चन्द्र, शिव प्रकाश दिवाकर, विनोद कुमार तिवारी सहित आदि मौजूद रहे।

## बालिका से दुष्कर्म का आरोपी ढोंगी बाबा को पुलिस ने भेजा जेल

**मऊआइमा।** बीमार चल रही बालिका के ठीक न होने पर कतिपय लोगों के कहने पर एक ढोंगी बाबा को परिजनों ने बुलाया जहां ढोंगी ने बालिका के साथ शुक्रवार को दुष्कर्म किया था। पुलिस ने ढोंगी बाबा को जेल भेज दिया। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मौलवी का पूरा निवासी एक व्यक्ति की नौ वर्षीय लड़की बीमार चल रही थी। तमाम उपचार के बाद ठीक न होने पर कतिपय लोगों के कहने पर बालिका के परिजनों द्वारा एक ढोंगी बाबा को बुलाया। आरोप है कि ढोंगी बाबा ने कमरे में झाड फूंक के बहाने ले जाकर दुष्कर्म किया। परिजनों को बालिका ने बाबा के कारनामों को बताया। जिसपर ढोंगी बाबा को पुलिस को सौंप कर मुकदमा दर्ज कर लिया गया। पुलिस ने ढोंगी बाबा मोईनुद्दीन पुत्र मोहम्मद शाबान उर्फ कल्लू ग्राम छतरगढ़ थाना मान्धाता प्रतापग़ को शनिवार को जेल भेज दिया।

## समाधान दिवस पर छह प्रार्थना आए, एक निस्तारित, छाया रहा जमीनी मुद्दा

अखण्ड भारत सन्देश

**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र अंतर्गत मांडा थाने का समाधान दिवस तहसील के राजस्व कर्मचारियों की लापरवाही और उपेक्षा ले डूबी। हर बार लेखपालों और राजस्व कर्मचारियों की कमी तो कहीं सरकारी जमीन को कब्जा कराने में हल्का लेखपालो की मिली भगत के चलते मामलों का समाधान होने के बजाय टीम गठित कर रजिस्टर के हवाले कर दिया जाता है। आए राजस्व संबंधित छह प्रार्थना पत्रों में एक का नमूना के तौर पर निस्तारण किया। शनिवार को मांडा थाने पर आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता नायब तहसीलदार मांडा अनुग्रह सिंह ने किया और फरियादियों के शिकायत पत्रों को गंभीरता पूर्वक लेते हुए हल्का लेखपाल व राजस्व निरीक्षक को मौके पर पहुंच कर निस्तारण करने का निर्देश दिया ' वही मांडा थाना समाधान दिवस पर एडीसीपी प्रयागराज अभिजीत कुमार के औचक निरीक्षण से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया ' एडीसीपी प्रयागराज ने पहुंच कर कार्यवाही सम्बन्धित रजिस्टर की जांच कर नाराजगी जताई ' और समाधान दिवस पर आए फरियादियों की पुलिस से सम्बन्धित एक गांव की महिला ने अपने बेटी को साथ में लेकर मार पीट व उसके साथ अभद्रता का आरोप विपक्षी पर लगाने के मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए दोनों पक्षो की निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया हैं और यह भी कहां कि यदि कोई फरियादी अन्य मामले में महिला या बच्चियों को आगे ला कर मुकदमा लिखाना चाहते हैं तो उसकी जांच कर दोषी पर ही कार्रवाई करें ' मेजा व कोरांव मिलाकर कुल 19 लेखपाल 2 राजस्व निरीक्षक सहित नायब तहसीलदार मांडा अनुग्रह सिंह आए लेकिन ज्यादातर अधिकारी मांडा थाना समाधान दिवस की खानापूर्ति कर औपचारिकता पूरी कर घर व प्रयागराज को लौट जाते हैं । जहां कि एक ही फरियादी कई बार प्रार्थना पत्र देकर निस्तारण के लिए समाधान दिवसो का चक्कर लगाते लगाते मायूस होकर घर लौट जाते हैं हल्का लेखपाल फरियादी के शिकायत पत्रों पर गोल मटोल आख्या रिपोर्ट लगाकर पल्ला झाड़ लेते हैं वही मामूली विवाद खूनी संघर्ष में बदल जाता हैं ' राजस्व मामले में यदि किसी फरियादी के पक्ष विपक्ष के बीच खूनी संघर्ष होने पर सबसे पहले हल्का लेखपालो पर कार्यवाही करने के लिए शीर्ष अधिकारियो से फरियादियों ने मांग की हैं समाधान दिवस पर कुल छह शिकायती पत्र आए जिसमे एक का निस्तारण किया गया ' मौके पर मांडा इंस्पेक्टर शैलेन्द्र सिंह, प्रभारी दिघीया डॉ. बाबू राम,एसएसआई चन्द्र भान सिंह, एस आई अमित नागर, रवि कुमार, रितेश कुमार यादव आदि उपस्थित रहे।

# केन्द्रीय राज्य मंत्री ने राजकीय बाल गृह परिसर का किया निरीक्षण

**मंत्री जी ने पोषण माह के अन्तर्गत आँगनबाड़ी केन्द्र की गर्भवती लाभार्थी नन्दनी एवं सपना की गोदभराई एवं शिशु गृह की बच्ची प्रकृति सहित आयुषी का अन्न प्रासन करते हुए शुभाशीष दिया, बाल गृह परिसर में किया पौध रोपण**

अखंड भारत संदेश





**प्रयागराज।** केन्द्रीय राज्य मंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार श्रीमती सावित्री ठाकुर ने शनिवार को राजकीय बाल गृह परिसर का निरीक्षण किया गया। मंत्री जी ने पोषण माह सितम्बर, 2024 के अन्तर्गत आँगनबाड़ी केन्द्र की गर्भवती लाभार्थी नन्दनी एवं सपना की गोदभराई एवं शिशु गृह की बच्ची प्रकृति सहित आयुषी का अन्न प्रासन अपने हाथों से किया गया और शुभाशीष दिया गया। मंत्री ने बाल गृह परिसर में ही ह्यएक वृक्ष माँ के नामह्य समर्पित करते हुए (औषधि वृक्ष) मेडिकल प्लांट नीम का रोपड़ किया गया। तदोपरान्त मंत्री महोदया ने बाल गृह शिशु का भ्रमण कर संस्था में आवासित बच्चों की शिक्षा एवं खानपान व्यवस्था की जानकारी ली गई। संस्था में आवासित नवजात शिशुओं को गोद में लेकर प्यार व दुलार किया गया और उपस्थित स्टाफ को बच्चों की उचित देखरेख और आत्मीयता से पालन पोषण हेतु प्रोत्साहित किया गया। मंत्री महोदया द्वारा राजकीय बाल गृह बालिका में बालिकाओं से भेंट करी गई और उनकी दिनचर्या व शिक्षण की जानकारी ली गई। बालिकाओं द्वारा निर्मित हस्त उत्पाद का अवलोकन किया गया तथा किये जा रहे नवाचार को सराहा गया।

हस्तशिल्प वस्तुओं को समृति स्वरुप मंत्री महोदया को भेंट किया गया। राजकीय महिला शरणालय में भ्रमण के दौरान महोदया द्वारा महिलाओं के बीते जीवन की जानकारी ली गई और अग्रिम जीवन हेतु मार्गदर्शन किया गया और उनके बच्चों को दुलार दिया गया। महिला एवं बाल विकास के समस्त अधिकारियों को विभागीय योजनाओं को जनपद स्तर पर और अधिक प्रभावी ढ़ंग से क्रियान्वित करने के निर्देश देते हुए प्रधानमंत्री जी की अपेक्षाओं पर योजनाओं को लाभार्थियों के हित में मूर्तरुप में लाने के लिए और बेहतर करने हेतु मार्गदर्शन किया गया। इस अवसर पर मंत्री महोदया के साथ, राज्य महिला आयोग की पूर्व सदस्या अनिता सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी दिनेश सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी सर्वजीत सिंह, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति अखिलेश मिश्रा, सदस्य बाल कल्याण समिति अरविन्द कुमार, प्रोटोकाल अफसर अपर नगर मजिस्ट्रेट तृतीय सुदामा वर्मा, शहर बाल विकास परियोजना अधिकारी संजीता सिंह व ओ0पी0 यादव, थानाध्यक्ष खुल्दाबाद, ए0सी0पी0 ट्रैफिक, सहायक अधीक्षक राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर राकेश कुमार चौरसिया व समस्त संस्थाओं के प्रभारी अधीक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।

## स्कार्पियो में मिला 7 फीट लंबा अजगर

**इंजन में छिपकर बैठा था, मैकेनिक ने एसी रिपेयर करने के लिए बोनट खोला तो पता चला**



**प्रयागराज।** शनिवार को एक कार के अंदर 7 फीट लंबा अजगर मिला। अजगर कार की बोनट के अंदर छिपा था। मैकेनिक ने जैसे ही बोनट खोला उसके होश उड़ गए। उसने देखा इंजन में अजगर बैठा है। उसके बाद कार मालिक को जानकारी दी।कार मालिक स्कार्पियो की एसी ठीक कराने ले गया था मामला सिविल लाइंस का है। सिविल लाइंस स्थित होटल अजय इंटरनेशनल के सामने कई गैराज हैं। एसी ठीक करने वाले कई मैकेनिक वहां रहते हैं। स्कार्पियो को एसी ठीक करने के लिए वहां ले जाया गया। इमरान नाम के मैकेनिक ने जैसे ही कार का बोनट खोला वह झटका खाकर दूर भागा। जोर से चिल्लाया अरे अंदर सांप है। इसके बाद भीड़ लग गई। पहले तो लोग डर से करीब नहीं आए फिर देखा अजगर आराम से बैठा है तो वीडियो बनाने लगे। मिस्त्री इमरान ने बताया कि स्कॉर्पियो मलिक ने तुरंत 112 पर कॉल कर सूचना दी। कुछ देर बाद रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची गई। अजगर को रेस्क्यू कर अपने साथ सुरक्षित स्थान पर छोड़ने के लिए ले गई। अजगर को पकड़ने वाले अंकित टार्जन ने बताया कि अजगर की लंबाई लगभग 7 फीट है जिसे वह वन्य क्षेत्र में छोड़ने जा रहे हैं।

# गारापुर मार्ग पर फिर चलने लगी नाव



अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** गंगा, जमुना के जलस्तर में अचानक से हुई वृद्धि के कारण झूंसी गरापुर मार्ग पर बाढ़ का पानी कमर के ऊपर पहुंच गया। झूंसी के कई आश्रम में भी बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। जिसकी वजह से साधु संत अपने समान को समेट कर ऊपरी मंजिल पर ले जा रहे है। झूंसी के तटवर्ती इलाके एक बार फिर बाढ़ की चपेट में आ गए है। गंगोली शिवाला मल्लाही तोला निवासी मटरू निषाद ने बताया कि शनिवार की सुबह अचानक झूंसी गारापुर मार्ग पर बाढ़ का पानी पहुचा और कुछ घंटों में पानी कमर के ऊपर पहुच गया। वही कोहना में भी कई घरों में बाढ़ का पानी घुस गया। गंगा तट पर स्थित टीकरमाफी आश्रम में बाढ़ के पानी की वजह से आश्रम की पीछे की बाउंड्री भरभरा कर गिर पड़ी जिसकी वजह से बाद का पानी आश्रम में प्रवेश कर गया। एसडीएम फूलपुर तपन मिश्रा ने गारापुर मार्ग पर पहुच कर बाढ़ का जायजा लिया और बताया कि अगर पानी और बढ़ा तो गांव की बिजलीं काटनी पड़ जाएगी।

## रंजिसन मारपीट में नौ लोग घायल पुलिस जांच पड़ताल में जुटी

**सहसों।** क्षेत्र के बगई कला गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में शनिवार की सुबह जमकर मारपीट हो हुई। जिसमें दोनों पक्षों को नौ लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया तथा मामले की जांच पड़ताल कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना सराय इनायत के पुलिस चौकी सहसों अंतर्गत बगई कला गांव निवासी अमर बहादुर एवं नागेंद्र आदि के बीच पुरानी रंजिश को लेकर शनिवार की सुबह दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। जिसमें एक पक्ष के कल्लू पुत्र अमर बहादुर, अरविंद पुत्र अमर बहादुर, बेनीलाल पुत्र बैजू , शिमला पत्नी शिवचरण, शांति देवी पत्नी अमर बहादुर, अमर बहादुर पुत्र बृजलाल तथा दूसरे पक्ष के नागेंद्र पुत्र राम कैलाश, सुनीता पत्नी राजेश, राम कैलाश, रामलाल, दूधनाथ उर्फ पंचू जमकर हुई मारपीट में घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे डीसीपी गंगानगर, इंस्पेक्टर सराय इनायत एवं सहसों चौकी प्रभारी शिव प्रताप सिंह ने लिखा पढ़ी करते हुए घायलों को चिकित्सीय उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया तथा मामले की जांच पड़ताल कर रहे हैं। मामले के संबंध में चौकी प्रभारी शिव प्रताप सिंह ने बताया कि तहरियों दोनों पक्षों से मिली हुई है। दोनों पक्षों में पुरानी रंजिश को लेकर आए दिन विवाद एवं मारपीट होता रहता है।

# जनपद न्यायाधीश ने जिला दीप प्रज्जवलित कर राष्ट्रीय लोक अदालत का किया शुभारम्भ

**राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 213438 वादो का हुआ रिकॉर्ड निस्तारण**

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज के तत्वाधान में जनपद न्यायालय, प्रयागराज व समस्त तहसीलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन प्रातः 10 बजे माननीय जनपद न्यायाधीश प्रयागराज संतोष राय द्वारा दीप प्रज्जवलित करके किया गया । राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 213438 वादो का निस्तारण किया गया। माननीय जनपद न्यायाधीश के द्वारा 5 वाद निस्तारित किए गए। फौजदारी के कुल 10009 वादों का निस्तारण किया गया। पारिवारिक न्यायालय द्वारा कुल 69 वादो निस्तारण आपसी सुलह समझौते के आधार पर किया गया। प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, प्रयागराज द्वारा 15 पारिवारिक वादों का निस्तारण किया गया। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण पीठासीन अधिकारी उत्तरी राम कुशल द्वारा 162 वाद व मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण पीठासीन अधिकारी दक्षिणी प्रदीप कुमार द्वारा 117 वादों का निस्तारण किया गया। राम प्रताप सिंह राणा अपर जनपद न्यायाधीश ई सी एक्ट के द्वारा विद्युत के 204 मामलों का निस्तारण किया गया। शशि कुमार मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के द्वारा 6282 वाद, अमित कुमार, रेलवे मजिस्ट्रेट के द्वारा 1265 वाद, श्रीमती दीक्षा वर्चुअल कोर्ट, ट्रैफिक के द्वारा कुल 5000 प्री लिटिगेशन वाद निस्तारित किए गए। राजस्व न्यायालयों के द्वारा कुल 131930 वादो का निस्तारण किया गया। बैंक के प्री लिटिगेशन के 1428 मामले में निस्तारित किए गए। रविकांत द्वितीय नोडल अधिकारी/ एडीजे, लोग अदालत के निर्देशन में समस्त विभागों से समन्वय स्थापित कर लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। यह जानकारी दिनेश कुमार गौतम, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज द्वारा दी गई।



## हाईकोर्ट समाचार

### हिंदू विवाह कोई अनुबंध नहीं, तलाक के लिए वैध सहमति की आवश्यकता

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में कहा है कि एक हिंदू विवाह को अनुबंध की तरह भंग नहीं किया जा सकता। शास्त्र सम्मत विधि आधारित हिंदू विवाह को सीमित परिस्थितियों में ही भंग किया जा सकता है और वह भी संबंधित पक्षों द्वारा पेश साक्ष्यों के आधार पर।न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति दोनाडी रमेश की पीठ ने विवाह को भंग किए जाने के खिलाफ एक महिला की अपील स्वीकार करते हुए कहा, पारस्परिक सहमति के बल पर तलाक मंजूर करते समय भी निचली अदालत को तभी विवाह भंग करना चाहिए था जब आदेश पारित करने की तिथि को वह पारस्परिक सहमति बनी रही।अदालत ने कहा, ह्यह्ययदि अपीलकर्ता का दावा है कि उसने अपनी सहमति वापस ले ली है और इस तथ्य को रिकॉर्ड में दर्ज कर लिया गया है तो निचली अदालत अपीलकर्ता को मूल सहमति पर कायम रहने के लिए बाध्य नहीं कर सकती। पीठ ने कहा, ऐसा करना न्याय का उपहास होगा। महिला ने 2011 में बुलंदशहर के अपर जिला जज द्वारा पारित निर्णय के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील दाखिल की थी। अपर जिला जज ने महिला के पति की ओर से दाखिल तलाक की अर्जी मंजूर कर ली थी।संबंधित पक्षों का विवाह दो फरवरी, 2006 में हुआ था। उस समय, पति भारतीय सेना में कार्यरत था। पति ने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी 2007 में उसे छोड़ कर चली गई और उसने 2008 में विवाह भंग करने के लिए अदालत में अर्जी दाखिल की। पत्नी ने अपना लिखित बयान दर्ज कराया और कहा कि वह अपने पिता के साथ रह रही है। मध्यस्थता की प्रक्रिया के दौरान, पति, पत्नी ने एक दूसरे से अलग रहने की इच्छा जताई। हालांकि, वाद लंबित रहने के दौरान पत्नी ने अपना विचार बदल लिया और अपने खिलाफ लगाए गए आरोपों से इनकार किया जिसके बाद दूसरी बार मध्यस्थता की गई, लेकिन पति द्वारा पत्नी को साथ रखने से इनकार करने की वजह से यह मध्यस्थता भी विफल रही। हालांकि, सेना के अधिकारियों के समक्ष मध्यस्थता में पति पत्नी साथ रहने को राजी हो गए और इस दौरान इनके दो बच्चे भी हुए। महिला के वकील महेश शर्मा ने दलील दी कि ये सभी दस्तावेज और घटनाक्रम, तलाक के मुकदमे की सुनवाई के दौरान अदालत के समक्ष लाए गए, लेकिन निचली अदालत ने महिला की ओर से दाखिल प्रथम लिखित बयान के आधार पर तलाक की याचिका मंजूर कर ली।

### हाईकोर्ट के आदेश का अनुपालन न करने पर कानपुर की दो महिला दरोगा व एक सिपाही निलम्बित

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आदेश का अनुपालन सुनिश्चित न होने पर कानपुर पुलिस कमिश्नर को प्रभारी महिला थाना कमर सुल्ताना व प्रकरण से जुड़ी विवेचक रूबी सिंह को हाईकोर्ट मे 09/08/2024 को तलप किया था। प्रकरण है की कानपुर नगर के विकास पांडेय का अपनी पत्नी से घरेलू विवाद चल रहा है जिस सम्बन्ध मे पत्नी ने विकास पांडेय के विरुद्ध घरेलू हिंसा व अन्य धाराओं मे मुकदमा पनजीकृत कराया था जिसे इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने आदेश से रद्द कर दिया था बावजूद इसके मामले की विवेचक रूबी सिंह लगातार एफ आई आर मे नामित अभियुक्तों पर दबाव बना रही थी और घूस मांग रही थी जबकि अभियुक्त ने कई बार बताया की प्रकरण को हाईकोर्ट ने समाप्त कर दिया है फिर भी थाना प्रभारी व विवेचक अभियुक्त के घर पुलिस बल के साथ गयी और जेल भेजने का दबाव बनाने लगी इसलिए क्षुब्ध होकर विकास ने हाईकोर्ट मे अवमानना याचिका दायर की जिसमे विद्वान अधिवक्ता श्री प्रिंस श्रीवास्तव को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने उक्त आदेश दिया और पुलिस कमिश्नर कानपुर नगर को थाना प्रभारी व विवेचक के साथ व्यक्तिगत रूप से 9 सितम्बर को हाईकोर्ट मे हाजिर होने का आदेश दिया था पुलिस कमिश्नर ने 9 तारीख को शपथपत्र के माध्यम से न्यायालय को अवगत कराया की प्रकरण मे लापरवाही बरतने के कारण एक सिपाही को निलम्बित किया गया है लेकिन हाईकोर्ट इतने से संतुष्ट नही हुआ और कमिश्नर से पूछा की विवेचक के विरुद्ध क्या किया गया और उस शपथ पत्र को अस्विकार्य कर दिया और आदेश दिया की दोषी विवेचक के प्रति कार्यवाही करके न्यायालय के समक्ष 13 सितम्बर को सभी व्यक्तिगत रूप से हाजिर हों। 13 सितम्बर को पुलिस कमिश्नर न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर शपथपत्र दिया की दोषी विवेचक रूबी सिंह को निलम्बित कर दिया गया है एवं एक विवेचक ललिता चौहान जिनका स्थानांतरण गौतमबुद्ध नगर हो गया है को निलम्बित करने के लिए पत्र कमिश्नर कोई भेज दिया गया है एवं एक सिपाही जो डाक का कार्य देखती थी हिना को भी निलम्बित कर दिया गया है। पीड़ित का पक्ष अधिवक्ता प्रिंस श्रीवास्तव ने रखा।

## नैनी के गणेश उत्सव मे जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया आरती

**आठवें दिन पूजा पंडाल में भक्तों के बीच बांटा गया प्रसाद**



**नैनी।** नैनी क्षेत्र के शंकरढाल के निकट खुराना मार्केट में चल रहे गणेश उत्सव मे आठवें दिन पूजा पंडाल में गणेश जी की पूजा अर्चना। समाजसेवी सुधीर शर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष अरवल बिहार ने किया। वहीं उनका स्वागत पार्षद राकेश जायसवाल व महाकाल ग्रुप के लोगों ने किया। पंडाल में भक्तों की भीड़ जुटी रही। वहीं मनमोहक झांकियों को देख लोग मंत्रमुद्ध हो गए। इस दौरान पंडाल में उपस्थित भक्तों ने गणेश जी के जय कारे लगाए। समाजसेवी सुधीर शर्मा ने बताया की कोई भी कार्य करने से पहले लोग भगवान गणेश जी की पूजा करते हैं। उसके बाद ही किसी कार्य का शुभारंभ करते हैं। जिससे की कार्य में किसी भी तरह की बाधा न आने पाए। ढोल की थाप और शंखनाद के बीच भक्तों का उत्साह देखने को मिला। इस दौरान भक्तों की अच्छी खासी भीड़ पंडाल में बनी रही। समाजसेवी मंटू सिंह, समाजसेवी राजेश साहू, विनय सिंह, मोनू सिंह, अतुल केसरवानी, डॉ संदीप पाल, कुलदीप शर्मा, लकी, विनोद केसरवानी, टुनटुन पांडे, संजय यादव, अमित सिंह, पप्पू साहू, विशाल गुप्ता, विकास गुप्ता, रितेश गुप्ता, विजय गुप्ता, राजा केसरवानी आदि भक्तगण मौजूद रहे।

# महर्षि विद्या मन्दिर नैनी में मनाया गया हिन्दी महोत्सव

अखंड भारत संदेश




**नैनी।** शनिवार को महर्षि विद्या मन्दिर नैनी में विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा चन्दोला के दिशा निर्देशिन में हिन्दी महोत्सव मनाया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ श्री गुरूवन्दना से हुआ । प्रधानाचार्या जी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम में गति दिया । सर्वप्रथम श्री गणेश एवं माता सरस्वती को याद करते हुए छात्राओं ने सरस्वती वन्दना को प्रस्तुत किया । छात्र-छात्राओं द्वारा कविता , दोहे एवं चौपाइयों को मधुर स्वर में प्रस्तुत किया गया । छात्रो ने अपनी प्रस्तुतियो मे बताया कि 14 सितम्बर 2024 का दिन हर भारतवासी के लिए गर्व का दिन है । आज का दिन पूरे देश को एक सूत्र में पिरोने वाली भाषा सभी को समर्पित है । हिन्दी एक गौरवान्वित भाषा है। हमारी धरती की बिन्दी भाषा हिन्दी देश को चारो कोने से एक सूत्र में पिरोकर रखा है । लघु नाटक एवं नुक्कड़ नाटक छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया । जो सभी को मन झमुग्ध कर दिया । भक्तिकालीन कवि, छाया वादी कवि एवं हास्य कवि ने अपनी-अपनी कविताओं को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया । कवियों का स्वर वास्तव में अत्यन्त मनोरम रहा, जिसे सुनकर सभी का मन प्रसन्न हो गया । सभी छात्र पूरे मनोवेग से हिन्दी दिवस को मनाया । इस शुभ अवसर पर वाद विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें विजेता पक्ष में रुचिका ओझा एवं विपक्ष में अक्षित रहें । राम स्तुति एवं शिव स्तुति की प्रस्तुति अत्यन्त मनमोहक रही । प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा चन्दोला जी ने सभी को हिन्दी दिवस की शुभकामना देते हुए कहा कि आज के दिन बच्चों की प्रस्तुति अत्यन्त सराहनीय रही । शैक्षणिक संस्थानों एवं सरकारी कार्यालयों में 1 सितम्बर से ही हिन्दी पखवाड़े की शुरूआत हो जाती है । आज हिन्दी को पूरे विश्व में बेहद सम्मान दिया जाता है । प्रधानाचार्या जी ने अपनी वाणी में विराम देने से पूर्व पुनः सभी को हिन्दी महोत्सव की शुभकामनाओं के साथ सभी को धन्यवाद दिया।

# हिन्दी को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं : संजय कुदेशिया

**दीप प्रज्वलित कर किया हिन्दी सप्ताह का शुभारंभ**

अखंड भारत संदेश




**फूलपुर।** हिंदी दिवस मनाना महत्वपूर्ण है इससे हमारी मातृभाषा की महत्ता प्रदर्शित होती है परन्तु इससे भी महत्वपूर्ण है की हम हिन्दी को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं। यह बातें शुक्रवार को इफको के प्रशिक्षण केन्द्र के सभागार में हिन्दी सप्ताह का दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन करते हुए इफको के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (इकाई प्रमुख) संजय कुदेशिया ने कही। उन्होंने कहा कि हिन्दी स्वाभिमान व गर्व की भाषा है इसलिए हमें अपनी मातृभाषा पर गर्व होना चाहिए। यह हमारा दायित्व है कि हम इसका और भी प्रचार प्रसार करें। कहा कि हिंदी के महत्व व उपयोगिता को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जोड़ना ही इस वर्ष की थीम है। हिंदी कार्यसमिति के संयोजक अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि हमें हिंदी को विश्व भाषा के रूप में विकसित करने का प्रयास करना चाहिए। इसके उपरांत सहज प्रश्नोत्तरी एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में इफको कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन हेमलता सिजोरिया तथा धन्यवाद ज्ञापन जनसम्पर्क अधिकारी व इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के महामंत्री स्वयम्‌ प्रकाश ने किया। इस दौरान महाप्रबंधक क्रमशः संजय वैश्य, एम.डी.मिश्र, संजय भंडारी, संयुक्त महाप्रबंधक क्रमशः रत्नेश कुमार, अरवेन्द्र कुमार, एस.के. सिंह, विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी, इफको इम्पलाइज संघ के महामंत्री विजय कुमार यादव तथा बड़ी संख्या में इफको अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## चनेथू बजरंगपुरम में विशाल दंगल का आयोजन आज

**जंघई।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बड़े रविवार को चनेथू बजरंगपुरम में दंगल का आयोजन किया गया है जिसमें दूरदराज से दर्जनों छोटे बड़े पहलवान आयेंगे और अपने अपने अंदाज में अपने प्रतिद्वंद्वियों को पटखनी देकर विजय हासिल करेंगे। दंगल प्रतियोगिता का आयोजन स्मृति शेष पंडित दंगल दास शुक्ल द्वारा प्रारंभ किया गया था जो कि विगत कई वर्षों से अनवरत उनके परिजनों द्वारा आयोजित किया जा रहा है। दंगल में भाग लेने वाले पहलवानों को उचित पुरस्कार देकर आयोजकों द्वारा सम्मानित किया जाता है। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक एडवोकेट राजीव रत्न शुक्ल एवं सहयोगी डिंपल शुक्ल ने दिया है।

## मोबाइल शॉप में लाखों की हुई चोरी में प्रतापगढ़ में मोबाइल सहित चोर पकडे गए

**मऊआइमा।** मऊआइमा में दो दिन पूर्व मोबाइल शॉप में हुई चोरी के मामले में बेचने के लिए मोबाइल लेकर गए।चोरों को मय मोबाइल सहित तीन चोरों को प्रतापगढ़ की लीलीपुर थाने की पुलिस हिरासत में ले कर पूछ ताछ कर रही है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर खास निवासी मोहम्मद अनवर पुत्र मोहम्मद मकबूल की मोबाइल शॉप में 12 सितम्बर को शटर तोड कर चोरों ने लाखों रूपए का कीमती मोबाइल चोरी कर ले गए थे। जिसपर अनवर ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। भुक्तभोगी मोहम्मद अनवर ने बताया कि शुक्रवार को शाम को मेरे यहां चोरी हुए कुल 42 मोबाइलों को चोर बेचने के लिए प्रतापगढ़ के लीलापुर बाजार में गए थे। जहां दुकानदार ने लीलापुर पुलिस को सूचना दे दी। लीलापुर पुलिस ने चोरी हुए 42 मोबाइलों के साथ अब्दुल और उसके भाई मोहम्मद सलमान पुत्रगण स्वर्गीय मोहम्मद शफीक ग्राम मदारी थाना मऊआइमा तथा अनिरूद्ध तिवारी पुत्र आधा प्रसाद तिवारी ग्राम जगेशरगंज कोतवाली लालगंज प्रतापगढ़ को मय मोबाइल सहित गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। बताया गया है कि मोहम्मद सलमान के ऊपर पूर्व में चार मुकदमा गैंगस्टर सहित दर्ज है जबकि अनिरूद्ध तिवारी पर भी चोरी सहित गोवध के चार मुकदमा दर्ज है। भुक्तभोगी अनवर ने इसकी सूचना मऊआइमा पुलिस को दी है। मऊआइमा पुलिस अब चोरों को रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी।

# सबसे प्यारी सबसे न्यारी हिन्दी भाषा है हमारी



हिन्दी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में चेयरपर्सन, प्रिंसपल व छात्र-छात्राएं।

## न्यू एंजिल्स स्कूल में बच्चों ने स्वरचित कविताएं सुनाकर मनाया हिन्दी दिवस

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** हिन्दी दिवस के अवसर पर न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में सीनियर क्लास के बच्चों ने अपनी रचित कविताओं से श्रोताओं का मन मोह लिया। बच्चे हिन्दी दिवस पर एक से बढ़कर एक कविता सुनाए।

कक्षा 7 से लेकर कक्षा 12 तक के छात्र छात्राओं ने स्वरचित रचनाएं सभागार में पूरे जोश और उत्साह के साथ पढ़ा। वहीं कुछ छात्र छात्राओं ने महान कवियों और लेखकों की रचनाओं का कविता पाठ भी किया।

कक्षा सात की अरीशा ने जब इस वतन पर कोई आंच आएगी, प्रज्ञा ने हां मैं एक छोटी बच्ची हूं, यशस्वी ने ज़िन्दगी शब्द तो सुना होगा, दीप्ति ने हिन्दी बोलना है सबसे आसान, कक्षा 8 की अंशिका ने राम के नाम पर मांगी हुई रोटी, अपूर्वा ने सबसे प्यारी हमारी राष्ट्र भाषा हिन्दी, मुस्कान ने.. रंग बिरंगे खाने, छात्र शिफान ने सबसे प्यारी सबसे न्यारी हिन्दी भाषा हमारी है और यश ने भारत की शान हिन्दी का सम्मान कक्षा नौ की अंशिका पाल ने बहते ख्वाबों की धार हूं मैं, नैना ने एक दिन सपना नींद से टूटा, चित्रा ने एक लड़की छोटी सी, स्नेहा ने बहुत सुनहरा मौक़ा आया श्रेया ने हे प्रकृति तुम काफी हो और छात्र मंयक ने हिन्दी दिवस आया खुशियां लाया, मो अत्याब ने.. आओ प्रेरणा की ज्वाला जलाएं अंतर्मन की शक्ति जगाएं कक्षा दस के शौर्य ने.. भारत के लोगों, जागो और कक्षा ग्यारह की राशि ने.. नारी तुम अपने हाथों से संहार करो, वैष्णवी ने आज फिर मुस्कूराने का मन करता है और कक्षा बारह की तानवी ने कुछ ख़्वाहिश थी हमारी, अपनी अपनी रचनाएं सुनाई जिससे पूरा हाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य बी के सोनी ने सभी को हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं दी। चेयरपर्सन डॉ शाहिदा ने बताया कि 14 सितम्बर 1949 को ही संविधान सभा ने यह निर्णय लिया था कि हिन्दी केन्द्र सरकार की अधिकारिक भाषा होगी और तब से प्रतिवर्ष 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस मनाया जाता है कार्यक्रम में पूनम, श्रेया, रेखा, तान्या, शकुन्तला, आर के मिश्रा आदि अध्यापक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुमन सिंह ने किया।

## एलायंस क्लब ने वृद्धाश्रम में किया गोष्ठी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** हिंदी दिवस पर एलायंस क्लब इंटरनेशनल द्वारा वृद्धाश्रम महुली में एक गोष्ठी का आयोजन क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर रोशन लाल उमरवैश्य की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में वृद्ध दादा-दादी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि हिंदी की भाषा में जो मिठास है वह अन्य भाषा में नहीं है। हिंदी एक ऐसी भाषा है जिसे पूरे विश्व में लोग आसानी से समझ लेते हैं। आभार ज्ञापन प्रबंधक अंबिका प्रसाद ने किया। इस अवसर पर जयराम, शिव बाबू मिश्रा, शिवचंद शुक्ला, गरीब, जितेंद्र, शीला, अनारकली, ललिता, चेतनाबाई, सरिता, रामबोध, रामचंदर, रामकुमार, आशिक अली, अख्तर अली, राम सुख पांडे, भगवान दीन, राजेंद्र प्रसाद, लालता प्रसाद, हीरालाल, अंबिका प्रसाद, धर्मेंद्र कुमार, साक्षी मिश्रा, अमित कुमार, सुनील कुमार, अतुल कुमार, आदर्श कुमार, विवेक कुमार, शिवेश शुक्ला, परमानंद मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## साकेत गर्ल्स पीजी कालेज में मना हिन्दी दिवस

**अखंड भारत संदेश**



छात्रा अनम को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित करते अतिथिगण।

**प्रतापगढ़।** साकेत गर्ल्स पी0जी0 कॉलेज, दहिलामऊ के सभागार में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में हिन्दी दिवस का कार्यक्रम मनाया गया जिसमें महाविद्यालय के अध्यक्ष प्रेमचन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि 14 सितम्बर 1949 को संविधान सभा द्वारा देवनागरी लिपि में लिखी हिन्दी को राजभाषा का दर्जा दिया गया। महाविद्यालय के संस्थापक अरविन्द श्रीवास्तव ने बताया कि हिन्दी दिवस का आज ये पावन अवसर है। पिछले कुछ वर्षो में इण्टरनेट और सामाजिक माध्यमों के आने से हिन्दी के विस्तार में बहुत प्रगति हुई है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 नीलिमा श्रीवास्तव ने उर्दू विभाग में गोल्ड मेडल पाई छात्रा कु0 अनम फातिमा एवं हाईस्कूल में सर्वोच्च अंक पाने वाली छात्रा कु0 शाम्भवी शुक्ला को अध्यक्ष द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित कराया। आये हुये अतिथियों के प्रति आभार श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव ने व्यक्त किया। कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 अनीता पाण्डेय, डॉ0 प्रतिभा मिश्रा एवं श्री अनन्त प्रकाश शुक्ला द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अमित शर्मा, सुजस शुक्ला, डॉ0 प्रभा शर्मा, अनीता त्रिपाठी, ज्योति सिंह, आरती श्रीवास्तव, संजय पाण्डेय, रईस अहमद, अज़मत अली उपस्थित रहे।

## ग्राम विकास अधिकारी के पद पर हुआ चयन

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** लेखपाल के पद पर तैनात युवक का ग्राम विकास अधिकारी के पद पर चयन हुआ है। एसडीएम समेत सहकर्मियों ने मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के उमराडीहा निवासी विशाल सिंह पुत्र अजीत प्रताप सिंह का चयन पूर्व में लेखपाल के पद पर हुआ है। जो वर्तमान समय में पट्टी तहसील के नोही गांव के लेखपाल के पद पर रह कर अपनी सेवाएं दे रहा है। दो दिन पूर्व आए परिणाम में विशाल सिंह का चयन ग्राम विकास अधिकारी के पद पर हो गया। जिसकी जानकारी एसडीएम पट्टी तनवीर अहमद को हुई तो उन्होंने भी विशाल को मिठाई खिलाकर शुभकामना दी। वही इस दौरान पुलिस क्षेत्र अधिकारी पट्टी आनंद राय, कोतवाल आलोक कुमार, कानूनगो अरुण सिंह, गणेश सिंह, रविंद्र सिंह, व साथी लेखपाल अंकित सिंह, आदित्य दुबे, मनीष पाल, व अन्य ने मिठाई खिलाकर शुभकामना दी।

## देशवासियों को एक सूत्र में पिरोने का माध्यम है हिंदी

### एमडीपीजी में आयोजित कार्यक्रम में बोले न्यायमूर्ति

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** हिंदी देशवासियों को एक सूत्र में पिरोने का माध्यम है। यह देश के अधिकांश लोगों द्वारा बोली जाने वाली भाषा है। यह बातें इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति माननीय नीरज तिवारी ने एमडीपीजी कॉलेज में आयोजित हिंदी दिवस समारोह में कहीं। उन्होंने कहा कि हमारे यहां कहावत है कि ष्कोस -कोस पर बदले पानी, चार कोस पर बानीष्।इन सबके बावजूद हिंदी एक माध्यम के रूप में सबके लिए सहज एवं सरल है। हिंदी दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी भाषा है।यह विचारों ,भावनाओं एवं संदेशों की अभिव्यक्ति का माध्यम है जिससे हमारा आपस में जुड़ाव होता है। उन्होंने कहा कि हम सभी संकल्प लें कि हिंदी का अधिकतम प्रयोग करके हम अन्य भाषी क्षेत्रों में भी हिंदी के माध्यम से अपना जुड़ाव बढ़ाएं और अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित करें।

जिला जज अब्दुल शाहिद ने कहा कि हम सब की कोशिश है की अदालत में बहस एवं आदेश भी ज्यादा से ज्यादा हिंदी में ही हों। उन्होंने एक संस्मरण सुनाते हुए कहा कि पिताजी ने यह सिखाया की ज्ञान वह वस्तु है जो औरों को देने के बाद वापस नहीं ली जा सकती है और भारत जैसे देश में ज्ञान के प्रसार के लिए हिंदी महत्वपूर्ण है। मुख्य वक्ता इलाहाबाद विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर ऋषिकांत पांडेय ने कहा कि सन 1949 में हिंदी को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया। 1953 से हम हिंदी दिवस मना रहे हैं। हिंदी एक उत्कृष्ट भाषा है जिससे हम अपने विचारों एवं भावनाओं की अभिव्यक्ति एक दूसरे से सहजता एवं सरलता से कर सकते हैं।

हिंदी शाब्दिक अभिव्यक्ति के साथ ही न प्रकट किए जा सकने वाले असीम आनंद की अनुभूति का भी एक माध्यम है। इस अवसर पर एमडीपीजी कॉलेज के ही हिंदी विभाग के डॉ अरुण कुमार मिश्र की पुस्तक ष्भारतीय संस्कृति में रामष् एवं विष्णु दत्त मिश्र प्रसून द्वारा रचित काव्योपवन का लोकार्पण भी मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रमन मिश्र ने एवं संचालन प्रो रमेश चंद्र शुक्ल ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं उनकी पूजा अर्चना से हुआ। जनपद हिंदी साहित्य सम्मेलन के प्रधानमंत्री आनंद कुमार पांडे ने अतिथियों का स्वागत किया एवं जनपद हिंदी साहित्य सम्मेलन की स्थापना पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो अरविंद मिश्र एवं अध्यक्ष प्रमन मिश्र ने अतिथियों को अंगवस्त्रम एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी संजीव रंजन, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अर्चना तिवारी, पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार, आदि उपस्थित रहे। महाविद्यालय के अवकाश प्राप्त शिक्षक प्रो अरुण कुमार श्रीवास्तव, प्रो अमिता मिश्रा एवं गीता शुक्ला एवं पट्टी पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज के प्राचार्य प्रो अखिलेश पांडे को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लालगंज पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो शैलेंद्र मिश्र, प्रो राजीव मालवीय, प्रो ऊषा तिवारी, डॉ छवि नारायण पांडे, डॉ अरुण वर्मा सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा किया गया।



एमडीपीजी कालेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद न्यायमूर्ति।



हिन्दी दिवस कार्यक्रम में मौजूद प्रतिभागीगण।

## हिन्दी दिवस के अवसर पर हुए विभिन्न कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** दिव्य ज्योति सेवा संस्थान द्वारा राष्ट्रीय हिन्दी दिवस के अवसर पर अवधेशपुरम् (ऐंठू) में राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

अध्यक्ष डॉ रणजीत सिंह ने कहा कि 14 सितम्बर, 1949 को देश की संविधान सभा ने सर्वसम्मति से हिन्दी को राजभाषा के रूप में अपनाया था और इसलिए प्रत्येक वर्ष 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस तथा 14-29 सितम्बर तक हिन्दी पखवारा मनाया जाता है। डॉ अवधेश सिंह ने कहा कि हिंदी विश्व में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है। इस अवसर पर निबन्ध प्रतियोगिता, पत्र लेखन प्रतियोगिता तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ अवधेश सिंह, डॉ नवीन सिंह, महेंद्र प्रताप, प्रदीप सिंह तथा प्रतियोगियों में संजय यादव, निषि वर्मा, दिनेश पाल, श्रुति मिश्रा, कंचन पाठक, रमेश जायसवाल, संदीप सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## भाजयुमो ने फूंका पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का पुतला

### माफिया व मठाधीश के वक्तत्व पर भड़के कार्यकर्ता

**अखंड भारत संदेश**



पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का पुतला फूंकते भाजयुमो कार्यकर्ता।

**प्रतापगढ़।** जिला अध्यक्ष अंशुमान सिंह के नेतृत्व में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा शनिवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का पुतला दहन किया गया। अखिलेश यादव के द्वारा यह वक्तव्य दिया गया है कि मठाधीश और माफिया में ज्यादा अंतर नहीं है।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष अशुमान सिंह ने कहा कि इस वक्तव्य का सीधा तंज मुख्यमंत्री के ऊपर था। अखिलेश यादव को यह ज्ञान नहीं है कि मठाधीश और माफिया में अंतर नहीं है। उन्होंने कहा कि माफिया वह होता है जो लोगो की भूमि कब्जा कराता है दिनदहाड़े हत्या कराता है। लूट, हत्या, बलात्कार, डकैती जैसी घटनाओं को अंजाम देता है। माफिया की वजह से आम जन मानस के जीवन मे डर का माहौल होता है। युवा मोर्चा प्रतापगढ़ द्वारा जिला अध्यक्ष अंशुमान सिंह के नेतृत्व में युवा मोर्चा साथियों के साथ अखिलेश यादव का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री नितीश श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी मदन पाल, नीरज अग्रहरि, मण्डल अध्यक्ष प्रिंस पांडेय, विकल पाण्डेय, रोहित सिंह, राहुल मौर्य, पंकज द्विवेदी, विनय सिंह, निहाल सिंह, प्रांजल सिंह, मनीष पाण्डेय, सिद्धार्थ सिंह, गजराज सिंह, राम आसरे पाल, राम शर्मा आदि युवा साथी मौजूद रहे।

## दो बाइक आपस में टकराई महिला समेत तीन घायल

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** चमन चैराहे के समीप दो बाइक आपस में टकरा गई जिससे तीन लोग घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी पट्टी में भर्ती कराया गया। पट्टी तहसील क्षेत्र के ठनेपुर गोपालपुर निवासी बिहारी लाल किसी काम से पट्टी बाजार आया हुआ था। शनिवार को दोपहर बाद वह अपने घर जा रहा था। इस दौरान पीछे से कमलेश सरोज अपनी बाइक पर पिंकी वर्मा पत्नी सुशील वर्मा निवासी पुरेबाबू को बैठाकर पृथ्वीगंज जा रहा था। चमन चैराहे पर बिहारी लाल की बाइक में कमलेश ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे महिला समेत तीनों लोग घायल हो गए। आस-पास के लोग घायलों को इलाज के लिए सीएससी पट्टी भेजा। जहां उनका इलाज किया गया।

### थाना दिवस का हुआ आयोजन, दो का हुआ निस्तारण

**पट्टी, प्रतापगढ़।** थाने पर आयोजित समाधान दिवस में कुल 14 शिकायत आई। दो का मौके पर निस्तारण किया गया। शनिवार को पट्टी थाने पर थाना दिवस का आयोजन सुबह दस बजे से दो बजे तक किया गया। इस दौरान एसडीएम तनवीर अहमद पुलिस क्षेत्राधिकार पट्टी आनंद राय ने मौजूद रहकर शिकायतकर्ताओं की फरियाद सुनी। इस दौरान कुल 14 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिनमें से दो शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया। अन्य को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित लेखपाल को समाधान का दिया गया निर्देश। महत्वपूर्ण बात यह रही की सभी प्राप्त 14 शिकायतें भूमि से संबंधित रही। आयोजन के दौरान लेखपाल कानूनगो के साथ कोतवाल आलोक कुमार मौजूद रहे।

## नगर में निकली जल झूलनी रथ यात्रा, भक्तों ने किया स्वागत

**अखंड भारत संदेश**



जल झूलनी रथ यात्रा में शामिल भक्तगण।

**प्रतापगढ़।** लक्ष्मी नारायण मंदिर से अनवरत वर्षो से चली रही आ रही जल झूलनी रथ यात्रा महोत्सव इस वर्ष भी लक्ष्मी नारायण मंदिर से निकली। यह यात्रा मां श्री बेल्हा देवी के मंदिर प्रांगण मे पहुंची। वहां पूजन उपरान्त पुनः श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर पर आकर यात्रा का समापन हुई।

इस दौरान रथ का भक्तों ने स्वगात किया। बता दें कि श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर जेल रोड से दिन में तीन बजे निकल कर रजत सेलिब्रिटीज होते हुए सिनेमा रोड से सब्जी मंडी होते हुए गोपाल मंदिर में पूजन के उपरांत श्याम बिहारी गली में दादी राणी सती व भोलेनाथ व दुर्गा मंदिर में पूजन के उपरांत चैक होते हुए माँ बेल्हा देवी मंन्दिर पहुंची। यहां स्नान ध्यान आरती के बाद पुनः श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में रथ यात्रा रात्रि 8 बजे आरती पूजन के बाद सम्पन्न हुई। इस रथ यात्रा में पंडित विक्की महाराज, सोहन, गोपी, अरविंद, विजय पांडेय, विष्णुजी, कन्हैया, विजय श्रीवास्तव एडवोकेट, निशाकांत आदि मौजूद रहे।

## एएसपी की फटकार पर आधा दर्जन के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं में केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** एएसपी की फटकार पर कोतवाली पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास व घर में घुसकर मारपीट तथा तोडफोड समेत गंभीर धाराओ मे केस दर्ज किया है।

लालगंज के पडरी निवासी हरिकेश सरोज की पत्नी उर्मिला देवी ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सात अगस्त को शाम चार बजे वह अपनी सरिआ में छप्पर का छाजन कर रही थी। रंजिशन गांव के शान्ति प्रसाद पुत्र बचऊ तथा जानकी प्रसाद के पुत्र श्रवण व अरूण, रामनाथ के पुत्र बृजलाल एवं केशलाल तथा रमेश की पत्नी अगाईन व दूरा ने वहां आकर गालीगलौज शुरू कर दी। पीड़िता ने मना किया तो आरोपियों ने लाठी डंडे से उसे पीटना शुरू किया। जान बचाने को पीड़िता घर में घुस गयी तो आरोपियो ने घर के अंदर भी मारपीट कर उसे चुटहिल कर दिया। पीडिता हमले मे बेहोश हो गयी। आरोपियो ने सरिआ में तोडफोड भी की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर शान्ति प्रसाद समेत सात आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, आरोपियो को शीघ्र ही हिरासत में लिया जाएगा।

## दुर्घटना में वृद्ध की मौत, कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** साइकिल से घर जा रहे बुजुर्ग की बाइक की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गयी। वृद्ध की मौत की सूचना घर पहुंची तो परिजनों में कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के पूरे चोप सिंह निवासी दुखी सरोज का पुत्र कलकू सरोज 70 शनिवार की सुबह आठ बजे रामपुर बावली बाजार से घर जा रहा था। साइकिल से घर जा रहे बुजुर्ग को रामपुर जलेशरगंज रोड पर पूरे बख्तावर के समीप अज्ञात बाइक ने टक्कर मार दी। घायल को लोगों ने इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेण्टर पहुंचवाया। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के एक पुत्र हरीलाल व दो पुत्रियां शक्ति व सीता निराश्रित हो गयीं हैं। दुर्घटना में वृद्ध की मौत की सूचना परिजनों को हुई तो वह रोने बिलखने लगे।

## समाधान दिवस में उन्नींस में से चार का निस्तारण

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय कोतवाली में थाना समाधान दिवस में उन्नीस शिकायतो मे से चार का अफसरो ने निस्तारण कराया। शिकायतों की सुनवाई प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव ने की। गोसांई का पुरवा अमांवा निवासी विनोद कुमार वर्मा ने थाना समाधान दिवस में दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा है कि गांव के प्रधान द्वारा चकमार्ग पर जबरिया नल की बोरिंग करायी जा रही है। वहीं इसी गांव के राज नारायण मौर्या ने शिकायत मे कहा है कि उसके द्वारा कई बार गांव सभा की जमीन पर सरकारी रास्ते में अतिक्रमण की शिकायत दर्ज करायी गयी। एसडीएम के निर्देश के बावजूद क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा कार्रवाई नही की जा रही है। आरोप है कि लेखपाल द्वारा पीड़ित को शिकायत को लेकर धमकी भी दी जा रही है। सांगीपुर तथा उदयपुर व लीलापुर थानों में भी समाधान दिवस पर शिकायतों की सुनवाई हुई। सांगीपुर मे तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने शिकायतों की सुनवाई की।

### सांगीपुर में तहसीलदार ने सुनीं शिकायतें

### राष्ट्रीय लोक अदालत लालगंज में एक सौ सतहत्तर वादों का हुआ निस्तारण

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय सिविल न्यायालय में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ। लोक अदालत में सिविल जज अरविन्द सिंह ने सुलह समझौते के आधार पर छोटे मसलों को हल करने पर जोर दिया। उन्होनें कहा कि लोगों को समय रहते न्याय मिल सके, इसके लिए अधिवक्ताओं की भूमिका भी प्रभावी होना आवश्यक है। लोक अदालत में सिविल के तेरह वादों तथा पांच आपराधिक वादों एवं अन्य चालानी जुडे वादों मे एक सौ अटठावन का निस्तारण किया गया। कुल एक सौ सतहत्तर वादों का निस्तारण कराया गया। वहीं लोक अदालत में बाइस लाख बान्नवे हजार सात सौ अठारह रूपये का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र निर्गत हुआ। वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकर नाथ शुक्ल, पूर्व उपाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चतुर्वेदी, पूर्व उपाध्यक्ष शहजाद अंसारी, पवन पाण्डेय, जितेन्द्र सिंह, इरफान, जान्हवी प्रताप सिंह, शेष तिवारी, कमलेश तिवारी, टीपी यादव आदि अधिवक्ता रहे।

## मीट व्यवसाई को असलहा सटा कर नगदी व मोबाइल छीना

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मीट व्यवसाय को असलहा सटाकर 15 हजार व मोबाइल छीनकर बदमाश फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस छानबीन में जुटी हुई है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के मरियमपुर गांव के नहर की पटरी के किनारे गांव निवासी संतोष सरोज गुमटी में मीट का व्यवसाय करता है। शुक्रवार की रात्रि 8 बजे जब वह अपनी दुकान पर बैठा था कि एक बाइक पर दो लोग पहुंचे असलहा सटाकर व्यवसाय का 15 हजार नगद और मोबाइल छीन लिया। समीप ही अंडे व्यवसाय करने वाले विजय बहादुर से भी 1500 ले लिया। बदमाश नहर से श्रीनाथपुरम की तरफ जाने वाली छोटी नहर की पटरी पर भागने लगे। इस दौरान शोर मचाने पर ग्रामीणों की भीड़ बदमाशों को दौड़ा लिया। बदमाश भाग कर श्रीनाथपुर गांव पहुंच गए। ग्रामीण भी पीछा करते श्रीनाथपुरम गांव पहुंचे पर बदमाश गांव में कहां गुम हो गए किसी को पता नहीं चल पाया। सूचना मिलते ही पट्टी थाने की भारी फोर्स मौके पर पहुंची पर किसी भी आरोपी को पुलिस भी पकड़ने में कामयाब नहीं रही। पीड़ित को थाने लाकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 27743 वाद का निस्तारण, 20983127 रुपए वसूला गया

**कौशाम्बी।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी के तत्वाधान में जनपद न्यायाधीश अनुपम कुमार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलित दिनांक 14.09.2024 को किया गया। न्यायिक अधिष्ठान के सभी न्यायिक अधिकारीगण, मॉडल बार के अध्यक्ष महामंत्री एवं अधिवक्तागण एवं बैंक अधिकारी व कर्मचारीगण तथा जनमानस उपस्थित रहे।

उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में वादों के निस्तारण के क्रम में माननीय जनपद न्यायाधीश द्वारा कुल 02 वाद का निस्तारण कर 1,000/- रु0 का अर्थदण्ड वसूला गया। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वारा कुल 23 परिवारिक वादों का निस्तारण किये गया। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण न्यायालय द्वारा 30 वादों का निस्तारण कर प्रतिकर के रूप में

**जनपद न्यायाधीश ने दीप प्रज्जवलित कर राष्ट्रीय लोक अदालत का किया शुभारम्भ**




1,20,31,000/- रू0 दिलाया गये तथा इसी क्रम में अपर जनपद न्यायाधीश प्रथम द्वारा कुल 07 वाद का निस्तारण कर 15,500/- रू0 का अर्थदण्ड वसूला गया। अपर जनपद न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी द्वारा 01 वाद का निस्तारण कर 500/- रू0 का अर्थदण्ड वसूला गया। अपर जनपद न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट द्वारा 06 वाद का निस्तारण कर 3,000/- का अर्थदण्ड वसूला गया। अपर जनपद न्यायाधीश सप्तम द्वारा कुल 03 वाद का निस्तारण किया गया। अपर जनपद न्यायाधीश/त्वरित न्यायालय प्रथम द्वारा विद्युत अधिनियम के 109 वादों का एवं 01 सिविल वाद का निस्तारण किया गया। अपर जनपद न्यायाधीश/त्वरित न्यायालय द्वितीय द्वारा कुल 01 वाद का निस्तारण किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा कुल 1186 फौजदारी वादों का निस्तारण कर 7,99,560/- रू0 अर्थदण्ड वसूला गया। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/सिविल जज सी0डि0 द्वारा कुल 202 वादों का निस्तारण कर 7,395/- रू0 का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया। सिविल जज सी0डि0/त्वरित न्यायालय द्वारा कुल 49 वादों का निस्तारण कर 4,585/- रू0 अर्थदण्ड वसूला गया। सिविल जज जू0डि0 द्वारा 322 वादों का निस्तारण किया गया। न्यायिक मजिस्टेट द्वारा 253 वादों का निस्तारण कर 11,450/- रू0 का अर्थदण्ड वसूला गया। इसी प्रकार अपर सिविल जज जू0डि0 द्वितीय द्वारा 70 वादों का निस्तारण किया गया। सिविल जज जू0डि0/त्वरित न्यायालय प्रथम द्वारा कुल 97 वाद निस्तारित कर 36,730/- रू0 अर्थदण्ड वसूला गया। ग्राम न्यायालय, चायल द्वारा कुल 74 वाद निस्तारित कर 10,870/- रू0 का अर्थदण्ड वसूला गया। जिले के समस्त राजस्व न्यायालयों द्वारा 24195 वादों व पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा 513 वादों का निस्तारण कर 10,02,231 रू0 जमा कराया गया। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, कौशाम्बी द्वारा 09 वाद निस्तारित कर 1,37,696 रू0 जमा कराया गया। न्यायालय, स्थायी लोक अदालत (जनोपयोगी सेवायें), कौशाम्बी द्वारा सुलह समझौते के आधार कुल 01 मामले का निस्तारण किया गया तथा बैंक के ऋण वसूली वादों से सम्बन्धित जनपद के सभी बैंको के द्वारा 589 वादों का निस्तारण कर 69,21,610 रू0 जमा कराया गया। इस प्रकार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल वाद 27743 का निस्तारण कर 2,09,83,127 रू0 वसूला गया। तदोपरान्त राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी श्रीमती शीरीन जैदी, विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट, कौशाम्बी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## 52 लाख घोटाले के आरोपी पंचायत सचिव को फिर दे दिया चार्ज

**कोखराज कौशांबी।** पंचायत विभाग में घोटाले बाज पंचायत सचिव पर विभागीय अधिकारी मेहरबानी बराबर बनाए हुए हैं जिससे पंचायत विभाग का भ्रष्टाचार रुकने का नाम नहीं ले रहा है सिराथू विकासखंड क्षेत्र में तैनात रही पंचायत सचिव अर्चना सरोज पर 52 लाख घोटाले का आरोप लगा था इन पर कोखराज थाना में 28 मार्च 2022 को मुकदमा अपराध संख्या 205 आईपीसी की धारा 420 वा 409 के तहत मुकदमा भी दर्ज हुआ था लेकिन अभी मामले का पूरी तरह से निस्तारण नहीं हुआ है दोष मुक्त नही हुए है 52 लाख की रिकवरी नही हुई आरोपी ग्राम बिकास अधिकारी अर्चना सरोज की गिरफ्तारी नहीं हुई है ढाई वर्ष बीत जाने के बाद भी मामले में लगातार लीपापोती हो रही है और 52 लाख घोटाले के आरोपी पंचायत सचिव अर्चना सरोज को सिराथू विकासखंड क्षेत्र के करनपुर सौराई माधव मई नाजिया मई और सौराई खुर्द में तैनाती का आदेश जिला पंचायत राज अधिकारी ने 13 सितंबर को जारी कर दिया है जिस पर फिर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं।

## न्यूज झरोखा

### अपनी मातृभाषा को हमें नहीं भूलना चाहिए : अनिल कुमार मिश्र



**भरवारी कौशाम्बी** भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी में शनिवार को हिन्दी दिवस पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया हिन्दी हमारी मातृभाषा है इस पर प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्र ने प्रकाश डाला और कहा अपनी मातृभाषा को हमें नहीं भूलना चाहिए और कहा 'हिन्दी है हम वतन है हिन्दुस्तां हमारा 'प्रतियोगिता दो वर्गो में आयोजित हुई- कक्षा 6-8 वर्ग में मुस्कान,पुष्पांजलि केसरवानी एवं अर्पिता राय क्रमश प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रही। कक्षा 9-12 वर्ग में प्रथम- शिवांगी तिवारी,दितीय- अनामिका सिंह एवं तृतीय-भास्कर रहे। प्रतियोगिता का आयोजन हिन्दी शिक्षक नागेंद्र द्विवेदी ने किया। सभी शिक्षकों ने प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका अदा की। पुरस्कार वितरण प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्र ने किया

### नायब तहसीलदार व सीओ सिराथू ने सुनी समस्या



**कोखराज कौशांबी** समाधान दिवस के अवसर पर कोखराज थाना में नायब तहसीलदार संजय सिंह व सिराथू सीओ अवधेश विश्वकर्मा एसओ कोखराज दुर्गेश कुमार गुप्ता व राजस्व निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह की उपस्थिति में आम जनमानस व फरियादियों की समस्याओं को सुना गया और मामले का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने का सम्बंधित क्षेत्र के लेखपालों को आदेशित किया गया समाधान दिवस के मौके पर 10 मामलें आये जिसमें 4 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। मौके पर एसओ कोखराज दुर्गेश कुमार गुप्ता चौकी प्रभारी अतुल श्रीवास्तव,चौकी प्रभारी शाहजाद पुर सियकान्त चौरासिया व राजस्व निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह,लेखपाल लोकनाथ पांडेय, ,देवेंद्र सिंह, सुमित केशरवानी,कृष्णा नन्द, ,अमन सिंह नरेंद्र सिंह, कमल सिंह,आदि लोग उपस्थित रहे।

### अखिलेश यादव दिये गये बयान को लेकर फूंका पुतला



**कौशाम्बी।** अखिलेश यादव द्वारा दिए गए बयान मठाधीश ही माफिया हैं को लेकर शनिवार को मंझनपुर चौराहे पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष शिवप्रताप मौर्य की अगुवाई में अखिलेश यादव का पुतला फूंका गया इस मौके पर युवा मोर्चा से काशी क्षेत्र में महामंत्री सचिन गोस्वामी जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सोनकर दिनेश सिंह हर्ष केसरवानी नीरज मोदनवाल विनय पाण्डेय शौर्य मिश्रा मनीष मौर्य अंकुर मिश्रा रवि केसरवानी हरीश त्रिपाठी सूरज विश्वकर्मा भोला मौर्य सुनील भारतीय शिवम पांडेय अभय प्रताप सिंह समर उपाध्याय संजीव कुमार मौर्य सहित तमाम पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

### साफ सफाई न होने से गांव की सड़कों में भरा पानी



**बेनीराम कटरा कौशाम्बी** चायल तहसील के ब्लॉक नेवादा अंतर्गत ग्राम सभा शिकंदर पुर आईमा गांव के लोग बदहाली से जूझ रहे हैं गांव में साफ सफाई का अभाव है जिससे गांव में चारों तरफ गंदगी व्याप्त है जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से सड़क पर पानी भरा हुआ है गांव के लोगों को आने-जाने में दिक्कत होती है लेकिन उसके बाद सफाई कर्मी मनमानी पर उतारू है सफाई कर्मी के डियूटी में लापरवाही से नाली बजबजा रही है जिसमें बैक्टीरिया और कीटाणु पनप रहे हैं जो बीमारी का कारण बन रहे हैं कुछ दबंग लोग पानी को बाहर नही निकलने देते है ग्राम प्रधान आशीष नाली को बनवा रहे है अराजक तत्वों ने नाली को भी तोड़ दिया और नाली नही बनने दे रहे है जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने और लगातार जल भराव के चलते गांव में मच्छर पैदा होते है और लोगो के बीमारी का कारण बनते है लेकिन उसके बाद भी खंड विकास अधिकारी और जिम्मेदार गांव की समस्या के समाधान की ओर पहल नहीं कर रहे हैं जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है

### जमीन के विवाद में दो पक्षों में चले लाठी डंडे आठ घायल

**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के अंदावा गांव में जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में लाठी डंडे चलने से आठ लोग घायल हो गए । जिन्हे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस बीच किसी ने मारपीट का वीडियो बनाकर इंटरनेट पर प्रसारित कर दिया । गांव के राम प्रसाद पुत्र नत्थू ने बताया कि उसका एक शौचालय बना हुआ है जिसको उनके पड़ोसी गिराना चाहते है। और रामप्रसाद वहां पर दीवाल खड़ी कर उसे सीधा करना चाह रहा है जिसमें कई बार कहासुनी हो चुकी है और पुलिस से शिकायत भी की गई। लेकिन पड़ोसी नही मान रहे है। इसी को लेकर शुक्रवार की शाम पुनः विवाद हुआ और विपक्षियों ने लाठी डंडों से प्रहार कर दिया। दोनों पक्षों से काफी देर तक लाठी डंडे चले । मारपीट में पहले पक्ष से राम प्रसाद और उसके तीन पुत्र छोटू, राकेश व नरेश तथा दूसरे पक्ष से केशपती उसके पुत्र मनोज, गोलू व पुत्री घायल हो गई है। सूचना पर पहुंची डायल 112 ने सभी घायलों को एंबुलेंस से इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। केस पति और मनोज की हालत गंभीर होने पर उन्हें स्वरूप प्राणी अस्पताल प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया गया। मारपीट के वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

### समाज की कुरीतियों को दूर कर प्रगति पर ले जाना है चौरसिया समाज को



**कौशांबी** जिला के गोरियों गांव में लक्ष्मी नारायण चौरसिया के आवास पर शुक्रवार को चौरसिया समाज की एक बैठक आयोजित किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज की कुरीतियों को दूर करके चौरसिया समाज को प्रगति की ओर ले जाना है। बैठक में संजीव कुमार चौरसिया सभी लोगो को धन्यवाद दिया। जिला अध्यक्ष झल्लर प्रसाद चौरसिया ने कहा कि आज हमारे समाज में कई प्रकार की कुरीतिया फैलती जा रही है मैं समाज के लोग से आग्रह करता हूं की बहु और बेटियो को एक समान रखना चाहिए बच्चो को अच्छी शिक्षा देना होगा जिससे आने वाले समय में हमारा समाज आगे बढ़ सके। कहा कि रजिस्टेशन करवा कर खाता खुलवा दिया है मैं चाहता हूं कि समाज का एक अपना निजी कार्यालय हो जिसमे हम सभी उसमे बैठ कर मीटिंग कर सके अब आप सभी लोग मिल कर खाते में पैसा डालिए जिससे जल्द से जल्द जमीन खरीद कर कार्यालय बनाया जाए वरिष्ठ समाज सेवी अर्जुन प्रसाद चौरसिया ने कहा कि जितना आप लोग साथ देंगे उतना ही समाज आगे बढ़ेगा समाज सेवी लक्ष्मी नारायण चौरसिया ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए पैसे की आवश्यकता है इस लिए हम सभी लोगो को मिल कर यथा शक्ति समाज के खाते में पैसा जमा करना होगा जिला अध्यक्ष झल्लर प्रसाद चौरसिया अर्जुन प्रसाद चौरसिया राजेंद्र प्रसाद चौरसिया संजीव कुमार चौरसिया लक्ष्मी नारायण चौरसिया सेर लाल चौरसिया अजय कुमार चौरसिया भगौती प्रसाद चौरसिया अरविंद कुमार चौरसिया जगरूप चौरसिया यशवंत लाल चौरसिया राम नारायण चौरसिया सीताराम चौरसिया एवम चौरसिया समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे।

## थाना समाधान दिवस पर सराय अकिल थाना पहुंचे आईजी प्रेम गौतम, गहन जांच पड़ताल के बाद अधिनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए



**कौशाम्बी।** शनिवार के दिन थाना दिवस के अवसर पर प्रयागराज जोन के आईजी प्रेम गौतम कानून व्यवस्था का जायजा लेने के लिए सराय अकिल थाना में अचानक पहुंच गए। बिना सूचना के सराय अकिल थाना में आईजी का आगमन होने से पुलिस कर्मी आईजी को देखकर दंग रह गए। सही तरीके से कर्तव्य का पालन न करने वाले लापरवाह पुलिस कर्मियों को आईजी ने कड़ी फटकार भी लगाई। इसी दौरान सराय अकिल थाना में फरियाद लेकर आए फरियादियों की समस्याओं को आईजी द्वारा सरलता पूर्वक सुना गया और अधिनस्थों को गुणवत्तापूर्ण एवं समय अंतर्गत निस्तारण करने का आदेश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि अधिक से अधिक समस्याओं का निस्तारण थाना पर होना चाहिए जिससे लोगों के बीच में कानून व्यवस्था बेहतर होने का एहसास हो सके। इसके बाद उन्होंने थाने का रजिस्टर गंभीरता पूर्वक चेक किए और इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह को आदेशित करते हुए कहे कि थाना स्तर पर आने वाली सभी शिकायतें रजिस्टर में दर्ज की जाए जिससे जरूरत पड़ने पर भविष्य में उसे आसानी से जांचा व परखा जा सके। इसी क्रम में आईजी ने थाना परिसर के हर जगह गहन तरीके से निरीक्षण किए।महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित शिकायतों को परखने के लिए महिला हेल्प डेस्क पर जाकर महिला उपनिरीक्षक यशवंती कुमारी से रजिस्टरों के विवरण की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने महिला उपनिरीक्षक को आदेश देते हुए कहा कि थाना में शिकायत लेकर आने वाली सभी महिलाओं एवं बालिकाओं की शिकायत दर्ज कर उनकी समस्याओं का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण किया जाए। महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी भी दिए। सब कुछ जांचने व परखने के बाद आईजी ने थाना के मेस का जायजा लिए और उन्होंने मेस प्रभारी सुनील से बातचीत करते हुए कहे कि सभी पुलिस कर्मियों को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाए।

## हिंदी दिवस हमें अपनी मातृभाषा के प्रति गर्व और सम्मान की भावना को जागरूक कराता है : राजेश सक्सेना



**कौशाम्बी** हिंदी दिवस समारोह 14 सितंबर 2024 को अपनी परंपरा और संस्कृति को निभाते हुए विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी डॉ. ए. एच. रिजवी पी. जी. कॉलेज करारी के हिंदी विभाग द्वारा महाविद्यालय के सभागार में समारोह का आयोजन किया गया ' कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती पर पुष्प व माल्यार्पण कर किया गया ।इस हिंदी दिवस के अवसर पर करारी कस्बे की परिधि में स्थित करारी इंटरमीडिएट कॉलेज करारी से सुनील कुमार त्रिपाठी एवम राम सूरत, मदर इंडिया इंटरमीडिएट कॉलेज करारी से लाल चंद्र एवम धर्मेंद्र, रियाज इंटरमीडिएट कॉलेज करारी से यशवंत सिंह यादव एवम अनिल कुमार पांडे तथा दुर्गा देवी इंटर कॉलेज ओसा मंझनपुर से चंद्र प्रकाश शुक्ला राम दास और अमित त्रिपाठी आदि हिंदी के विद्वान प्रवक्ताओं को सादर आमंत्रित कर महाविद्यालय के प्रबंधक कर्रार हुसैन रिजवी एवं प्राचार्य के द्वारा अंग वस्त्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया ।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश सक्सेना ने मुख्य अतिथि प्रबंधक एवं सम्मानित विद्वान अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया '.प्रबंधक कर्रार हुसैन रिजवी एवम प्राचार्य डॉ. राजेश सक्सेना नें कहा की हिंदी दिवस हमें अपनी मातृभाषा के प्रति गर्व और सम्मान की भावना को जागरूक कराता है। हिंदी भाषा भारतीय संस्कृति और परंपराओं की वाहक है, जो हमें हमारी सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ती है। कार्यक्रम संचालन हिंदी विभाग के प्रमुख डॉ जितेंद्र कुमार वर्मा ने किया महाविद्यालय के सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष डॉ कै.अबू तल्हा अंसारी एवम महाविद्यालय के कुलानुशासक डॉ मुकुंद देव द्विवेदी व अन्य को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद प्रेषित किया 'डॉ. रिजवी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट के निर्देशक डॉ इश्तियाक अहमद भी उपस्थित रहे ' विद्यार्थियों ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किये ' महाविद्यालय के सभी विद्वान शिक्षक कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## हमें राजभाषा हिंदी को अपनाना चाहिए : प्रोफेसर प्रबोध श्रीवास्तव




**भरवारी कौशाम्बी** भवंस मेहता महाविद्यालय, भरवारी में 14 सितम्बर को राजभाषा हिंदी दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर प्रबोध श्रीवास्तव द्वारा महाविद्यालय में राजभाषा हिंदी सप्ताह 2024 के आयोजन की आधिकारिक घोषणा की गई। महाविद्यालय में राजभाषा हिंदी पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा विचार रखे गए । महाविद्यालय के छात्र कृष्णमूर्ति सिंह ने कहा कि हिंदी हमारे लिए गौरव की भाषा है। कृष्णमूर्ति सिंह ने हिंदी पर एक बहुत ही सुंदर कविता का पाठ कर उपस्थित सभी दर्शकों का मन मोह लिया। महाविद्यालय के संस्कृत विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर विमलेश सिंह यादव ने हिंदी पर अपने विचार रखते हुए कहा कि हमें हिंदी को हृदय से अपनाना चाहिए। देश में जहां के लगभग 42 प्रतिशत जनता हिंदी बोलती है राजभाषा हिंदी दिवस, राजभाषा सप्ताह और राजभाषा पकवाड़ा मनाया जाता है। अर्थशास्त्र की विभाग अध्यक्ष विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर श्वेता यादव ने हिंदी के महत्व को प्रतिपादित करते हुए कहा कि हिंदी यहां की राजभाषा है और इसे हमें जीवन में अपनाना चाहिए। हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉक्टर सी .पी. श्रीवास्तव ने हिंदी को भारत के अस्मिता से जोड़ते हुए यह कहा कि प्रत्येक राष्ट्र की पहचान उसकी राजभाषा राष्ट्रभाषा से होती है । अतः हमें अपने राजभाषा हिंदी को अपने अस्मिता से जोड़कर देखना चाहिए अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर प्रबोध श्रीवास्तव ने कहा कि हमें राजभाषा हिंदी को अपनाना चाहिए साथ ही साथ साथ ही साथ किसी अन्य भाषा जो कि देश की भी भाषा हो सकती है और अंतर्राष्ट्रीय भाषा भी हो सकती है संचालन महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ धर्मेंद्र कुमार अग्रहरि ने किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रध्यापक प्रो अरुण कुमार सिंह, प्रो.विमलेश सिंह यादव, डॉ. श्रद्धा तिवारी प्रो पंकज कुमार, प्रो. उमा जयसवाल, डॉ. नीति मिश्रा, डॉ.योगेश मिश्रा, डॉ.अनुज तिवारी डॉ राहुल राय डॉ. महेंद्र उपाध्याय डॉ.दीपक कुमार, डॉ मनीष कुमार और डॉ.संजू उपस्थित रहे।

## एसपी की फटकार के बाद मनचलों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के एक गांव की दो छात्राओं से रास्ते में कई दिन से छेड़खानी करने के मामले में छात्राओ ने मुख्यालय पहुँच कर एसपी डीएम से फरियाद की डीएम एसपी की फटकार के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है लेकिन सवाल उठता है कि मिशन शक्ति और बालिकाओं की सुरक्षा की बात करने वाली थाना पुलिस ने इस मामले में जो लापरवाही की है क्या वह क्षम्य होगी या फिर थानेदार पश्चिम शरीरा दंडित किए जाएंगे।

## जहरीले जंतु के काटने से युवक की मौत

**कौशाम्बी** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के पुलिस चौकी टेवां अंतर्गत निजामपुर हडिया गांव के राजेश सरोज उम्र 25 वर्ष पुत्र जगत नारायण सरोज को जहरीले जंतु ने काट लिया आनन फानन में परिवार के लोग इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# निजी भवनों में चलने वाले आंगनबाड़ी केन्द्रों को प्राथमिक विद्यालयों में करें शिफ्ट : डीएम

**जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा 90 आंगनबाड़ी केन्द्रों का किया गया औचक निरीक्षण**

**जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में अनुमन्य व्यवस्थायें न पाये जाने, केन्द्रों के बंद होने व निजी भवनों में केन्द्रों के संचालन पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी को कठोर चेतावनी जारी करते हुए स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के दिए निर्देश**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में जनपद स्तरीय 30 अधिकारियों द्वारा 90 आंगनबाड़ी केन्द्रों का शनिवार को औचक निरीक्षण किया गया। जांच अधिकारियों ने जिलाधिकारी को प्रेषित अपनी रिपोर्ट में अवगत कराया कि निरीक्षण के दौरान 30 आंगनबाड़ी केन्द्र बंद पाये गये एवं 15 आंगनबाड़ी केन्द्र निजी भवनों में चलते हुए पाये गये। निरीक्षण के दौरान अलवारा आंगनबाड़ी केन्द्र में अच्छी सुविधाएं पायी गयी, जिसमें 40 बच्चे उपस्थित थे। इसी तरह पभोषा आंगनबाड़ी केन्द्र, कटरी आंगनबाड़ी केन्द्र ठीक पाये गये। निरीक्षण में पोषण टैकर, बच्चों की उपस्थिति, आंगनबाड़ी में अनुमन्य व्यवस्थाओं की जांच की गयी। जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में अनुमन्य व्यवस्थायें न पाये जाने तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों के बंद होने व निजी भवनों में आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी को कठोर चेतावनी जारी करते हुए स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को लगातार निरीक्षण करते रहने के लिए निर्देशित किया है। यदि भविष्य में आंगनबाड़ी केन्द्रों के निरीक्षण में ऐसी पुनरावृत्ति पायी गयी, तो आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बाल विकास परियोजना अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी आंगनबाड़ी केन्द्र निजी भवनों में चलते हुए न पाये जाये। उन्हें पास के प्राथमिक विद्यालयों में शिफ्ट किया जाये।




# केपीएस भीटी में फ्यूचर साइंटिस्ट प्रोग्राम और पीटीएम का हुआ आयोजन

**भरवारी कौशाम्बी।** एमजीएम कौशांबी प्रेसिडेंसी स्कूल भीटी में शनिवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अभिभावक शिक्षक बैठक पीटीएम के साथ 'फ्यूचर साइंटिस्ट' नामक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। यह आयोजन विद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण कदम था, जिसमें छात्रों की वैज्ञानिक प्रतिभा को प्रकट करने और उनके भीतर छिपी नवीन क्षमताओं को प्रोत्साहित करने का अवसर मिला।

'फ्यूचर साइंटिस्ट' प्रदर्शनी का आयोजन विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में छात्रों की रचनात्मकता को सामने लाने के उद्देश्य से किया गया। इस प्रदर्शनी में कक्षा 1 से लेकर 12वीं तक के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्रों ने अपने-अपने स्तर पर विभिन्न मॉडलों को तैयार किया और उनकी प्रस्तुति दी। मॉडलों में सौर ऊर्जा से संचालित उपकरण, जल संरक्षण योजनाएं, स्वच्छता और कचरा प्रबंधन के स्मार्ट उपाय, स्मार्ट सिटी कॉन्सेप्ट्स और पर्यावरण सुरक्षा जैसे विषयों पर आधारित अद्वितीय



प्रस्तुतियां शामिल थीं। प्रदर्शनी के आकर्षण का केंद्र एक छात्र द्वारा तैयार किया गया रॉकेट था, जिसे उसने खुद डिजाइन और तैयार किया था। जब उस छात्र ने अपने रॉकेट को सफलतापूर्वक लॉन्च किया, तो वहां उपस्थित सभी अभिभावक, शिक्षक, और अन्य छात्रों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उसका स्वागत किया। इस रॉकेट प्रोजेक्ट ने साबित किया कि छात्रों में न केवल विज्ञान को समझने की क्षमता है, बल्कि उनके पास ऐसी सोच भी है, जो उन्हें भविष्य में महान वैज्ञानिक बना सकती है। प्रदर्शनी के साथ-साथ आयोजित अभिभावक-शिक्षक बैठक पीटीएम का भी विशेष महत्व था। इस बैठक के माध्यम से अभिभावकों को उनके बच्चों की शैक्षणिक प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

संस्थान के चेयरमैन निवर्तमान विधायक संजय गुप्ता ने कहा कि मुझे गर्व है कि 'फ्यूचर साइंटिस्ट' प्रदर्शनी में हमारे छात्रों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस तरह के आयोजन बच्चों में वैज्ञानिक सोच और नवाचार को प्रोत्साहित करते हैं। हम भविष्य में भी छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे प्रयास करते रहेंगे। संस्थान की डायरेक्टर सीमा पवार ने प्रदर्शनी में आए अभिभावकों को आश्वस्त किया कि विद्यालय भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा, ताकि छात्रों को नई-नई तकनीकों और वैज्ञानिक सोच के क्षेत्र में और आगे बढ़ने के अवसर मिलते रहें। उन्होंने कहा कि 'फ्यूचर साइंटिस्ट' प्रदर्शनी का उद्देश्य सिर्फ एक मंच प्रदान करना नहीं है, बल्कि बच्चों को वास्तविक दुनिया की समस्याओं के समाधान की ओर सोचने और काम करने के लिए प्रेरित करना है इस विज्ञान प्रदर्शनी और पीटीएम के आयोजन ने यह स्पष्ट कर दिया किएमजीएम कौशांबी प्रेसिडेंसी स्कूल न केवल शैक्षिक उत्कृष्टता बल्कि छात्रों के समग्र विकास के लिए भी प्रतिबद्ध है। 'फ्यूचर साइंटिस्ट' कार्यक्रम ने छात्रों के भीतर विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति एक नई सोच को जन्म दिया है, जो उन्हें भविष्य में बड़े अवसरों की ओर ले जाएगा।

## तकनीक के युग मे हिंदी रोटी-रोजगार के प्रदान करती है अवसर : बीएसए

**हिंदी रस रसना चखे, करे दिलों पर राज।मधुर-मधुर से भाव से, हिंदी है सरताज**



**कौशाम्बी** महामाया राजकीय महाविद्यालय में 14 सितंबर को हिंदी दिवस के अवसर पर बाजरवाद और हिंदी विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ0 कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवम महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 शैलेन्द्र तिवारी ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके किया डॉ0 कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा ने कहा कि आज बजारवाद के दौर में भाषा के प्रतिमान बदल रहें है। आज बाजार भाषा के मापदंड तय कर रहा है। हमें सोशल मीडिया में भाषा के प्रयोग को लेकर बहुत सजग रहना होगा। हिंदी भाषा को सिनेमा के माध्यम से बाजार में जिस तरह प्रस्तुत किया जा रहा है, वह कई महत्वपूर्ण सवाल खड़े कर रहा। हिंदी भाषा वर्तमान समय मे आमजन मानस की सबसे प्रिय भाषा है। हमारे देश के बुद्धिजीवियों के विचार अकसर महानगरों या शहरी उच्च और उच्च-मध्य वर्ग के आसपास घूमते रहते हैं। वे समझते हैं हिंदुस्तान यही है। जबकि एक अरब से ज्यादा जनसंख्या का यह देश है। संविधान स्वीकृत 22 भाषाओं के अलावा सैकड़ों भाषाएं, बोलियां हैं। तकनीक के युग मे हिंदी रोटी- रोजगार के अवसर प्रदान करती है। इसी क्रम में कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रो0 अनिल कुमार सोनकर ने कहा कि हिंदी भाषा को लेकर हमे बेसिक शिक्षा से ही सजग रहना होगा। क्योंकि जब हमारे कोरे मस्तिष्क पर पहली बार अक्षर ज्ञान कराया जाता है तब उसकी छाप तजीवन हमारे जेहन में बखूबी बैठ जाती है अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य प्रो0 शैलेन्द्र तिवारी ने का कि हमारे दैनिक जीवन मे भाषा को एक प्रयोग के रूप में देखना चाहिए। हम जिस परिवेश में रहते है वहीं से भाषा के संस्कार ग्रहण करते हैं। वे संस्कार हमारे व्यक्तित्व में समाहित होकर भाषा की विशिष्टता को दशार्ते हैं कार्यक्रम का संयोजन और कुशल संचालन डॉ0 अजय कुमार एसोसिएट प्रोफेसर हिंदी द्वारा किया गया धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 रीता दयाल द्वारा किया गया।इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ0 नीलम बाजपेई , डॉ0 भावना केसरवानी, डॉ0 पवन कुमार डॉ0 रमेश चंद्र ,डॉ0 राम प्रताप यादव, डॉ0 संतोष कुमार एवं डॉ0 शैलेश मालवीय तथा छात्र, छात्राएं उपस्थित रहे।

## रेलवे पुलिस की लापरवाही से अज्ञात में भेजा गया पोस्टमार्टम को शव

**संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे ट्रैक पर मिला था युवक का शव**

**अझुवा कौशांबी।** खबर अपडेट सिराथू रेलवे स्टेशन से 200 मीटर पश्चिम डाउन लाइन पर शुक्रवार सुबह एक शव मिला था जिसे रेलवे पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु प्रयागराज भेज दिया था।रेलवे पुलिस की बड़ी लापरवाही से अज्ञात में पोस्टमार्टम को शव भेज दिया गया जिसकी बाद में शिनाख्त हो गई है। घटनाक्रम के मुताबिक सैनी कोतवाली के अझुवा कस्बे के नेता नगर निवासी सुनील कुमार वर्मा कोरोना काल में पिता की मौत के बाद कस्बे के टांडा रोड में स्थित मकान में माता एवं चार भाइयों के साथ रहता था सुनील अपने भाई जितेंद्र के साथ महिंद्रा एजेंसी में काम करता था परिजनों की माने तो बृहस्पतिवार की शाम जितेंद्र व सुनील कुमार एजेंसी से काम करके शाम 7:00 बजे घर पहुंच गए इसके बाद भाई जितेंद्र का कहना है सुनील के मोबाइल पर किसी का फोन आया किसी को बिना बताए हुए घर से बात करते हुए निकल गया शुक्रवार को 9.30 लगभग रेलवे पुलिस ने जितेंद्र के नंबर पर फोन कर बताया सुनील की डेड बॉडी रेलवे ट्रैक पर मिली है आप लोग प्रयागराज आइए।वहीं मृतक के भाई जितेंद्र ने बताया प्रयागराज पहुंचने पर रेलवे पुलिस ने बताया सुनील के पास आधार कार्ड और फोन नंबर लिखी पर्ची थी ।पर्ची में जितेंद्र और उसके चाचा लाला का नंबर लिखा था लेकिन रेलवे पुलिस ने सिराथू से शव बरामद कर अज्ञात में भेजा था और प्रयागराज बुलाया था जब फोन नंबर लिखी पर्ची मिली थी तो सूचना देने की बजाय शव अज्ञात में प्रयागराज क्यों भेजा गया जितेंद्र के अनुसार उसके मृतक भाई सुनील का मोबाइल भी नही मिला ।वहीं सिराथू रेलवे पुलिस चौकी इंचार्ज अवतेंद्र तिवारी ने बताया शुक्रवार सुबह एक युवक का शव मिला था जिसकी शिनाख्त नहीं हुई थी जिसे पोस्टमार्टम हेतु प्रयागराज भेजा गया था जब रेलवे चौकी इंचार्ज से घटना के बाद मौत पर शिनाख्त हेतु तलाशी और पर्ची संबंध में पूंछा गया तो गोल मोल जवाब देने लगे। मृतक के दादा रमेश चंद वर्मा ने तहरीर दी है।

## सम्पादकीय

### सीताराम येचुरी भारतीय राजनीति के उन चंद महत्वपूर्ण नामों में से एक थें

**भारतीय** कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के महासचिव सीताराम येचुरी नहीं रहे। 72 बरस की आयु में उन्होंने अपनी अंतिम सांस ली और इस तरह देश में लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहने वाली एक बुलंद आवाज शांत हो गई। हालांकि पचास बरसों से सुदीर्घ राजनैतिक जीवन में सीताराम येचुरी जिन मूल्यों के साथ काम करते रहे, उनकी गूंज बरसों-बरस बनी रहेगी, ऐसी उम्मीद है।

सीताराम येचुरी भारतीय राजनीति के उन चंद महत्वपूर्ण नामों में से एक थे, जिन्होंने संसद से सड़क तक जनता के हितों की रक्षा और संवैधानिक मूल्यों के लिए राजनीति की। श्री येचुरी के लिए राजनीति दुनिया को एक बेहतर स्थान बनाने का जरिया थी। सीताराम येचुरी एक बेहतरीन वक्ता थे और लगभग सभी दलों के साथ, वैचारिक मतभेदों के बावजूद उनके सौहाद्रपूर्ण संबंध थे। संसद में उनके भाषणों को गौर से सुना जाता था। 1974 में स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया यानी एसएफआई से उनके राजनैतिक जीवन की शुरूआत हुई, 1975 में वे सीपीएम के सदस्य बन गए। दिल्ली के सेंट स्टीफंस कॉलेज से स्नातक करने के बाद वे आगे की पढ़ाई के लिए जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में दाखिल हुए और यहां प्रकाश करात के साथ मिलकर वामपंथ का मजबूत गढ़ बनाने का काम उन्होंने किया। 1978 में श्री येचुरी एसएफआई के संयुक्त सचिव बने और 1979 में एसएफआई के अध्यक्ष बने। वे पहले अध्यक्ष थे, जो केरल या बंगाल के बाहर से थे।

सीताराम येचुरी जब जेएनयू से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की पढ़ाई कर रहे थे, तभी इंदिरा गांधी सरकार ने 1975 में आपातकाल लगाया और उन्हें कई अन्य नेताओं के साथ गिरफ्तार कर लिया गया था। इस वजह से उनकी पीएचडी अधूरी रह गई। जेल से बाहर आने के बाद सीताराम येचुरी जेएनयू छात्र संघ के अध्यक्ष चुने गए। 1992 में उन्हें पोलित ब्यूरो का सदस्य चुना गया। श्री येचुरी 32 वर्षों तक सीपीएम के पोलित ब्यूरो के सदस्य रहे। 2015 में वे पार्टी के महासचिव बने और इसके बाद 2018 फिर 2022 में इसी पद के लिए फिर से चुने गए। सीताराम येचुरी 2005 से 2017 तक राज्यसभा सांसद भी रहे। अपने सुदीर्घ राजनैतिक जीवन में सीताराम येचुरी ने आपातकाल से लेकर गठबंधन सरकारों के दौर देखे। 1996 में जब संयुक्त मोर्चा सरकार बनी, तब वे उन नेताओं में शामिल थे, जिन्होंने साझा न्यूनतम कार्यक्रम का मसौदा तैयार करने में अहम भूमिका निभाई थी। दरअसल श्री येचुरी ने पार्टी के दिवंगत नेता हरकिशन सिंह सुरजीत के मार्गदर्शन में काम सीखा था, जिन्होंने गठबंधन युग की सरकार में प्रमुख भूमिका निभाई थी। उनके निर्देशन में सबसे पहले वी पी सिंह की राष्ट्रीय मोर्चा सरकार और 1996-97 की संयुक्त मोर्चा सरकार बनी, दोनों ही सरकारों को माकपा ने बाहर से समर्थन दिया था। सीताराम येचुरी ने अपने कौशल को तब और निखारा जब वामपंथी दलों ने 2004 में पहली यूपीए सरकार का समर्थन किया ।

# भारत में खनिज तेल की खुदरा कीमतों पर नियंत्रण हटाना एक बड़ा छलावा

**- नन्तू बनर्जी**

**भारत** में पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतें वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों से जुड़ी हैं, जो पूरी तरह से गलत प्रतीत होती है। सिद्धांत रूप में, यदि कच्चे तेल की अन्तरराष्ट्रीय कीमतें गिरती हैं, जैसा कि 2022 की तीसरी तिमाही से काफी हद तक चलन रहा है, तो खुदरा तेल की कीमतें भी कम होनी चाहिए, और यदि अन्तरराष्ट्रीय बाजार में कीमतें बढ़ती हैं तो भारत में भी खुदरा मूल्य बढ़ना चाहिए। हालांकि, व्यवहार में ऐसा नहीं हो रहा है।

भारत में खनिज तेल की खुदरा कीमतों पर से नियंत्रण हटाना स्थानीय खुदरा बाजार की कीमतों को वैश्विक मूल्य प्रवृत्तियों से जोड़ने के किसी ईमानदार उद्देश्य से ज्यादा आम जनता और सीधे-साधे उपभोक्ताओं को धोखा देना है। पिछले कुछ वर्षों में यह देखा गया है कि जब भी वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ती हैं, तो खुदरा तेल की कीमतें अक्सर तेजी से बढ़ जाती हैं, परन्तु जब वैश्विक बाजार में कीमतें घटती हैं तब भारत में खनिज तेल की खुदरा कीमतें तेजी से नहीं घटतीं।

सबसे पहले 2010 में मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा पेट्रोल की खुदरा कीमतों पर और उसके बाद 2015 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा डीजल की कीमतों पर से नियंत्रण हटाया गया। देश लगभग 87 प्रतिशत आयातित खनिज तेल पर निर्भर है। आयात की कीमतों में गिरावट आने पर भी खुदरा तेल की कीमतें शायद ही कभी कम होती हैं, यहां तक कि काफी लंबे समय तक भी नहीं। पेट्रोल और डीजल की कीमतें केंद्र और राज्य सरकारों के कर राजस्व और शुल्क का सबसे बड़ा स्रोत हैं। यहीं पर समस्या है।

बहुत ही सावधानी से पेट्रोलियम को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के दायरे से बाहर रखा गया है। जून 2022 के मध्य से, वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की मासिक औसत कीमत में काफी गिरावट आई है - अपने चरम पर 116 डॉलर प्रति बैरल से अब 76.8 डॉलर प्रति बैरल तक। वास्तव में, अंतरराष्ट्रीय तेल की कीमतें चालू वर्ष के दौरान अपने सबसे निचले स्तर पर आ गई हैं। दुर्भाग्य से, सरकार की तथाकथित खुदरा मूल्य नियंत्रण नीति बाजार की वास्तविकता से पूरी तरह से अलग है। न तो सरकार और न ही तेल कंपनियों ने कच्चे तेल की गिरती आयात लागत को ध्यान में रखते हुए खुदरा तेल की कीमतों को नीचे समायोजित करने का कोई प्रयास किया है। इसके बजाय, तेल कंपनियां उच्च लाभ कमा रही हैं। सरकार का कर राजस्व भी अप्रभावित रहा है। व्यवहार में, बहुप्रचारित तेल मूल्य नियंत्रण एक बड़ा दिखावा प्रतीत होता है। अक्सर तेल और रसोई गैस की खुदरा कीमतें वैश्विक कीमतों या कच्चे तेल की आयात लागत के साथ उनके अपेक्षित प्राकृतिक जुड़ाव की तुलना में केंद्र और राज्यों में चुनावों से अधिक जुड़ी होती हैं।

आधिकारिक तौर पर, सरकार द्वारा नियंत्रित सार्वजनिक क्षेत्र के तेल विपणन संगठन पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों को निर्धारित करने के लिए जिम्मेदार हैं। उदाहरण के लिए, 2013 से 2018 के बीच पांच साल की अवधि में वैश्विक कच्चे तेल (भारतीय बास्केट) की कीमत लें। जनवरी 2013 में यह 110 अमेरिकी डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई, जबकि मार्च 2018 में कीमत घटकर 64 अमेरिकी डॉलर रह गई। इस बीच, जनवरी 2016 में कीमत घटकर 28 डॉलर रह गई थी। इस तथ्य पर विचार करते हुए कि इन पांच साल की अवधि में वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में 42 प्रतिशत की गिरावट आई थी, भारत में पेट्रोल की खुदरा कीमत वास्तव में आठ प्रतिशत और डीजल की



खुदरा कीमत में 33 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई।

यह तथाकथित तेल मूल्य विनियंत्रण के युग में अकल्पनीय है, जिसमें घरेलू खुदरा कीमतों को कच्चे तेल के थोक आयात लागतों से जोड़ा जाता है, जबकि सरकार अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि होने पर पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों को बढ़ाने का कोई मौका नहीं छोड़ती है। सरकार ने खुदरा पेट्रोल और डीजल की कीमतों को विनियंत्रण करने के पीछे के उद्देश्य के बारे में लोगों को पूरी तरह से गुमराह किया है। यह धारणा बनाई गई है कि भारत में पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतें वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों से जुड़ी हैं, जो पूरी तरह से गलत प्रतीत होती है। सिद्धांत रूप में, यदि कच्चे तेल की अन्तरराष्ट्रीय कीमतें गिरती हैं, जैसा कि 2022 की तीसरी तिमाही से काफी हद तक चलन रहा है, तो खुदरा तेल की कीमतें भी कम होनी चाहिए, और यदि अन्तरराष्ट्रीय बाजार में कीमतें बढ़ती हैं तो भारत में भी खुदरा मूल्य बढ़ना चाहिए। हालांकि, व्यवहार में ऐसा नहीं हो रहा है। सबसे बड़े लाभार्थी सरकार द्वारा नियंत्रित तेल कंपनियां हैं, जो मोटा मुनाफा कमा रही हैं, और फिर सरकार है जिसका कर राजस्व बरकरार है। सरकार ने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले 14 मार्च को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की कटौती की थी। यह पूरी तरह से एक राजनीतिक निर्णय था। इसका वैश्विक पेट्रोलियम कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के रुझान से कोई लेना-देना नहीं था। खुदरा उपभोक्ताओं को बहुत अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है।

दरअसल, सरकार के तेल मूल्य नियंत्रण तंत्र ने खुदरा तेल कीमतों को नियंत्रित करने में उसके हाथ को और मजबूत किया है। इससे उपभोक्ताओं से ज्यादा सरकार को फायदा होता है। जब वैश्विक तेल की कीमतें बढ़ती हैं, तो खुदरा तेल की कीमतें बढ़ जाती हैं और उपभोक्ताओं को अधिक भुगतान करना पड़ता है। जब वैश्विक कीमतें गिरती हैं, तो सरकार ईंधन पर कर और शुल्क जोड़ती है। उपभोक्ता और ईंधन खुदरा विक्रेता नुकसान में हैं।

कोविड महामारी के दौरान, जब वैश्विक कच्चे तेल की कीमतें गिर गयीं, तो भारतीय उपभोक्ताओं को लाभ नहीं हुआ क्योंकि राज्य के स्वामित्व वाले तेल खुदरा विक्रेताओं ने 82 दिनों तक कीमतों में संशोधन करना बंद कर दिया था। जब कच्चे तेल की कीमतों में आंशिक रूप से सुधार हुआ, तो सरकार ने पेट्रोल और डीजल दोनों पर कर बढ़ा दिये।

भले ही सरकार और तेल कंपनियां, ज्यादातर सरकारी स्वामित्व वाली, अच्छी कमाई कर रही हों, फिर भी उपभोक्ताओं को ईंधन की ऊंची कीमतें चुकानी पड़ रही हैं। तेल सह गैस क्षेत्र कुछ हद तक केंद्र और राज्य सरकारों दोनों के लिए दुधारू गाय की तरह है। यह कई तरीकों से सरकार के कर राजस्व में योगदान देता है। इनमें पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क, पेट्रोलियम उत्पादों पर सीमा शुल्क, कच्चे तेल पर रॉयल्टी, कॉर्पोरेट सह आयकर, पेट्रोलियम उत्पादों पर सेवा कर, कच्चे तेल पर उपकर और अधिभार शामिल हैं। वित्त वर्ष 2024 की पहली छमाही में तेल और गैस क्षेत्र ने सरकार के खजाने में 3.41 ट्रिलियन रुपये का योगदान दिया। इसमें राष्ट्रीय सरकार के लिए 1.85 ट्रिलियन रुपये और राज्यों के लिए 1.56 लाख करोड़ रुपये शामिल थे। पिछले एक दशक में भारतीय राज्यों के लिए पेट्रोलियम उत्पादों से कुल कर राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 2014-15 में, राज्यों ने पेट्रोलियम करों से 1.37 लाख करोड़ रुपये एकत्र किये, जो 2023-24 में बढ़कर 2.92 लाख करोड़ रुपये हो गये। वे बताते हैं कि केंद्र और राज्य सरकारें दोनों उच्च तेल कीमतों को क्यों पसंद करती हैं। मनोवैज्ञानिक रूप से, भारतीय तेल उपभोक्ता वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों से स्थानीय खुदरा कीमतों को जुड़ा हुआ न देखें तो ही अच्छा है। वे इस तथ्य को जानें कि खुदरा तेल बाजार को विनियमन की आड़ में सरकार द्वारा दृढ़ता से विनियमित किया जाना जारी रहेगा। खुदरा तेल की कीमतें तय करने का फैसला राजनीतिक भी हैं क्योंकि केंद्र और राज्यों में सभी सत्तारूढ़ दल कीमतों को विनियमित करने के मामले में एकजुट रहते हैं।

# जाति का प्रश्न : हिन्दू दक्षिणपंथियों का बदलता नैरेटिव

**- राम पुनियानी**

**हिन्दू राष्ट्रवादी**, आनुपातिक प्रतिनिधित्व और जाति जनगणना के पूरी तरह खिलाफ हैं। आनुपातिक प्रतिनिधित्व की शुरूआत गांधीजी और डॉ आंबेडकर के बीच हस्ताक्षरित पूना पैक्ट से हुई थी और बाद में इसे संविधान का हिस्सा बनाया गया। इसके विरोध में अहमदाबाद में 1980 और फिर 1985 में दंगे हुए। सन 1990 में मंडल आयोग की सिफारिशें लागू करने के बाद, राममंदिर आन्दोलन अचानक अत्यंत आक्रामक हो गया।

पिछले आम चुनाव (अप्रैल-मई 2024) में जाति जनगणना एक महत्वपूर्ण मुद्दा थी। इंडिया गठबंधन ने जाति जनगणना की आवश्यकता पर जोर दिया जबकि भाजपा ने इसकी खिलाफत की। जाति जनगणना के संबंध में विपक्षी पार्टियों की सोच एकदम साफ और स्पष्ट है।

जाति के मुद्दे ने हिन्दू दक्षिणपंथी राजनीति को मजबूती देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। उच्च जातियां, निम्न जातियों का शोषण करती आईं हैं यह अहसास जोतीराव फुले और भीमराव आंबेडकर जैसे लोगों को था। इस मुद्दे से जनता का ध्यान हटाने के लिए उच्च जातियों के संगठनों ने भारत के अतीत का महिमामंडन करना शुरू कर दिया। हिन्दू राष्ट्र की अवधारणा और मनुस्मृति के मूल्य इन ताकतों के एजेंडा के मूल में थे। पिछले कुछ दशकों से आरएसएस ने इस नैरेटिव को बढ़ावा देना शुरू कर दिया है कि सभी जातियां बराबर हैं। संघ से जुड़े लेखकों ने विभिन्न जातियों पर कई किताबें लिखीं जिनमें यह कहा गया कि अतीत में सभी जातियों का दर्जा बराबर था।

आरएसएस नेताओं का यह दावा है कि अछूत जातियां विदेशी आक्रान्ताओं के अत्याचारों के कारण अस्तित्व में आईं और उसके पहले तक हिन्दू धर्म में उनका कोई स्थान नहीं था। संघ के कम से कम तीन नेताओं ने दलित, आदिवासी और कई अन्य समूहों के जन्म के लिए मध्यकाल में 'मुस्लिम आक्रमण' को जिम्मेदार बताया है. संघ के एक शीर्ष नेता भैयाजी जोशी के अनुसार, हिन्दू धर्मग्रंथों में कहीं भी शूद्रों को अछूत नहीं बताया गया है। मध्यकाल में 'इस्लामिक अत्याचारों' के कारण अछूत दलितों की एक नयी श्रेणी उभरी। जोशी के लिखा है: 'हिन्दुओं के स्वाभिमान को तोड़ने के लिए अरबी विदेशी हमलावरों, मुस्लिम राजाओं और गौमांस भक्षण करने वालों ने चंद्रवंशी क्षत्रियों को गायों को काटने, उनकी खाल उतारने और उनके कंकाल को किसी सूनी जगह फेंकने जैसे घिनौने काम करने पर मजबूर किया। इस



तरह विदेशी हमलावरों ने 'चर्म-कर्म' करने के लिए एक नयी जाति बनाई और यह काम स्वाभिमानी हिन्दू कैदियों को सजा के स्वरुप दिया जाता था।'

इस सारे दुष्प्रचार का उद्देश्य है जाति को ऐसी सकारात्मक संस्था बताना, जो हिन्दू राष्ट्र की रक्षा करती आई है। जाति जनगणना की मांग के जोर पकड़ने की पृष्ठभूमि में आरएसएस के मुखपत्र पाञ्चजन्य ने 5 अगस्त (2024) के अपने अंक में हितेश सरकार का एक लेख प्रकाशित किया जिसका शीर्षक है- 'ऐ नेताजीः कौन जात हो'। लेख में यह दावा किया गया है कि विदेशी आक्रान्ता जाति की दीवारों को तोड़ नहीं सके और इसी कारण वे हिन्दुओं का धर्मपरिवर्तन नहीं करवा सके। जाति, हिन्दू समाज का एक मुख्य आधार है और उसी के कारण विदेशी हमलों के बाद भी देश सुरक्षित और मजबूत बना रहा। इस लेख में बम्बई के पूर्व बिशप लुई जॉर्ज मिल्ने की पुस्तक 'मिशन टू हिन्दूसः ए कॉन्ट्रिब्यूशन टू द स्टडी ऑफ मिशनरी मेथडस' से एक उद्धरण दिया गया है। उद्धरण यह हैः '...तो फिर वह (जाति), सामाजिक ढांचे का आवश्यक हिस्सा है। मगर फिर भी, व्यावहारिक दृष्टिकोण से वह लाखों लोगों के लिए धर्म है...वह किसी व्यक्ति की प्रकृति और धर्म के बीच कड़ी का काम करती है।'

लेखक के अनुसार, मिशनरीज को जो चीज उस समय खल रही थी वही आज भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को खल रही है क्योंकि कांग्रेस, ईस्ट इंडिया कंपनी और लार्ड ए.ओ. ह्यूम की उत्तराधिकारी है। इसमें यह भी कहा गया है कि चूँकि आक्रान्ता, जाति के किले को नहीं तोड़ सके इसलिए उन्होंने (मुसलमानों) ने इज्जतदार जातियों को हाथ से मैला साफ करने के काम में लगाया और यह भी कि उस काल से पहले हाथ से मैला साफ करने की प्रथा का कहीं वर्णन नहीं मिलता। लेख में कहा गया है कि मिशनरी समाज के पिछड़ेपन के लिए जाति प्रथा को दोषी मानती हैं और कांग्रेस को भी जाति एक काँटा नजर आती है।

यह लेख झूठ का पुलिंदा है। पहली बात तो यह कि दूसरी शताब्दी ईस्वी में लिखी गयी 'मनुस्मृति' में जाति प्रथा की व्याख्या और उसकी जबरदस्त वकालत की गयी है। यह पुस्तक देश में विदेशी आक्रांताओं के आने के सैकड़ों साल पहले लिखी गयी थी। कई अन्य पवित्र हिन्दू ग्रंथों में भी कहा गया है कि निम्न जातियों के लोगों को उच्च जातियों से दूर रहना चाहिए। यही सोच अछूत प्रथा और हाथ से मैला साफ करने की प्रथा- दोनों की जननी है। पवित्रता और प्रदूषण से सम्बंधित सारे नियम और आचरण ओर पुनर्जन्म का सिद्धांत भी इसी सोच पर आधारित है। नारद संहिता और वाजसनेयी संहिता भी यही कहती हैं। नारद संहिता में अछूतों के लिए जो कर्तव्य निर्धारित किये गए हैं। मानव मल साफ करना उनमें से एक है। वाजसनेयी संहिता कहती है कि चांडाल गुलाम हैं जो मनुष्यों का मैला साफ करते हैं।

डॉ आंबेडकर का मानना था कि जाति प्रथा को ब्राह्मणवाद ने समाज पर लादा है। आरएसएस के मुखपत्र में प्रकाशित लेख जहाँ जाति प्रथा की तारीफों के पुल बांधता है वहीं क्रान्तिकारी दलित चिन्तक और कार्यकर्ता उसे हिन्दू समाज की सबसे बड़ी बुराईयों में से एक मानते हैं। इसी कारण डॉ आंबेडकर ने जाति के विनाश की बात कही थी।

हिन्दू राष्ट्रवादी, आनुपातिक प्रतिनिधित्व और जाति जनगणना के पूरी तरह खिलाफ हैं। आनुपातिक प्रतिनिधित्व की शुरूआत गांधीजी और डॉ आंबेडकर के बीच हस्ताक्षरित पूना पैक्ट से हुई थी और बाद में इसे संविधान का हिस्सा बनाया गया। इसके विरोध में अहमदाबाद में 1980 और फिर 1985 में दंगे हुए। सन 1990 में मंडल आयोग की सिफारिशें लागू करने के बाद, राममंदिर आन्दोलन अचानक अत्यंत आक्रामक हो गया।

जहां तक कांग्रेस के ईस्ट इंडिया कंपनी और ह्यूम की विरासत की उत्तराधिकारी होने के आरोप का सवाल है। यह सफेद झूठ है। इस तरह के झूठ केवल वे ही लोग फैला सकते हैं जो स्वाधीनता आन्दोलन से दूर रहे और आज भी भारत को एक बहुवादी और विविधताओं का सम्मान करने वाले देश के रूप में नहीं देखता चाहते। तिलक से लेकर गांधी तक के नेतृत्व में कांग्रेस ब्रिटिश शासन के खिलाफ थी। ह्यूम इसी कांग्रेस का हिस्सा थे। ऐसा आरोप लगाया जाता है कि ह्यूम ने कांग्रेस की परिकल्पना एक सेफ्टी वाल्व के रूप में की थी। मगर गहराई से अध्ययन करने पर कांग्रेस के गठन की प्रक्रिया और उद्देश्य साफ हो जाते हैं। देश में उभरते हुए राष्ट्रवादी संगठनों जैसे मद्रास महाजन सभा (संस्थापक पनापक्कम आनंदचेरलू), बॉम्बे एसोसिएशन (संस्थापक जगन्नाथ शंकर शेठ) और पूना सार्वजनिक सभा (संस्थापक एम.जी. रानाडे) को स्वतंत्रता की अपनी मांग को उठाने के लिए एक राजनैतिक मंच की जरूरत थी। उन्होंने कांग्रेस के आव्हान को स्वीकार किया और उसे एक ऐसा राष्ट्रीय मंच बनाया जो नए उभरते भारत की आकांक्षाओं को उठा सके। इसकी शुरूआती मांगो में शामिल था आईसीएस की परीक्षा के लिए भारत में केंद्र बनाना। कांग्रेस ने जमींदारों पर नियंत्रण लगाने की मांग भी उठाई ताकि उनकी अधीनता में काम कर रहे श्रमिक आजाद हो सकें और यह भी कहा कि देश के औद्योगीकरण के लिए अधिक सुविधाएं मुहैय्या करवाई जानी चाहिए।

आगे चलकर इसी कांग्रेस ने 'पूर्ण स्वराज्य' और 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' के नारे भी बुलंद किये। जिस कांग्रेस पर पाञ्चजन्य निशाना साध रहा है, उसी ने राष्ट्रीय आन्दोलन का नेतृत्व किया और साथ ही सामाजिक न्याय, जिसके आंबेडकर पुरजोर समर्थक थे, के मुद्दे को भी उठाया। आंबेडकर, जो भारतीय संविधान के मूल्यों का प्रतिनिधित्व करते थे और आरएसएस, जो हिन्दू राष्ट्रवाद की वकालत करती थी, के बीच के अंतर को भुलाया नहीं जा सकता। आंबेडकर ने मनुस्मृति का दहन किया था जबकि आरएसएस इस पवित्र पुस्तक में प्रतिपादित जातिगत असमानता के मूल्यों का समर्थक है। आंबेडकर ने भारत के संविधान का मसविदा तैयार किया था और आरएसएस ने इसी संविधान का खुलकर विरोध किया था। और आज भी परोक्ष रूप से कर रहा है।

# राहुल गांधी से भयभीत मोदी

**- प्रो. रविकांत**

**इस समय** भाजपा राहुल गांधी की राजनीति से इतना भयभीत है कि उनके हर बयान पर प्रतिक्रिया देने के लिए मजबूर है। दरअसल, पिछले दो साल से लगातार राहुल गांधी दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के मुद्दों पर मुखर हैं। संविधान, आरक्षण और दलितों-आदिवासियों के सम्मान-स्वाभिमान के लिए राहुल गांधी लगातार संघर्ष कर रहे हैं। 2014 में नरेंद्र मोदी ओबीसी का मुखौटा लगाकर आए थे।



प्रनेता प्रतिपक्ष के रूप में राहुल गांधी की तीन दिवसीय अमेरिका यात्रा संपन्न हो चुकी है। इस यात्रा में राहुल गांधी ने डलास और वॉशिंगटन डीसी में भारतवंशियों, पत्रकारों, बुद्धिजीवियों और विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों से संवाद किया। जैसाकि पहले से ही अनुमान था कि राहुल गांधी के भाषणों और वक्तव्यों का भारतीय जनता पार्टी विरोध करेगी। राहुल गांधी के बयानों पर भाजपा की प्रतिक्रिया आक्रामक ही नहीं बल्कि विद्वेषपूर्ण भी रही। राहुल गांधी ने अमेरिका में कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर खुलकर बात की। राहुल गांधी के बारे में यह बात कही जाती है कि वह सिर्फ आचरण में ही नैतिक नहीं हैं बल्कि संवादों और भाषणों में भी बेहद ईमानदार हैं। कई बार राजनीतिक नफा-नुकसान को भूलकर वे बौद्धिक और तार्किक ढंग से सवालों का जवाब देते हैं। मसलन, आरक्षण और जाति जनगणना के सवाल पर वे बेहद स्पष्ट और मुखर हैं।

अमेरिका में भी राहुल गांधी ने आरक्षण पर अपनी राय व्यक्त की। आरक्षण खत्म करने के बारे में एक सवाल के जवाब में राहुल गांधी ने कहा कि असमानता और सामाजिक भेदभाव खत्म होने के बाद आरक्षण को समाप्त करने पर विचार किया जा सकता है। लेकिन अभी भारत में ऐसी स्थिति नहीं है। भारतीय जनता पार्टी ने राहुल गांधी के इस बयान पर तूफान खड़ा कर किया। अमित शाह ने ट्वीट करके कहा कि कांग्रेस और राहुल गांधी आरक्षण विरोधी हैं। कांग्रेस दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों का आरक्षण खत्म करना चाहती है। लेकिन जब तक भारतीय जनता पार्टी है तब तक कोई आरक्षण समाप्त नहीं कर सकता। यह बयान कितना खोखला है, यह भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस की विचारधारा और मंसूबों से समझा जा सकता है। आजादी के समय से ही हिंदुत्ववादी आरक्षण ही नहीं बल्कि संविधान विरोधी भी रहे हैं। डॉ. आंबेडकर से लंबे समय तक उनका बैर किसी से छिपा नहीं रहा। इस नफरत के दो सबसे बड़े कारण थे। एक तो अंबेडकर दलित थे और दूसरा उन्होंने दलितों, आदिवासियों के उत्थान एवं सम्मान, स्वाभिमान की रक्षा हेतु संविधान में आरक्षण जैसा विशेष प्रावधान किया था। इसलिए दशकों तक यह नफरत जुबान पर भी होती थी, जो अब केवल दिलों में है। आज भले ही मोहन भागवत और नरेंद्र मोदी डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माला चढ़ाते हों या उनके स्मारक बनवाते हों लेकिन सच यही है कि डॉ. अंबेडकर के प्रति ना तो उनके मन में कोई सम्मान का भाव है और ना ही वे दलित समाज को बराबरी का दर्जा देना चाहते हैं। आश्चर्य तो इस बात का है कि राहुल गांधी के इस बयान पर चिराग पासवान, जीतन राम मांझी से लेकर मायावती जैसे नेताओं ने भी तल्ख बयानी की। या तो इन दलित नेताओं ने राहुल गांधी के बयान को पूरी तरह से सुना ही नहीं या वे राहुल गांधी को अविश्वसनीय और आरक्षण विरोधी स्थापित करने के भाजपा के प्रोजेक्ट में साझीदार हैं। अपने बयान पर आने वाली प्रतिक्रियाओं के अगले दिन ही राहुल गांधी ने वाशिंगटन में इस मुद्दे को स्पष्ट करते हुए कहा कि वह कतई आरक्षण विरोधी नहीं हैं। बल्कि वे 50 फीसदी की आरक्षण की सीमा को खत्म करना चाहते हैं और पिछड़ों- वंचितों के लिए आरक्षण बढ़ाना चाहते हैं। वंचना और वैभव की खाई की सही जांच हो सके इसके लिए वह लगातार जाति जनगणना की मांग कर रहे हैं।

इस समय भाजपा राहुल गांधी की राजनीति से इतना भयभीत है कि उनके हर बयान पर प्रतिक्रिया देने के लिए मजबूर है। दरअसल, पिछले दो साल से लगातार राहुल गांधी दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के मुद्दों पर मुखर हैं। संविधान, आरक्षण और दलितों-आदिवासियों के सम्मान-स्वाभिमान के लिए राहुल गांधी लगातार संघर्ष कर रहे हैं। 2014 में नरेंद्र मोदी ओबीसी का मुखौटा लगाकर आए थे। लंबे समय तक उन्होंने इसका फायदा उठाया। लेकिन राहुल गांधी ने जाति जनगणना और सरकारी संस्थानों में प्रतिनिधित्व का सवाल उठाकर मोदी का यह मुखौटा नौंच दिया। आज राहुल गांधी दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों की उम्मीद बनकर उभरे हैं। देश के बहुसंख्यक तबके यानी दलित, पिछड़े और आदिवासियों में राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता और विश्वास भाजपा के लिए सबसे बड़ा खतरा है। इसीलिए राहुल गांधी के खिलाफ आरक्षण विरोधी होने का भ्रम फैलाकर मोदी और शाह दरकती हुई अपनी जमीन और साख को बचाना चाहते हैं।

2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजों से साफ है कि राम मंदिर, हिंदुत्व और दलितों- पिछड़ों के खिलाफ लागू की गई नीतियों से प्रभावित-प्रसन्न सवर्ण तबके ने 2019 के चुनाव की अपेक्षा भाजपा को ज्यादा वोट दिया।

लेकिन दूसरी तरफ भाजपा को दलितों और पिछड़ों की नाराजगी का नुकसान उठाना पड़ा। इसका फायदा इंडिया एलाइंस को मिला। कांग्रेस पार्टी को दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों ने अपेक्षाकृत अधिक वोट किया।

राहुल गांधी के इर्द-गिर्द या कांग्रेस पार्टी के प्रमुख चेहरे भले ही सवर्ण हों लेकिन वोटर तो दलित वंचित और अल्पसंख्यक ही हैं। ऐसे में न सिर्फ भाजपा को बल्कि बहुजन समाज की राजनीति करने वाली मायावती को भी राहुल गांधी खतरा नजर आ रहे हैं। इसीलिए मायावती लगातार राहुल गांधी पर हमलावर हैं।

# भाजयुमो ने पूर्व सीएम का फूंका पुतला, मठाधीश के बयान से खफा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा युवा मोर्चा ने प्रांतीय आवाहन पर जिलाध्यक्ष विकाश मिश्रा की अगुवाई में धनुष चैराहा में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का पुतला फूंका।

शनिवार को पुतला दहन में भाजयुमो जिलाध्यक्ष विकास मिश्रा ने कहा कि सनातनी हिन्दुओं के खिलाफ सपा साजिश कर रही है। जवाब में मोर्चा के लोगों ने पुतला दहन कर विरोध जताया है। देश में मठों व मंदिरों से हिन्दू संस्कृति अक्षुण्ण व सुरक्षित हैं। माफियाओं से तुलना करना अपराध की श्रेणी में आता है। अक्षम्य अपराध को देश का नौजवान बर्दाश्त नहीं करेगा। मुंह तोड जवाब देने को लडाई लडी जायेगी। हिन्दू संस्कृति का अपमान बर्दाश्त नही होगा। पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने कहा कि मठों से देश की संस्कृति सुरक्षित हैं। माफियाओ ने देश को असुरक्षित कर रखा है। इस फर्क को समझ कर सपाइयो को बयान देना चाहिए। पुतला दहन में जिला महामंत्री राजेश जयसवाल, उपाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य, जिला मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी, जिला मंत्री मनोज तिवारी ने सपा मुखिया के बयान की निन्दा की। इस मौके पर जिला महामंत्री युवा मोर्चा मोहित मिश्रा, प्रेमेन्द्र प्रताप, आभेष मिश्रा, पवन बद्री, संजय पांडे, उज्जवल गुप्ता, शिवाकान्त पांडे, घनश्याम पटेल, आदित्य, सुखेन्द्र सिंह, रजनीश पांडे, अभिषेक ओझा, किशन अग्रहरी, भानू पांडे, प्रकाश सिंह, अंकित पांडे, नीरज त्रिपाठी, राहुल द्विवेदी, आशुतोष गुप्ता, रामकिशोर प्रजापति, रवि करवरिया, लवकुश यादव, सुभाष यादव, राकेश द्विवेदी, आकाश कश्यप, प्रकाश मिश्रा आदि मौजूद रहे।


अपनी मांगो को लेकर पुतला जलाते भाजयुमो।

# 2027 में भाजपा को उखाड फेकेंगे युवाः निजाम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड की मासिक बैठक सपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष निजाम सिद्दीकी की अध्यक्षता व मुख्य अतिथि सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव की मौजूदगी में हुई।

शनिवार को बैठक में सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने कहा कि जब-जब युवाओं ने हुंकार भरी है, देश-प्रदेश में सत्ता बदली है। आज प्रदेश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है। सरकार जानबूझकर भर्ती नहीं कर रही। महंगाई, अपराध चरम पर हैं। अध्यक्षता कर रहे निजाम सिद्दीकी ने कहा कि सूबे में युवाओं की सुध लेने वाला कोई नहीं है। बेरोजगारी का आलम ये है कि युवक पलायन को मजबूर हैं। 2027 में प्रदेश से युवा भाजपा सरकार को उखाड फेकेंगे। सपा की नीतियां व पीडीए सत्ता परिवर्तन को बेताब है। बैठक में अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मान सिंह पटेल, महेन्द्र सिंह यादव, अमर पटेल, जलाल खान, नवाज शरीफ, नौशाद, शिवपूजन, मो जिसान, रामचन्द्र वर्मा, प्रदीप पटेल, अमन गुप्ता, शोभित विश्वकर्मा, राजकुमार यादव, इकबाल सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।


बैठक में चर्चा करते सपाई।


कोतवाली कर्वी में समस्या सुनते डीएम-एसपी।

## मौके पर जाकर निपटायें समस्यायें: डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरण्प्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने थाना समाधान दिवस कोतवाली कर्वी में आये फरियादियों की समस्यायें सुनकर निस्तारण के निर्देश दिये। शनिवार को डीएम-एसपी ने भूमि विवाद बाबत मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर जांच के निर्देश दिये। समाधान दिवस में सीओ प्रशिक्षु फहद अली, कर्वी कोतवाल उपेंद्र प्रताप सिंह, राजस्व व पुलिस के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

# समाधान दिवस को बना रखा है मजाकः एडीएम

### गैरहाजिर लेखपाल पर भड़के

**अखंड भारत संदेश**

**राजापुर/चित्रकूट।** राजापुर थाने में समाधान दिवस में एडीएम एफआर उमेश चन्द्र निगम व सीओ निष्ठा उपाध्याय व तहसीलदार राम सुधार राम की मौजूदगी में पांच मामले के सापेक्ष दो का निस्तारण हुआ। तीन मामलों की जांच को राजस्व व थाने की टीम गठित की है।

शनिवार को राजापुर थाना समाधान दिवस में एडीएम उमेश चन्द्र निगम ने शिकायतकर्ता के पत्र पर तहसीलदार राजापुर रामसुधार राम से लेखपाल को तलब किया। लेखपाल के मौजूद न होने से तहसीलदार पर भड़के। फटकार लगाते हुए कहा कि तहसील दिवस व थाना दिवस को मजाक बनाकर रखा है। तुरंत लेखपालों की हाजिरी रजिस्टर व शिकायती पत्र रजिस्टर तलब किया। गैरहाजिर लेखपालों पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी। तहसीलदार राजापुर से कहा कि प्रत्येक थाना दिवस में क्षेत्रवार लेखपालों की सूची दें। थाना समाधान दिवस रजिस्टर से शिकायती पत्रों का निस्तारण गुण-दोष पर 72 घंटे के भीतर निस्तारित करने के निर्देश दिये। लापरवाही पर दंडात्मक कार्यवाई की चेतावनी दी। एडीएम ने शिकायती पत्रों में दोनो पक्षों को सुनकर निस्तारण के निर्देश दिये। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह, राजस्व निरीक्षक राजेंद्र सिंह, सदर लेखपाल प्रदीप तिवारी, शारदा संगम, कपिलमुनी पाण्डेय, प्रियंका आदि मौजूद रहे।


समाधान दिवस पर समस्या सुनते एडीएम।

# भाजपा ने मनाया सदस्यता पर्व

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा सदस्यता महा अभियान पर्व पर भाजपा कार्यालय में सहकारिता प्रकोष्ठ की बैठक मुख्य अतिथि/क्षेत्रीय संयोजक आशुतोष तिवारी व सहसंयोजक उदित नारायण की मौजूदगी व भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी की अध्यक्षता में हुई।

शनिवार को डीसीबी अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने सभी सदस्यों से सक्रिय होने को कहा। संचालन कर रहे सहकारिता के जिला संयोजक योगेश जैन ने कहा कि जो लक्ष्य निर्धारित हैं, उसे पूरा करना है। बैठक में सहकारी समिति अध्यक्ष/सहकारिता से जुड़े सहसंयोजक चंद्र मोहन द्विवेदी, प्रकाश पांडे, सारंगधर, सुशील द्विवेदी गनीवा आदि मौजूद रहे। बैठक में किसानों से जुड़े खाद, यूरिया, डीएपी की समस्या के मुद्दे उठे। प्रदेश स्तर तक मुख्य अतिथि ने भेजने की बात कही। सदस्य बनाने बाबत सभी बारीकियों की जानकारी दी। जिलाध्यक्ष ने सदस्यता पर्व मनाने को कहा।

# एडीएम ने बाढ प्रभावित का लिया जायजा, सावधानी बरतने के निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** यमुना नदी में बढ़ रहे जल स्तर से सरधुवा से अर्की, अतरौली, बिहरवा, भदेहदू आदि गांवों को जोड़ने के सम्पर्क मार्ग बाढ़ से प्रभावित होने से आवागमन बाधित होने का जिला प्रशासन ने संज्ञान लिया। एडीएम एफआर उमेश चंद्र निगम ने मौके का निरीक्षण किया। तहसीलदार राजापुर को निर्देश दिये कि तत्काल नाव की व्यवस्था करें। प्रधान व लेखपाल को निर्देश दिये कि रोड किनारे बैरिकेडिंग व संकेतक बनायें, ताकि कोई रोड से बाहर न जा सके।

शनिवार को एडीएम उमेशचन्द्र निगम ने प्रधान व लेखपाल को निर्देश दिये कि दोनों ओर खम्भों पर लाइट लगायें। तहसीलदार व सिंचाई विभाग को निर्देश दिये निरीक्षण करते रहें। इस मौके पर सीओ राजापुर निष्ठा उपाध्याय, तहसीलदार राजापुर राम सुधार, सरधुवा थाना प्रभारी आशुतोष तिवारी, प्रधान व लेखपाल मौजूद रहे।


बाढ का जायजा लेते एडीएम।

# बीएसए ने स्कूलों का निरीक्षण कर शिक्षा गुणवत्ता में सुधार के दिये निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा ने कर्वी ब्लाक के विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया। प्राथमिक विद्यालय तमरार के निरीक्षण में प्रधानाध्यापक योगेन्द्र बाबू मिश्र व कु रानी सहायक अध्यापिका तथा सहायक अध्यापक दीपक गुप्ता मौजूद मिले। विद्यालय में नामाकिंत बच्चे 47 के सापेक्ष 33 बच्चे हाजिर मिले। 75 फीसदी बच्चों को डीबीटी से धनराशि मिल गयी है। विद्यालय में एमडीएम से सब्जी-चावल बनते मिला।

शनिवार को बीएसए ने शैक्षिक गुणवत्ता व पठन- पाठन पर जोर दिया। पठन-पाठन, शैक्षिक गुणवत्ता संतोषजनक मिली। निर्देश दिये कि शिक्षा गुणवत्ता में सुधार कर बच्चों को निपुण लक्ष्य प्राप्त करायें। विद्यालय परिसर में किचन, गार्डन व वृक्षारोपण करायें। प्राथमिक विद्यालय फाटापुरवा के निरीक्षण में इंचार्ज प्रधाध्यापिका श्रीमती श्रुति गुप्ता व सहायक अध्यापिका श्वेता मिश्रा मिलीं। 47 बच्चों के सापेक्ष 39 बच्चे हाजिर मिले। 80 फीसदी बच्चों को डीबीटी से धनराशि मिली है। कक्षाध्यापकों को निर्देश दिये कि एक माह में शिक्षा गुणवत्ता में सुधार करें। प्राथमिक विद्यालय रसिन के निरीक्षण में प्रधानाध्यापक राम सिंह हाजिर मिले। प्रिया देवी व श्रीमती अरूणा देवी शिक्षामित्र, संतोष कुमार हाजिर मिले। नामांकित 52 बच्चों के सापेक्ष 22 बच्चे हाजिर मिले। आंकलन में बच्चों के पठन-पाठन, शैक्षिक गुणवत्ता का स्तर कम मिला। विद्यालय स्टाफ को निर्देश दिये कि एक माह में शिक्षा गुणवत्ता में सुधार लायें। खंड शिक्षा अधिकारी चित्रकूट को निर्देश दिये कि 15 दिन में विद्यालय का निरीक्षण करते रहें। शिक्षा गुणवत्ता में सुधार को आख्या दें। इसी क्रम में उन्होंने अन्य विद्यालयों का निरीक्षण कर शिक्षा गुणवत्ता में सुधार के निर्देश दिये।


बच्चों के साथ मिड-डे-मील खाते बीएसए।

# मिट्टी टीला ढहने से नानी की मौत, नातिन घायल

**अखंड भारत संदेश**

**राजापुर/चित्रकूट।** कस्बे के हनुमानगंज मोहल्ले में भैरम बाबा स्थित नानी व नातिन घर के पोताई-लिपाई को मिट्टी लेने गई थी। अचानक मिट्टी टीला ढहने से नानी की मौके पर मौत हो गई। नातिन घायल हो गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर बालिका का इलाज जारी है।

ये हादसा शनिवार को सवेरे साढे नौ बजे नगर पंचायत वार्ड एक हनुमानगंज मोहल्ले में हुआ। बताया गया कि महिला रामबाई सोनकर (58) पत्नी स्व जगदीश सोनकर व नातिन खुशी (15) पुत्री राममिलन सरधुवा भैरम बाबा के पास पोतनी मिट्टी लेने गई थी। अचानक भारी भरकम मिट्टी टीला धंस गया।

दोनो मिट्टी के नीचे दब गई। आसपास मौजूद लोगों ने दबी नानी व नातिन को बाहर निकाला। रामबाई की मौत हो चुकी थी। खुशी घायल हो गई। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ दिनेश सिंह ने रामबाई को मृत घोषित किया। खुशी का इलाज जारी है। मृतका की पुत्री पूनम ने बताया कि खुशी नानी के साथ रहती है। पिता जगदीश सोनकर की दो वर्ष पहले सर्पदंश से मौत हो चुकी है। पांच बहने हैं। सभी की शादी हो चुकी है। एक भाई अवधेश है, जो परदेश में मजदूरी करता है। राजापुर थानाध्यक्ष मनोज सिंह ने बताया कि घटना की पड़ताल जारी है। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। राजस्व विभाग को आख्या भेजी है।

## 17 को भीम आर्मी करेगी प्रदर्शन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिला संयोजक संजय गौतम ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि क्षेत्र भ्रमण में समस्यायें मिली हैं। दुष्कर्म अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हुई। पूर्व में पुलिस अधीक्षक व एसडीएम राजापुर को पत्र देकर पीडिता की सुरक्षा की मांग की थी।

शनिवार को भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिला संयोजक संजय गौतम ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि क्षेत्र भ्रमण में मिली समस्याओं को लेकर 17 सितम्बर को जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव करना है। पुलिस आरोपियों पर कोई कार्यवाही नहीं कर रही। इलाका पुलिस लीपापोती कर रही है। धरना-प्रदर्शन बाद राज्यपाल सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा जायेगा। धरना-प्रदर्शन दौरान कोई अराजकतत्व व्यवधान पैदा न करे। इस बाबत पत्र सौंपा जा रहा है।

## छापेमारी कर महुआ शराब बरामद

**चित्रकूट।** सूबे के आबकारी आयुक्त के निर्देश पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अगुवाई में जारी अभियान में आबकारी टीम ने भैरोंपागा कोतवाली कर्वी में दबिश देकर मंदाकिनी नदी किनारे 20 लीटर महुआ शराब व दो सौ किग्रा लहन बरामद किया। इसी गांव के एक अन्य आरोपी के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब बरामद की। बरामदगी पर कार्यवाही की।


शान्ति समिति की बैठक में मौजूद अधिकारी।

# शान्ति से मनायें पर्वः सीओ राजापुर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर बारावफात पर्व व गणेश प्रतिमा विसर्जन को सम्पन्न कराने को सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की अध्यक्षता में रैपुरा थाने में प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्यामप्रताप पटेल की मौजूदगी में शान्ति समिति की बैठक हुई।

शनिवार को बैठक में थाना क्षेत्र के सम्भ्रांत लोगों के साथ हिन्दू-मुस्लिम समुदाय के लोग मौजूद रहे। गोष्ठी में बारावफात पर्व व गणेश प्रतिमा विसर्जन को सम्पन्न कराने को निर्देश दिये। त्यौहारों पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिये। कोई घटना होने पर थाने में सूचना दें। सभी से शांतिपूर्ण ढंग से भाईचारे से आपसी सौहार्द से पर्व मनाने की अपील की।

# एएसपी ने फरियादियों की सुनी समस्यायें

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने थाना समाधान दिवस मऊ व बरगढ़ में फरियादियों की शिकायतें सुनकर निस्तारण के निर्देश दिये। भूमि विवाद बाबत मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर जांचकर निस्तारण के निर्देश दिये। समाधान दिवस में तहसीलदार मऊ विजय कुमार, नायब तहसीलदार मऊ जितेन्द्र कुमार, प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ राकेश मौर्य, अपराध निरीक्षक मऊ अभयराज सिंह आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय हिन्दी दिवस मनाया

**चित्रकूट।** राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर में हिन्दी दिवस पर संस्था में आवासित किशोरों के बीच राष्ट्रीय हिन्दी दिवस पर निबन्ध व सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता हुई। शनिवार को प्रतियोगिता में 36 किशोरों ने हिस्सा लिया। किशोरों को फल बांटे गये। इस मौके पर संस्था प्रभारी वीर सिंह, सहायक अध्यापक राजीव कुमार सिंह, मानवेन्द्र प्रताप मिश्र, अभिषेक त्रिपाठी, अनिमेष मिश्रा, विनय कुमार, दीपक शर्मा आदि मौजूद रहे।

# शिक्षक की सड़क हादसे में मौत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कॉलेज से लौट रहे शिक्षक की सड़क हादसे में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम को मर्चरी भेजा।

ये हादसा शनिवार को हुआ। श्री शंकर इंटर कॉलेज रगौली के शिक्षक संतोष कुमार स्कूल से घर लौट रहे थे। तेज रफ्तार वाहन ने ठोकर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों की मदद से शिक्षक को अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शिक्षक संतोष कुमार की मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया। गांव में शोक की लहर है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम को मर्चरी भेजा। कर्वी कोतवाल उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि संतोष कुमार की हादसे में मौत की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई की है। परिवार को फोन से सूचना दी।

## न्यायालय परिसर की जांची सुरक्षा

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की देखरेख में दरोगा एलआईयू शिवसागर तिवारी की अगुवाई में राष्ट्रीय लोक अदालत पर एस चेक टीम बांदा, डॉग स्क्वॉयड, न्यायालय परिसर में लगे कर्मचारियों व एलआईयू की संयुक्त टीम ने सुरक्षा के लिहाज से न्यायालय परिसर के विभिन्न स्थानों की जांच की।

# मोटरबाइक समेत वांछित दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियोन में प्रभारी निरीक्षक मऊ विनोद कुमार राय की अगुवाई में चौकी प्रभारी खण्डेहा विनय विक्रम की टीम ने चोरी, माल बरामद के वांछित आशुतोष उर्फ विक्कू पुत्र मुन्ना मिश्रा अतरैला रीवा मप्र को गिरफ्तार किया। टीम में चौकी प्रभारी खंडेहा विनय विक्रम, सिपाही मनीष यादव शामिल रहे।

# विदेश संदेश

## बांग्लादेश में हिंदुओं को न्याय दिलाने में फेल हुए यूनुस

### हिंदू संगठनों ने 8 मांगों के साथ किया प्रदर्शन- कहा अपनी जमीन नहीं छोड़ेंगे




**ढाकाः बांग्लादेश** की मोहम्मद यूनुस सरकार कट्टरपंथियों पर एक्शन लेने के चाहे जितने दावे करे, लेकिन इसमें यह पूरी तरह फेल हुई है। यही कारण है कि बांग्लादेश में हिंदुओं को अपनी सुरक्षा के लिए सड़कों पर उतरना पड़ रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार 5 अगस्त को गिर गई थी। इसके बाद हिंदुओं के खिलाफ हिंसा हुई। शुक्रवार को राजधानी ढाका और बांग्लादेश की वाणिज्यिक राजधानी चटगांव में हजारों हिंदू सड़कों पर उतरे। बारिश के बावजूद प्रदर्शनकारियों ने आठ सूत्री मांगों वाले पोस्टर हाथ में ले रखे थे। इसमें हमलावरों को फास्ट ट्रैक ट्रिब्यूनल के जरिए सजा देने की मांग की गई है। प्रदर्शन में बच्चे और महिलाएं भी अपने अधिकारों के लिए शामिल हुए।

प्रदर्शन से ठीक दो दिन पहले मोहम्मद यूनुस ने सरकारी टेलीविजन पर कहा था कि किसी को भी धार्मिक सद्भाव को ठेस पहुंचाने की इजाजत नहीं मिलनी चाहिए। चटगांव में हिंदुओं ने अल्पसंख्यक मामलों से निपटने के लिए एक अलग मंत्रालय की मांग की। अल्पसंख्यकों के लिए सीटें आरक्षित करने की मांग और छात्रों के विरोध प्रदर्शन के लीड करने वालों को उनके साथ बैठने को कहा। उन्हें कार्रवाई के लिए 15 दिनों का समय दिया गया है। प्रदर्शनकारियों ने मुआवजा और पुनर्वास की मांग करते हुए कहा कि जब तक उनकी डिमांड पूरी नहीं हो जाती तब तक वे वापसी नहीं करेंगे।

बंगाल की जमीन नहीं छोड़ेंगे

बांग्लादेश में हिंदू जब भी अपने अधिकारों की आवाज उठाते हैं तो उन्हें तरह-तरह के आरोपों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि वे किसी एजेंट के रूप में काम नहीं कर रहे हैं। चटगांव में महिलाओं समेत प्रदर्शनकारी दोपहर तीन बजे जमाल खान क्षेत्र में इकट्ठा हुए। खुद को बंगाली बताते हुए उन्होंने घोषणा की कि वह इस जमीन को नहीं छोड़ेंगे। कुछ प्रदर्शनकारियों ने मीडिया की भूमिका पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि मेन स्ट्रीम मीडिया ने उनकी आवाज नहीं सुनी।

### फ्रांस से भी मिला समर्थन

**प्रदर्शनकारियों ने ढाका में शाम 4:30 बजे के करीब इसी तरह की मांगों के साथ ऐतिहासिक शाहबाग चौराहे को घेर लिया। इससे यातायात बाधित हो गया। सुरक्षा बलों की मौजूदगी में सनातनी अधिकार आंदोलन के बैनर तले कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बांग्लादेश के कई हिंदू संगठन शामिल हुए। इस बीच पेरिस के मानवाधिकार संगठन 'जस्टिस मेकर्स बांग्लादेश इन फ्रांस' ने कहा कि अल्पसंख्यकों के खिलाफ हाल ही में हुए हमलों की लहर गहरी चिंता की बात है।**

## चीन बनाम अमेरिका की लड़ाई का शिकार बना पाकिस्तान!

**इस्लामाबादः भारत** के आखिरी छोर तक मिसाइल दागने की सनक लिए बैठे पाकिस्तान को अमेरिका ने बड़ा झटका दिया है। अमेरिका ने चीन की कंपनियों के खिलाफ कड़े प्रतिबंध लगा दिए हैं जो पाकिस्तान के मिसाइल कार्यक्रम से जुड़ी हुई थीं। अमेरिका ने मिसाइल तकनीक के अप्रसार के अभियान के तहत यह कदम उठाया है। अमेरिका ने एक बयान जारी करके कहा है कि वह चीनी शोध संस्थान पर प्रतिबंध लगा रहा है। इस संस्थान पर आरोप है कि वह पाकिस्तान के मिसाइल कार्यक्रम को उपकरणों की सप्लाई कर रहा है। बताया जा रहा है कि चीनी संस्थान पाकिस्तान के शाहीन-3 मिसाइल, अबाबील सिस्टम और संभावित लंबी दूरी तक मार करने वाली मिसाइल के लिए रॉकेट मोटर टेस्टिंग के उपकरण मुहैया करा रहा था। पाकिस्तान का दावा है कि शाहीन मिसाइल की रेंज 2750 किमी है और यह भारत के किसी भी शहर को परमाणु बम या परंपरागत विस्फोटक से निशाना बना सकती है।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि पाकिस्तान के राष्ट्रीय विकास परिसर और बीजिंग के आटोमेशन फॉर मशीन बिल्डिंग शोध संस्थान के बीच यह सहयोग चल रहा था। शाहीन-3 एक दो स्टेज वाली मिडियम रेंज की बलिस्टिक मिसाइल है जो ठोस ईंधन से चलती है। यह पाकिस्तान के हथियारों के जखीरे में सबसे लंबी दूरी तक मार करने वाली मिसाइल है। वहीं दूसरी ओर अबाबील मिसाइल 2200 किमी तक मार कर सकती है और इसमें तीन चरण हैं। अमेरिका ने मिसाइल तकनीक सीमा के तहत चीन और पाकिस्तान की कई कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया है। अमेरिका ने कहा कि यह कदम दिखाता है कि वह हथियारों का प्रसार करने वाले किसी भी देश या कंपनी को निशाना बनाएगा।

## काबुल में जल आपूर्ति नेटवर्क का उद्घाटन, 1,290 परिवारों को उपलब्ध होगा पीने का पानी



**काबुल। अफगानिस्तान के ग्रामीण पुनर्वास** एवं विकास मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि काबुल में जल आपूर्ति नेटवर्क और वाटर फिल्ट्रेशन प्लांट का उद्घाटन कि?या गया है। इसके शुरू होने से काबुल के सरोबी जिले में 1,290 परिवारों को पीने का पानी उपलब्ध होगा।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, मंत्रालय के बयान में कहा गया कि संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष द्वारा वित्तीय सहायता प्राप्त और मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित इन परियोजनाओं की लागत 518,000 डॉलर से अधिक है।

इसके अलावा मंत्रालय ने बताया कि पूर्वी पक्तिया प्रांत में 10 जलापूर्ति परियोजनाओं ने काम करना शुरू कर दिया है। इससे ग्रामीण जिलों के 2,000 परिवारों को लाभ होगा।

ग्रामीण पुनर्वास एवं विकास के कार्यवाहक मंत्री मुल्ला मोहम्मद यूनुस अखुंदजादा ने कहा कि भविष्य में किसी को भी पीने का पानी लाने के लिए घर से दूर नहीं जाना पड़ेगा, क्योंकि उन्हें अपने घरों में लगे नलों के माध्यम से स्वच्छ पानी उपलब्ध होगा।

बता दें अफगानिस्तान कई वर्षों से सूखे से जूझ रहा है और अधिकांश प्रांतों में पीने के पानी की भारी कमी है। इस संकट को देखते हुए ये पहल की गई।

## लाल गढ़ बस्तर के माओवादियों के तरीके आजमा रहे गाजा में हमास के लड़ाके, इजरायल भारत से सीखे

**नई दिल्लीः भारत** में रेड कॉरिडोर के क्षेत्रों में रहने वाले बाशिंदों को गुमराह करने, उनके यहां छिपने, सुरक्षा बलों का विरोध करने और उन पर हमले करने की माओवादियों की रणनीति बहुत पुरानी है। यह प्रभावी भी रही है। इस बीच इजरायल के साथ संघर्ष में हमास के लड़ाके गाजा में जिस तरह युद्ध में सफलता अर्जित कर रहे हैं, वह माओवादियों के मानव ढाल के तौर तरीकों से ही प्रेरित दिखाई पड़ती है। 6 अप्रैल 2010 को छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के ताड़मेटला गांव में एक बड़ा माओवादी हमला हुआ था। इसमें सीआरपीएफ के 76 जवान शहीद हो गए थे। ताड़मेटला में नक्सलियों ने जवानों के 80 हथियार भी लूट लिए थे। इस घटना के कुछ दिन बाद उसी इलाके के जंगलों में माओवादियों ने मीडिया को बुलाकर लूटे हथियारों की प्रदर्शनी लगाई थी। नक्सलियों ने यह वारदात कैसे अंजाम दी,यह अभी भी एक रहस्य है लेकिन इस बात के साफ संकेत मिले कि ताड़मेटला गांव के लोगों का नक्सलियों ने सूचना से लेकर हमले तक मानव ढाल की तरह उपयोग किया था।



इजरायल की ताकतवर सेना गाजा में लगभग 1 वर्ष से युद्ध लड़ रही है। गाजा इजरायल और भूमध्य सागर के बीच स्थित भूमि की एक संकरी पट्टी है। मात्र 41 किमी लंबा और 10 किमी चौड़े क्षेत्र में फैला गाजा 20 लाख से अधिक निवासियों वाला है और पृथ्वी पर सबसे घनी आबादी वाले स्थानों में से एक है। आधुनिक उपकरणों से लैस इजरायली सेना इस छोटे से क्षेत्र में अभी तक हमास को खत्म करने में कामयाब नहीं हो सकी है। अब अल-जौनी स्कूल और घरों पर इजरायल ने हमला किया है जिसमें कई लोग मारे गये हैं।

इजरायली डिफेंस फोर्स का कहना है कि वह स्कूल के अंदर से हमले की योजना बना रहे हमास के आतंकवादियों को निशाना बना रही थी। उन्हें सूचना मिली थी कि वे यहां छिपे हुए हैं।

## शीआन में दक्षिण चीन सागर को लेकर अधिकारियों की बैठक आयोजित

**बीजिंग। चीन** और आसियान देशों ने चीन के शैनशी प्रांत के शीआन शहर में दक्षिण चीन सागर में विभिन्न पक्षों के आचरण पर घोषणा को लागू करने के लिए 22वीं वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक आयोजित की।



चीनी विदेश मंत्रालय के सीमा और समुद्री मामलों के विभाग के महानिदेशक होंग लियांग और मलेशिया के विदेश मंत्रालय के महासचिव अमरान ने बैठक की सह-अध्यक्षता की। आसियान देशों के वरिष्ठ अधिकारियों और प्रतिनिधियों ने इसमें भाग लिया।

चीन और आसियान देश एकमत से मानते हैं कि दक्षिण चीन सागर में शांति और स्थिरता बनाए रखना बहुत महत्वपूर्ण है। दोनों पक्षों ने बातचीत को मजबूत करने, संयम बनाए रखने, मतभेदों को ठीक से संभालने, आपसी विश्वास बढ़ाने और समुद्र में स्थिरता बनाए रखने का आह्वान किया।

सभी पक्ष घोषणापत्र को पूरी तरह और प्रभावी ढंग से लागू करने और समुद्री पर्यावरण संरक्षण, वैज्ञानिक अनुसंधान, खोज और बचाव और कानून प्रवर्तन के क्षेत्र में सहयोग को गहरा करने पर सहमत हुए।

सभी पक्षों ने "दक्षिण चीन सागर में आचार संहिता" के विचार-विमर्श के बाद से प्राप्त सकारात्मक प्रगति और अच्छी प्रवृत्ति की पुष्टि की।

वे लचीले और नवोन्मेषी तरीके से परामर्श में तेजी लाने, "आचार संहिता" पर शीघ्र पहुंचने का प्रयास करने और दक्षिण चीन सागर को शांति, मित्रता और सहयोग का समुद्र बनाने पर सहमत हुए।

## आसमान में होंगे दो चंद्रमा! सितंबर



**वॉशिंगटनः सौर** मंडल में कई ग्रह हैं, जिनके एक से ज्यादा चंद्रमा होते हैं। शनि के तो 146 ज्ञात चंद्रमा हैं। लेकिन पृथ्वी के पास एक ही चंद्रमा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि जल्द ही एक अस्थायी मिनी मून हमें मिल सकता है। यानी तब पृथ्वी के पास कुछ समय के लिए दो चंद्रमा होंगे। यह एक दुर्लभ खगोलीय घटना होगी, जो पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण की ताकत दिखाएगा। लेकिन यह चंद्रमा ऐसा नहीं होगा, जैसा हम आसमान में देखते हैं। बल्कि यह एक एस्टेरॉयड के रूप में बहुत छोटा होगा। मिनी-चंद्रमा बनाने वाले एस्टेरॉयड का नाम

इस एस्टेरॉयड को 7 अगस्त 2024 को खोजा गया है। इसका व्यास लगभग 10 मीटर है। 29 सितंबर से 25 नवंबर कर के लिए इसे पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण पकड़ लेगा। इस दो महीने की अवधि के दौरान एस्टेरॉयड पृथ्वी का चक्कर लगाएगा। लेकिन यह पृथ्वी की एक परिक्रमा नहीं कर पाएगा। 25 नवंबर 2024 के बाद यह पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण से बाहर निकल जाएगा और एक बार फिर सूर्य की परिक्रमा करने लगेगा। अमेरिकन एस्ट्रोनॉमिकल सोसायटी की ओर से इससे जुड़ा पेपर प्रकाशित हुआ है, जिसमें शोधकताओं ने निष्कर्षों का विवरण दिया।

पेपर में लिखा है, 'नियर अर्थ ऑब्जेक्ट यानी पृथ्वी के निकट की वस्तुएं घोड़े के नाल जैसे पथ का अनुसरण करती हैं।

## इंडोनेशिया में तुर्की के नागरिक को गोली मारने का मामला

**जकार्ता। इंडोनेशिया** की एक अदालत ने बाली प्रांत के डेनपसार में एक तुर्की नागरिक को लूटने और गोली मारने के आरोप में मेक्सिको के चार नागरिकों को तीन साल और दस महीने की जेल की सजा सुनाई है।



समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी विजिटर वीजा धारक हैं।

डेनपसार जिला न्यायालय के जज पुतु सुयोगा ने फैसला पढ़ते हुए कहा, "आरोपी हिंसा के साथ चोरी करने और आपराधिक संहिता का उल्लंघन करने के दोषी हैं। अदालत प्रत्येक आरोपी को तीन साल और दस महीने की कैद की सजा सुना रही है।"

फैसले के अनुसार, आरोपियों ने जनवरी 2024 में बाली के बाडुंग में एक विला में लूटपाट और गोलीबारी की थी।

उन्होंने पीड़ित की हिसलॉन ब्लू डायल घड़ी और करीब 6,000 डॉलर से भरा एक काला बैग चुराया और फिर उसके पेट में गोली मार दी।

## ग्रीनलैंड में भूस्खलन से उठी 650 फीट ऊंची सुनामी, 9 दिन तक पृथ्वी पर लगे झटके

**वॉशिंगटनः पृथ्वी** पर पिछले साल एक आश्चर्यजनक भूकंपीय घटना देखने को मिली थी। 9 दिनों तक इससे पृथ्वी हिली थी। अब एक शोधकर्ता ने बताया कि इसके पीछे ग्रीनलैंड फजॉर्ड में बर्फ पिघलने के कारण पैदा हुई सुनामी थी। साइंटिफिक जर्नल साइंस में हाल ही में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक सितंबर 2023 में दर्ज किए गए झटके ग्रीनलैंड के सुदूर पूर्व में डिक्सन फजॉर्ड में आगे और पीछे हिलती हुई विशाल लहरों से पैदा हुए थे। रिपोर्ट के लेखकों में से एक डेनमार्क और ग्रीनलैंड के भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के क्रिस्टियन स्वेनविग ने बताया, 'इस घटना के बारे में पूरी तरह से अनोखी बात यह है कि भूकंपीय संकेत कितनी देर रहे और उनकी फ्रीक्वेंसी कितनी स्थिर रही।'



उन्होंने कहा, 'अन्य भूस्खलन और सुनामी से भी भूकंपीय संकेत निकलते हैं। लेकिन केवल कुछ घंटों के लिए और बहुत ही स्थानीय स्तर पर। लेकिन इसे वैश्विक स्तर पर पूरे अंटार्कटिक तक देखा गया।'

इस घटना ने शुरू में वैज्ञानिकों को हैरान कर दिया। इसे अज्ञात भूकंपीय वस्तु कहा गया, जिसका स्रोत भूस्खलन माना जा रहा था। सितंबर 2023 में 882 मिलियन क्यूबिक फीट चट्टान और बर्फ टूटकर फ्योर्ड में गिर गई।

समुद्र में उठी 650 फीट की सुनामी इतनी विशाल चट्टान के अचानक गिरने से भूस्खलन के कारण इसके केंद्र में 650 फीट ऊंची सुनामी पैदा हो गई। यहां से लगभग 65 किमी दूर 10-12 फीट की ऊंचाई वाली सुनामी की लहरों ने एला द्वीप पर एक रिसर्च बेस को तबाह कर दिया।

## बोइंग स्टारलाइनर से धरती पर कर सकते थे वापसी...

**वॉशिंगटनः इंटरनेशनल** स्पेस स्टेशन में फंसी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने धरती पर बात की। उनका मानना है कि उन्हें बोइंग स्टारलाइनर के जरिए वापस पृथ्वी पर ले जाया जा सकता था अगर अंतरिक्ष यान की समस्याओं पर काम करने के लिए ज्यादा समय मौजूद होता। पिछले सप्ताह बैरी विल्मोर और सुनीता विलियम्स ने बोइंग स्टारलाइनर को स्पेस स्टेशन से धरती की ओर जाते हुए देखा था। लगभग तीन महीने पहले वह इसी अंतरिक्ष यान के जरिए स्पेस स्टेशन पर पहुंचे थे।

## डिफॉल्ट के कगार पर खड़ा मुइज्जू का मालदीव, क्या संकटमोचक बन बचाएगा भारत, मुइज्जू के मंत्री जप रहे नाम

**मालेः बाहरी** कर्ज के दबाव और आर्थिक संकट के चलते डिफॉल्ट के कगार पर खड़े मालदीव की सरकार ने कहा है कि वह वित्तीय संकट को टालने के लिए पूरी तरह से तैयार है। श्रीलंका दौरे पर पहुंचे मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर और वित्त मंत्री मोहम्मद शफीक ने कोलंबो में पत्रकारों से बात करते हुए संभावित डिफॉल्ट से इनकार किया। यह आश्वासन तब आया है जब कुछ दिन पहले ही ग्लोबल रेटिंग एजेंसी मूडीज ने मालदीव की क्रेडिट रेटिंग को डाउनग्रेड करने के साथ ही संभावित डिफॉल्ट की चेतावनी दी है। इस बीच रिपोर्ट है कि मालदीव को संकट से निकालने के लिए उसका पुराना दोस्त भारत वित्तीय सहाया देने की तैयारी कर रहा है।

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, मालदीव को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) मुद्रा स्वैप कार्यक्रम के तहत 40 करोड़ डॉलर मिल सकते हैं, जबकि 2019 में विस्तारित 80 करोड़ डॉलर की कर्ज सीमा के तहत द्वीपीय देश अतिरिक्त कर्ज की मांग कर सकता है। मालदीव सरकार ने अभी तक औपचारिक रूप में भारत से मदद का अनुरोध नहीं किया है, लेकिन ऐसी उम्मीद है कि राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की हाल ही में होने वाली भारत यात्रा के दौरान इस पर चर्चा हो सकती है।

चीन के कर्ज जाल में फंस गया मालदीव, क्टऋने दी राष्ट्रपति मुइज्जु को चेतावनी



मालदीव का आर्थिक संकट राष्ट्रपति मुइज्जू ने पिछले साल नवम्बर 2023 में एक बड़ी चुनावी जीत के बाद मालदीव की कमान संभाली थी। सरकार संभालने के साल भर के भीतर ही मुइज्जू को एक कठिन चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। देश के इस्लामी बांड सुकुक पर संभावित डिफॉल्ट का खतरा मंडरा रहा है। ब्लूमबर्ग ने बताया कि मालदीव को अक्टूबर में 2.5 करोड़ डॉलर का भुगतान करना है, जो उसके 50 करोड़ के सुकुक (इस्लामी बांड) का हिस्सा है। मालदीव के सामने आर्थिक चुनौतियों बदतर होती जा रही हैं। ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन के अनुसार, मार्च 2024 तक देश का कर्ज उसके सकल घरेलू उत्पाद का 110 प्रतिशत हो गया है, जबकि विदेशी मुद्रा भंडार घट रहा है। अगस्त के अंत में, मालदीव के पास 43.7 करोड़ डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार था, जो केवल छह सप्ताह के आयात के लिए पर्याप्त था। मालदीव को भारत से उम्मीद मालदीव मौद्रिक प्राधिकरण ने पुष्टि की है कि वह भारत के साथ 40 करोड़ डॉलर के मुद्रा स्वैप के लिए चर्चा कर रहा है, लेकिन भारत ने इस बारे में कोई टिप्पणी नहीं की है। मालदीव के मंत्रियों ने भी विश्वास जताया है कि देश के द्विपक्षीय साझेदार आगे आएंगे। चीन मालदीव का सबसे बड़ा कर्जदाता है और भारत एक अन्य प्रमुख सहयोगी है। जमीर ने कहा, 'भारत और चीन दोनों ही हमारी चुनौती को लेकर संवेदनशील हैं और मदद करने के लिए तैयार हैं।' उन्होंने संभावित मुद्रा स्वैप और लोकल करेंसी सेटलमेंट समेत कई विकल्पों की ओर इशारा किया और कहा हम इन पर तब चर्चा करेंगे जब जरूरत होगी।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।